प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

आवाज आज की, नज़र कल पर

पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

10

वर्ष - 17 | अंक 263 | दैनिक | रांची | बुधवार 8 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

सुविचार

"जितना हो सके अपने मन
को मारे क्योंकि यही एकमात्र ऐसी चीज हैं,
जो हमें आगे बढ़ने नहीं देता!!

श्रीमद् भगवद् गीता

93 सीटों पर ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

बंगाल-असम में हुई बंपर वोटिंग, बिहार-महाराष्ट्र पिछड़े

नई दिल्ली (एजेंसी)। 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 64.08 फीसदी लोगों ने वोट डाले।

असम में सबसे ज्यादा 75 फीसदी, सबसे कम महाराष्ट्र में 53 फीसदी लोगों ने मतदान किया। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडीडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला।

पहले और दूसरे राउंड की वोटिंग पर टीएमसी को अब भी है शक

- देर से आंकड़ा जारी करने पर अब सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त से पूछा सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में पहले और दूसरे चरण की वोटिंग का आंकड़ा चुनाव आयोग ने कई दिनों के बाद अपडेट किया था। इसे लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सवाल उठाए थे। अब टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से मांग की है कि हर लोकसभा क्षेत्र का वोटिंग प्रतिशत शेयर किया जाए। ममता की पार्टी ने कहा कि चुनाव आयुक्त यह बताएं कि पहले और दूसरे राउंड की वोटिंग में किस सीट पर कितना मतदान हुआ। असल में कितने मतदाता हैं और कितने लोगों ने वोट डाला। इसके अलावा वोटिंग प्रतिशत पर फाइनल आंकड़ा जारी करने में देरी क्यों हुई। इसे लेकर भी सवाल उठाया गया है। चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में टीएमसी ने कहा कि दो राउंड की वोटिंग में कितना मतदान प्रतिशत रहा। यह आंकड़ा चुनाव आयोग ने 30 अप्रैल को जारी किया था। ऐसा क्यों किया गया। इसके अलावा अब तक यह जानकारी भी नहीं मिल सकी है कि कितने योग्य मतदाता थे और कितने लोगों ने वास्तव में वोट डाला। यही नहीं टीएमसी ने कहा कि पहले जिस तरह से डाटा शेयर किया जाता था, उसके मुकाबले यह अलग है। बता दें कि पोलिंग डेटा देने में देरी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने जवाब दिया था।

पुतिन ने पांचवीं बार ली रूस के राष्ट्रपति पद की शपथ

मॉस्को (एजेंसी)। व्लादिमार पुतिन ने मगलवार को पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली है। क्रेमलिन में एक भव्य समारोह में शपथ लेकर 71 साल के पुतिन ने अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत की है। पुतिन ने ऐसे समय में रूसी राष्ट्रपति का पद पांचवीं बार संभाला है, जब उन पर देश में विपक्ष को कुचलने का आरोप लग रहा है और पश्चिम के साथ टकराव काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। रूस की सत्ता में लगातार मजूबत होते रहे पुतिन के सामने अपने इस कार्यकाल में कई तरह की चुनौतियां होंगी। खासतौर से यूक्रेन में युद्ध का संकट उनके सामने एक बड़ा चैलेंज है। पुतिन के मुख्य प्रतिद्वंद्वी एलेक्सी नवलनी की आर्कटिक जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत के बाद मार्च में हुए चुनाव को पश्चिम ने एक दिखावा करार दिया है।

राहुल गांधी बताएं और कितने कांग्रेस नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं : अमर कुमार बाउरी

जहांगीर आलम का आलमगीर आलम के संबंध का हो खुलासा

विशेष संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी के हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विधायक दल के नेता होने के नाते मैं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे? वे कहां छुपे हुए है? झारखंड और झारखंडियों के लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महा गठबंधन की सरकार में किया जा रहा है उससे पूरे झारखंड शर्मसार हो रहा है। पैसों की गड्डी का पहाड़ जिस तरह से झारखंड में मिल रहा है उससे कहा जा सकता है कि इसकी नींव कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही रख दी थी। भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की जननी यह कांग्रेस पार्टी ही है, जो लगातार देश के संसाधनों को दीमक की तरह खा कर खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री, जो इन सभी के सरगना है, उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने के लिए न सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग और टेंडर मैनेज के नाम पर पैसों की उगाही की बल्कि अपने पसंद के अधिकारियों को भी चुनाव प्रभावित करने के लिए काम में लगा दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा और रांची में आयोजित रोड शो में जिस तरह से जिला प्रशासन आमजन को सभा में सम्मिलित होने से रोका है और मीडिया वालों के हाथों से माइक छीन ली है इससे साफ लगता है कि महागठबंधन की सरकार हर कीमत पर इस चुनाव को प्रभावित करने का मन बना चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जेल के अंदर से ही हेमंत सोरेन अपने कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं। इन सब पर अंकुश लगाना जरूरी है।

नेता प्रतिपक्ष ने झारखंड में मिले पैसे के विषय में कहा कि राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि पैसे किसके हैं और जहांगीर आलम का आलमगीर आलम जी के साथ क्या संबंध है। वह यह भी बताएं कि और कितने कांग्रेस नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं। क्या यह सारे पैसे चुनाव में दुरुपयोग के काम में आने वाले थे। क्या कारण है कि खेल गांव में एक हेलीकॉप्टर रखा हुआ है। क्या हेमंत सोरेन एक महारानी को गांडेय उपचुनाव में जीत हासिल करवाने के लिए हवाई मार्ग से पैसे भेज रहे हैं। हेमंत सोरेन विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी उनके याचिका को खारिज कर दिया गया है। जो बतलाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे इस मामले में जांच सही दिशा में चल रही है। राजद के सुप्रीमो लालू यादव के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस का घोषणा पत्र मुस्लिम ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। जिसे देश की जनता कभी भी पूरी नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि किस तरह से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से दलित और आदिवासियों का आरक्षण खत्म कर दिया गया। किस तरह से इंदिरा गांधी ने एक निर्णय को बदलने के लिए पूरे देश में इमरजेंसी लगया दिया।किस तरह से राजीव गांधी ने कानून में फिर बदल कर अपने पक्ष में करने की कोशिश की।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि कांग्रेस ने 130 से ज्यादा बार देश में राष्टपति शासन लागू किया है। जब इनके नेताओं के घर के पैसे बरामद किए जाते हैं तो संविधान खतरे में आ जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि संविधान पहले से ज्यादा सुरक्षित है और संविधान प्रदत्त हर व्यक्ति को उनका हक अधिकार दिया जा रहा है। देश की जनता 4 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बने के लिए इस बार अपना एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालेगी।

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, वरिष्?ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश प्रवक?ता प्रदीप सिन्?हा, प्रदेश प्रवक?ता अनिमेष कुमार सिंह भी मौजूद थे।

दुर्घटना को आमंत्रण देता नवनिर्मित नाला

वरीय संवाददाता



रांची। हरमू हाउसिंग कॉलोनी अंतर्गत श्री शिव महिमा मंदिर के बगल में और हाउसिंग के बीसीडी क्वार्टर के पीछे पुराने नाले का जीर्णोद्धार किया गया। 6 -7 फीट गहरे नाले को नया रूप दिया गया। उसे सीमेंटेड स्लैब से भी ढाका गया परंतु स्लेबो को एक दूसरे से सटाकर नहीं रखा गया। एक स्लैब से दूसरे स्लैब के बीच कम से कम 2 फीट का फासला छोड़ा गया है जो कि हादसे का कारण बन सकता है। अगर कोई बच्चा गलती से गिर गया तो उसका बचना मुश्किल है। आए दिन छोटे-छोटे बच्चों को इन सीमेंटेड स्लैब पर दौड़ते हुए देखा गया है। प्रशासन अभिलंब उन स्लैबों को ढके वरना दुर्घटना होने पर जिंदगी की भरपाई नहीं हो सकती है।

छठे चरण का चुनावः

स्क्रूटनी में 22 की उम्मीदवारी रद्द

सातवें चरण के लिए नामांकन के पहले दिन तीन ने दाखिल किया पर्चा

जब्ती का आंकड़ा एक अरब 10 करोड़ 36 लाख

विशेष संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन की स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हो गया है। सबसे अधिक 7 उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद्द हुआ है। यहां अब कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 3 का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 6 लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी 6 लोगों का पर्चा रद्द हुआ है। यहां अब 26 उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख 9 मई है।

सांतवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है। जबकि, दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया।

चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर जाकर 1 अरब 10 करोड़ 36 लाख हो गया है।

कश्मीर में मिली बड़ी सफलता कुलगाम में 2 आतंकी हुए ढेर

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। मारा गया पहला आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार है। बासित पर 10 लाख रुपए का इनाम था। वह कश्मीर में कई लोगों की हत्या में शामिल रहा है। मारे गए दूसरे आतंकी का नाम फहीम अहमद है। वह ओवर ग्राउंड वर्कर था, जो आतंकियों की मदद करता था। हालांकि फहीम को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने उस घर में ब्लास्ट किया, जहां आतंकी छिपे थे। इससे घर में आग लग गई। मारे गए दोनों आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें रेडवानी पाईन इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सोमवार देर रात तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो मुठभेड़ में बदल गया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स जवानों पर हुए आतंकी हमले में पांच जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। आतंकियों की गोलियां वाहन के सामने और साइड वाले शीशे को पार कर गईं। सुरनकोट में 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर अटका 'सुप्रीम' फैसला

सुप्रीम कोर्ट की ओर से कोई आदेश नहीं, अब 9 मई को होगी सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर मंगलवार कोई फैसला नहीं आया। इस मामले में कोर्ट की ओर से कोई आदेश नहीं जारी किया गया और सुनवाई 9 मई या अगले हफ्ते में पूरी होगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान पीठ ने दोनों पक्षों को सुना। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से कोर्ट ने पूछा कि क्या केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद सरकारी फाइलों पर साइन करेंगे। सिंघवी ने कहा कि उनके मुवक्किल दिल्ली शराब नीति मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेंगे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईडी के वकील से पूछा कि आपने बताया कि दिल्ली शराब घोटाले से 100 करोड़ धन मिला था, लेकिन यह 2-3 साल में 1100 करोड़ रुपये कैसे बन गया। यह तो बहुत तेजी से बढ़ने वाली राशि हो गई। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने ईडी के वकील से कई सवाल पूछे। ईडी की ओर से बोलते हुए एसवी राजू ने बताया कि जब हमने जांच शुरू की थी, तब यह सीधे तौर पर केजरीवाल के खिलाफ नहीं थी।

कांग्रेसी नेताओं ने राहुल गांधी का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर किया स्वागत

वरीय संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड दौरे पर पहुंचे। इस क्रम में राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस नेता बिनय सिन्हा दीपू , रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा, राकेश किरण महतो, ऋषिकेश सिंह, विधायक अंबा प्रसाद, उज्ज्वल तिवारी, अंकित सिंह मौजूद थे।

राहुल गांधी ने सबों का अभिवादन स्वीकार किया। साथ ही झारखंड में लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम की शुभकामनाएं दी। झारखंड प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने श्री गांधी को झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से भी अवगत कराया और उन्हें आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।

सीआईएससीइ बोर्ड ने 10वीं का रिजल्ट किया जारी

छात्राओं का प्रदर्शन अव्वल

वैष्णवी राज ने 99.4 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय का नाम किया रौशन

विशेष संवाददाता

रांची। सीआईएससीइ बोर्ड ने 10 वीं का रिजल्ट किया जारी। छात्राओं का प्रदर्शन अव्वल रहा। शहर के टॉप टेन में 33 विद्यार्थियों द्वारा जगह बनाया गया। इन विद्यार्थियों में सबसे अधिक 22 छात्राएं हैं। बेशक यह परिणाम स्वागत योग्य है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का इससे बेहतर उदाहरण क्या हो सकता है। माता-पिता और शिक्षक इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई के पात्र हैं। इसी क्रम में एक टॉपर वैष्णवी राज है सौम्य और शांत स्वभाव की बालिका जिसने 99.4 प्रतिशत नंबर लाकर अपने विद्यालय का नाम तो रौशन किया ही साथ-साथ अपने मोहल्ले का नाम भी रौशन किया। एच आई 58 हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची की रहने वाली वैष्णवी राज उर्फ फलक ने अपने मेहनत, धैर्य और लगन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया। संत फ्रांसिस स्कूल हरमू से प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत हुई और उसी स्कूल की सूची में अपने को सर्वोच्च स्थान पर रखा। पढ़ाई का तरीका भी बिल्कुल अलग। घर पर टहलते हुए पढ़ाई करना उसकी खासियत है। कितना भी शोर गुल हो टहलते हुए पढ़ाई करना अपने आप में एक विशिष्ट अंदाज है। पिता संजीव सिंह संवेदक हैं। बड़े चाचा अरविंद सिंह और दोनों चाची रेणु सिंह, मंजुला सिंह के संरक्षण में पढ़ाई करना इनके लिए एक टॉनिक का काम किया। अपनी सफलता के लिए प्राचार्य, शिक्षक और अपने उपरोक्त अभिभावकों को धन्यवाद देना नहीं भूलती हैं। साथ-साथ अपनी बड़ी बहन खुशी जो एम्स पटना में पढ़ाई कर रही है उसके सहयोग को भी धन्यवाद देना चाहती हैं। पूर्वांचल सूर्य परिवार वैष्णवी राज उर्फ पलक को हार्दिक बधाई और शुभकामना देती है। लक्ष्य डॉक्टर बनना है।

तीन परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित

प्रतिनिधि,दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा मंगलवार को कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी गयी जिसमें एलएलबी सेमेस्टर-2 और एलएलबी सेमेस्टर-4 का ओल्ड कोर्स के साथ एमबीबीएस सेकेंड प्रोफेशनल ईयर परीक्षा शामिल हैं। परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धित अधिसूचना विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार शाह द्वारा सोमवार को जारी किया गया है। उक्त अधिसूचना के अनुसार उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को 13 से 19 मई2024 के बीच विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भरना होगा और उसके बाद 20 से 21 मई 2024 के बीच परीक्षा फॉर्म का हार्ड कॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करना है।

प्रातः काल से शुरू हो गई पीजी विभाग की कक्षाएँ

प्रतिनिधि,दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सभी स्नातकोत्तर विभाग में मंगलवार से मॉर्निंग शिप्ट में कक्षाएँ शुरू हो गयी। बढ़ते गर्मी को देखते हुए छात्र लागातार मोर्निंग शिफ्ट में क्लास की माँग कर रहे थे। गर्मी के कारण छात्रों को हो रहे समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ.बिमल प्रसाद सिंह के आदेश पर पीजी की सभी कक्षाएँ मॉर्निंग कर दी गयी है। इस संबंध में विश्विविद्यालय के डी.एस.डब्लू .डॉ. जैनेन्द्र यादव ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर दिया है। उक्त अधिसूचना के अनुसार पीजी विभागों में सुबह 7ः30 से 12ः30 बजे तक कक्षाएँ चलेगी। उक्त अधिसूचना के आलोक में मंगलवार से पीजी की सभी कक्षाएँ मॉर्निंग शिफ्ट में शुरू हो गयी।

अपने वादों पर खरा उतरने और संसद भवन में जनता की आवाज बनकर गूंजने वाला सांसद चाहिए पलामू को

पूर्वानचल सूर्य प्रतिनिधि

मेदिनीनगर(पलामू)। क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव आगामी 13 तारीख को होना है, क्षेत्र वासियों में उत्साह के साथ-साथ अपना नया नेता चुनने की एक नयी उम्मीद जगी है। पर क्या लोगों द्वारा चुना गया नेता इनके उम्मीदों पर खरा उतरते हैं। आम जनता और सरकार के बीच राजनैतिक, सामाजिक संवाद बरकार रखने की नैतिक जिम्मेदारी को निभा पाते हैं ये नेता। यही प्रश्न कभी हमें खुद से भी करना चाहिए। क्या हम एक जागरुक, कर्तव्य निष्ठ नागरिक हैं, जो आलोचना करने की, प्रावधानों की विवेचना करने की, औचित्य जानने के लिए कष्ट उठाते हैं। क्या देश की अधिकांश जनता के हितों से हमारे सरोकार हैं। क्या हम नेताओं की कार्य दक्षता, कार्य प्रणाली, बौद्धिक क्षमता को तौलते- परखते हैं? इन सभी सवालों के जवाब जानने - समझने हेतु पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि ने क्षेत्र के जागरूक नागरिकों से पलामू सांसद के बारे मे बात किया और क्षेत्र का सांसद कैसा होना चाहिए लोगों से जानने का प्रयास किया।

चोरी का स्कॉर्पियो हुआ बरामद,एक गया जेल

प्रतिनिधि,हजारीबाग। हजारीबाग के दारु थाना अंतर्गत झरपो निवासी सुजीत कुमार शर्मा पिता वकील ठाकुर की निशानदेही पर बिहार से चोरी की गई सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर बी आर 13 पी ए 5286 को गुप्त सूचना के आधार पर दारू थाना प्रभारी सफीक खान के द्वारा दलबल के साथ छापामारी करते हुए बरामद किया गया। युवक सुजीत कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए हजारीबाग सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले के ऊपर सख्त कार्रवाई करते हुए अपराध रोकने के लिए दारू पुलिस कटिबद्ध है।

चाची भतीजे के रिश्ते को कलंकित कर प्रेमी युगल ने रचाई प्रेम विवाह

प्रतिनिधि, बरकट्ठा। थाना अंतर्गत मासीपीढ़ी गांव से 15 दिन पूर्व से फरार प्रेमी जोड़ी ने सोमवार को सूर्यकुण्ड धाम में हिंन्दु रीति रिवाज के साथ प्रेम विवाह रचा लिया। लोगों के मुताबिक दोनों प्रेमी युगल के बीच चाची और भतीजे का रिश्ता है। जिसे दोनों ने इस रिश्ते को तार तार कर प्रेम विवाह के बंधन में बंध गए और सात जन्मों तक साथ मर मिटने का वचन लेकर प्रेम के बंधन में बंध गए। विदित हो कि 15 दिन पूर्व विवाहिता के पति मुकेश कुमार मंडल पिता गेंदो महतो ने अपने पत्नी व बच्चे की गुमसुदगी का मामला बरकट्ठा थाना में दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी व बच्चे समेत जेवरात व नकदी लेकर गांव के ही युवक कुश कुमार पिता बीरबल महतो द्वारा भगाने का आरोप लगाया था। जिसके 15 दिन बाद शुक्रवार शाम को दोनों गांव पहुंचे इसके बाद चाची भतीजे दोनों थाना पहुंच गए। इसके बाद दोनों साथ रहने की बात कही। दोनों के परिजन भी थाना पहुंचे जहां रिश्ते को देखते हुए समझौते को लेकर पंचायत हुई पंचायत में दोनों साथ रहने की बात कहने पर समझौता नहीं हो पाया महिला का एक बच्चा भी है बच्चे को उसके पति ने अपने साथ रख लिया। जिसके पश्चात सोमवार को दोनों सूरजकुंड स्थित सूरजकुंड धाम में प्रेम विवाह रचा लिए। चाची भतीजे की इस प्रेम विवाह को लेकर गांव समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है।

अमेजन इंडिया का ग्रेट समर सेल शुरू

रांची। अमेजन इंडिया 02 मई से शुरु होने जा रही अपनी मच अवेटेड अमेज़ॅन ग्रेट समर सेल के साथ वापस आ गया है। यहां आपको शानदार डील्स और ऑफर्स मिलेंगे। कस्टमर्स आईसीआईसीआई बैंक, बॉबकार्ड और वनकार्ड क्रेडिट/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10त्न इंस्टेंट बैंक छूट के अलावा ढेर सारे अफोर्डेबल फाइनेंस ऑप्शन डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और भी बहुत कुछ पा सकते हैं।

लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

अब बढ़ गई इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की मुश्किलें

NEWS18
7 May 2024

प्रतिनिधि,साहिबगंज। जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम ने मंगलवार को राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। ढोलङ्कनगाड़े के साथ पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले से हजारों कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के संग रोड शो करते हुए लोबिन अपने नामांकन के लिए समाहरणालय पहुंचे।

लोबिन हेंब्रम ने कहा कि मैं राजमहल लोकसभा सीट से चुनाव लडूंगा और भारी मतों से जीत दर्ज करूंगा, क्योंकि राजमहल लोकसभा की जनता मेरे पक्ष में है। ठेकेदारों को जनता अब माफ नहीं करेगी। उन्होंने निवर्तमान सांसद विजय कुमार हांसदा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले लोग क्षेत्र में अब नजर आ रहे हैं। चुनाव के पहले ये कहां गए थे? लोबिन हेंब्रम ने कहा कि मैं जनता के साथ और उनके दुखङ्कदर्द में सदा रहा था, सदा रहा हूं और सदा साथ रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं कोयला, बालू और पत्थर का व्यापारी नहीं हूं और न ही उसकी दलाली करता हूं और न करवाता हूं और न ही मैं ठेकेदार हूं। मेरी छवि साफ सुथरी रही थी और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और जनता का विकास ही पहली प्राथमिकता होगी। अब लोबिन हेंब्रम के नामांकन दाखिल करने से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विजय कुमार हांसदा की परेशानी बढ़ सकती है। जो वोट झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन के पास है, वो अब बिखर जाएगा। इससे भाजपा और एनडीए प्रत्याशी ताला मरांडी की राह आसान हो जाएगी। बता दें कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की मिलिजुली सरकार है। लोबिन पार्टी के विचारधारा को लेकर काफी मुखर रहे हैं। बगावती तेवरों के साथ उन्होंने कई बार विधानसभा में भी अपनी पार्टी और सरकार को घेरा है। ज्ञातव्य है कि राजमहल लोकसभा चुनाव का मतदान अपने अंतिम चरण यानी एक जून को होगा।

केंद्रीय वित्तमंत्री की उपस्थिति में चैंबर द्वारा 'बेहतर झारखंड' विषयक इंटरैक्टिव मीटिंग नौ मई को

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चैंबर भवन में समीक्षात्मक बैठक आयोजित

वरीय संवाददाता

रांची। पूर्वी भारत में निवेश की संभावनाओं को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित किये जा रहे इंटरैक्टिव मीटिंग में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगी। इंटरैक्टिव मीटिंग का आयोजन 9 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होटल रैडिशन ब्लू में होगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति और पूर्व अध्यक्षों की संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक हुई। मंत्री के एयरपोर्ट पर आगमन से लेकर कार्यक्रम स्थल पर उचित व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सदस्यों को कार्य की जिम्मेवारियां सौंपी गईं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि माननीय वित्त मंत्री और स्टेकहोल्डर्स के बीच संवाद होने से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना बनेगी और उद्यमियों का प्रोत्साहन होगा। बैठक का आयोजन मौजूदा आचार संहिता के अनुसार ही संपन्न होगी। इंटरैक्टिव मीटिंग में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, साहित्य पवन, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, अरूण बुधिया, पवन शर्मा, विनय अग्रवाल, कुणाल अजमानी उपस्थित थे।

मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण

▶▶अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-रांची उत्कर्ष कुमार ने किया मतदाता पर्ची का वितरण

▶▶मतदान केन्द्र संख्या-61, 146 और 278 में मतदाता पर्ची का वितरण

विशेष संवाददाता

रांची। संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-रांची द्वारा नगड़ा टोली क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-278 के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण का शुभारंभ किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शांति अपार्टमेन्ट में जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। रेडियम रोड अवस्थित रामेश्वरम अपार्टमेंट में मतदान केन्द्र सं-61 में बीएलओ के साथ मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। इसके बाद कार्ट सराय रोड अवस्थित महालक्ष्मी टावर मतदान केन्द्र सं146 में भी मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63-रांची, संबंधित बीएलओएवं संबंधित बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

आपको बतायें कि 63-रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण सभी मतदान केन्द्र क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची तथा मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर रहे हैं, साथ ही सभी मतदाताओं को बताया जा रहा है कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 25 मई 2024 निर्धारित है। मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्र का नाम, मतदान केन्द्र संख्या एवं मतदाता क्रमांक के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा उनसे मतदान हेतु केन्द्र आने का अनुरोध किया जा रहा है। इस कार्य में बीएलओ के साथ बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सफाई कर्मी वितरण में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

शिक्षा के साथ जागरूकता से बदले पुरानी सोच और रहें बीमारियों से दूरःदीपा कुमारी

मासिक धर्म के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन
Central Coalfields Limited, Rajrappa Area
Under Corporate Social Responsibility (CSR) 2023-24
स्वामी विवेकानन्द

प्रतिनिधि ,रजरप्पा। कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा विद्यालय में सी.एस.आर. सीसीएल के द्वारा मासिक धर्म के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म की स्वच्छता, इससे जुड़े मिथकों और तथ्यों के बारे में शिक्षित किया गया। इस आयोजन में न केवल छात्राओं ने भाग लिया, बल्कि शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में, विद्यालय की आचार्या शुक्ला चौधरी ने मासिक धर्म के प्रति समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ÷शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी है।÷

इस अवसर पर, स्वास्थ्य विशेषज्ञ दीपा कुमारी ने मासिक धर्म से जुड़ी बुनियादी बातों और स्वच्छता के महत्व को समझाया। छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन के उपयोग और निपटान के सही तरीके भी बताए गए।

इस कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर. नोडल अधिकारी आशीष झा,ज्योति प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में हुआ।इस अवसर पर सीसीएल के द्वारा विद्यालय में नैपकिन वेंडिंग और निष्पादन मशीन लगाई गयी।प्राचार्य उमेश प्रसाद ने इस कार्यक्रम के लिए सीसीएल रजरप्पा का आभार प्रकट किये।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्या ममता कुमारी,अंकिता रानी, रिंकी, मालविका, गायत्री कुमारी, ललिता गिरी, पूनम सिंह, ज्योति राजहंस, आरती झा, डॉ गायत्री आदि की प्रमुख भूमिका रही।

सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तत्पर हैः उपायुक्त

प्रतिनिधि,दुमका। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त 02-दुमका(अ.ज.जा) लोकसभा क्षेत्र हेतु निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

इस संबंध में समाहरणालय के सभागार कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 02-दुमका(अ.ज.जा) के लिए नाम निर्देशन प्रारंभ की तिथि-7.5.2024 है एवं नाम निर्देशन के अंतिम तिथि 14.5.2024 है।नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि 15.5.2024 है।नाम वापसी की तिथि-17.5.2024 है।मतदान की तिथि-1.6.2024 है।मतगणना की तिथि-04.06.2024 है।

उन्होंने कहा कि 02-दुमका(अ.ज.जा) लोकसभा अंतर्गत 6 विधानसभा यथा 07-शिकारीपाड़ा(अ.ज.जा) में कुल 261 मतदान केंद्र,08-नाला में कुल- 332 मतदान केंद्र,09-जामताड़ा में कुल-366 मतदान केंद्र,10-दुमका (अ.ज. जा.) में कुल-286 मतदान केंद्र,11-जामा (अ.ज. जा.) में कुल-270 मतदान केंद्र,14-सारठ में कुल-376 मतदान केंद्र है।इस प्रकार 02-दुमका(अ.ज.जा) लोकसभा क्षेत्र में कुल 1891 मतदान केंद्र बनाए गए है।उन्होंने कहा कि 02-दुमका(अ.ज.जा) लोकसभा क्षेत्र में 1592 स्थानों पर 1891 मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहीं दुमका जिले में कुल 970 स्थानों पर 1157 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि 02-दुमका(अ.ज.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत विधानसभावार यथा 07-शिकारीपाड़ा(अ.ज.जा) में पुरूष मतदाता-111340 एवं महिला मतदाता 117914,कुल-229254 हैं।10-दुमका (अ.ज. जा.) में पुरुष मतदाता-127815,महिला मतदाता-130915 एवं थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या-3 कुल मतदाता-258733 हैं।11-जामा (अ.ज. जा) में पुरूष मतदाता 110917 एवं महिला मतदात-114280 कुल मतदाता -225197 हैं।08-नाला में पुरूष मतदाता-124316 एवं महिला मतदाता-119455 कुल मतदाता-243771 हैं।09-जामताड़ा में पुरुष मतदाता-161206 एवं महिला मतदात--155522 तथा थर्ड जेंडर मतदाता-3 कुल मतदाता-316731 हैं।14-सारठ में पुरुष मतदाता -162589 एवं महिला मतदाता-152955 कुल मतदाता 315544 हैं।इस प्रकार इन 6 विधानसभा में पुरुष मतदाता-798183,महिला मतदाता-791041,थर्ड जेंडर मतदाता-6 एवं कुल मतदाताओं की संख्या-1589230 हैं।

निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि 02-दुमका(अ.ज.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 56460 है।विधानसभावार 18-19 आयु वर्ग के मतदाता 07-शिकारीपाड़ा(अ.ज.जा) में पुरूष मतदाता-3039 एवं महिला मतदाता 5036,कुल-8075 हैं।10-दुमका (अ.ज. जा.) में पुरुष मतदाता-4309,महिला मतदाता-5423 एवं थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या-1 कुल मतदाता-9733 हैं।11-जामा (अ.ज. जा) में पुरूष मतदाता 3815 एवं महिला मतदात-4260 कुल मतदाता -8075 हैं।08-नाला में पुरूष मतदाता-4759 एवं महिला मतदाता-5396 कुल मतदाता-10155 हैं।09-जामताड़ा में पुरुष मतदाता-5635 एवं महिला मतदात-6972 कुल मतदाता-12607 हैं।14-सारठ में पुरुष मतदाता -3879 एवं महिला मतदाता-3936 कुल मतदाता 7815 हैं।इस प्रकार इन 6 विधानसभा में पुरुष मतदाता-25436,महिला मतदाता-31023,थर्ड जेंडर मतदाता-1 एवं कुल मतदाताओं की संख्या-56460 हैं।

निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि दुमका जिला के कुल 1157 मतदान केन्द्रों पर सुचारू रूप से मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है।वर्तमान में दुमका जिला में पूर्णतः 03 (तीन) विधानसभा यथा 07 शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा.) 10-दुमका (अ.ज.जा.) 11-जामा (अ.ज.जा.) एवं अंशतः 03 (तीन) विधानसभा क्षेत्र यथा 12-जरमुण्डी अंश जरमुण्डी प्रखंड, 04-लिटूटीपाडा अंश गोपीकांदर प्रखंड, 16-पाडैयाहाट अंश सरैयाहाट प्रखंड अवस्थित है। जिला अन्तर्गत कुल 19 मतदान केन्द्र को महिला मतदान केन्द्र एवं 43 मतदान केन्द्र को पर्दानशी के रूप में चिन्हित किया गया है।चिन्हित मतदान केन्द्र पर महिलाओं के लिये समुचित व्यवस्था की जायेगी।

02-दुमका (अ.ज.जा.) लोकसमा क्षेत्रान्तर्गत्त पूर्णतः 06 विधानसभा -शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा.),10-दुमका (अ.ज.जा.), 11-जामा (अ.ज.जा.), क्षेत्र यथा 08-नाला, 09-जामताड़ा एवं 14 सारत अवस्थित है।

दुमका जिला के लिये सभी विधानसभा के कुल 1157 मदतान केन्द्रों के लिये आवश्यक चुनाव कोषांगों का गठन किया गया है,जो कार्यरत है। कुल 1157 मतदान केन्द्रों के लिये कुल 168 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 120 माईक्रो ऑबजरवर, 1157 पीठासीन पदाधिकारी, 1157 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 1157 द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं 1157 तृतीय मतदान पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र निर्गत करते हुए चरणवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामग्री कोषांग द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक सामग्री मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग एवं ई-निविदा के माध्यम से तय दर पर क्रय करते हुए मतदान केन्द्रवार सभी आवश्यक सामग्रियों का पैकेटिंग किया जा रहा है।

ई0वी0एम0 कोषांग द्वारा जिले के कुल 1157 मतदान केन्द्रों पर सुचारू रूप से मतदान कराने हेतु जिला में कुल 2038 बैलेट यूनिट, 1392 कन्ट्रोल यूनिट एवं 1561 वी0वी0पैट उपलब्ध है।दिनांक 02.05.2024 को श्वङ्करू× ड्डद्मद्मह्स का 1ह्यह्ल ह्रड्डठ्ठस्रशद्वद्ब5ड्डह्लद्बशठ्ठ का कार्य सम्पन्न हो चुका है।

वाहन कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों को निर्धारित समय में मतदान स्थल पर पहुँचाने एवं लाने हेतु वाहन कोषांग द्वारा जिले में उपलब्ध वाहन का अधिग्रहण करने हेतु अधियाचना पत्र संबंधित थाना प्रभारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा तामिला कराया जा रहा है।

प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों/पुलिस पदाधिकारियों / सेक्टर दण्डाधिकारियों/उड़न दस्ता टीम एवं अन्य को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गयी है एवं निश्चित समय पर उत्कृष्ट प्रशिक्षण करा लिया जायेगा।

आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था कोषांग द्वारा सभी थाना प्रभारी और प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को सख्त निदेशित किया गया है कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई भी मामला संज्ञान में आता है तो विधि सम्मत कार्रवाई करें। जिले में शस्त्रधारियों को संबंधित थाना क्षेत्र में शस्त्र को जमा करने का निदेश दिया गया है एवं जमा कराने की कार्रवाई की जा रही है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदाताओं के बीच शराब बांटने एवं नगद राशि बांटने पर भी जिला प्रशासन की कड़ी नजर रखी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लांच किये छ्वङ्खद्धत्ररुएप्प के माध्यम से अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ निर्धारित बैठक में उन्हें निदेश दिया गया है कि बड़ी रकम के आदान-प्रदान पर नजर रखा जाय एवं सूचित किया जाय। उत्पाद विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब कारोबारी पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

जिले में सुरक्षा बल की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा गृह विभाग से पर्याप्त मात्रा में जिले में पुलिस बल एवं केन्द्रीय बल के प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सुरक्षित मतदान हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध रहेगा, यह जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का प्रयास है। प्रत्येक थाना क्षेत्र अन्तर्गत लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। ड्डह्वद्यठ्ठद्गह्म्ड्डड्ढद्यद्ग4 स्ब्ड्डश्चश्चद्बठ्ठद् शद्घ क्चशशह्लद्धह्य स्ह्लड्डह्लद्बशठ्ठ की प्रक्रिया सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारी के संयुक्त रूप से किया गया है। जिले के सभी ष्टह्म्द्बह्लद्बष्ड्डद्य मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त रहेगा। सभी मतदान केन्द्रों पर विडियोग्राफी/वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था रहेगी।

निर्वाचन कोषांग द्वारा सम्पूर्ण जिले में संचारतंत्र से संबंधित मतदान केन्द्रवार प्रतिवेदन समेकित कर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग को भेजा गया है। जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि सभी मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पेयजल, शौचालय, विद्युत, सेड उपलब्ध हो, और सभी मतदान केन्द्र आर्दश मतदान केन्द्र हो। महिला संचालित मतदान केन्द्र, युथ मैनेज्ड मतदान केन्द्र भी बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार, ड्डस्ष्ट स्ह्ठ्ठद्बशह्- ष्टद्बह्लद्ब5द्गठ्ठ ड्डशह्लद्ध्रह्य ड्डड्डश1द्द 85+ एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु बृहत कार्यक्रम कराया जा रहा है। साथ हीं होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। पोस्टल बैलेट के लिये फार्म 12 एवं 12ष्ठ का उपयोग किया जा रहा है।

हेल्पलाईन एवं जन शिकायत कोषांग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में आम जानकारी एवं चुनाव संबंधी जानकारी हेतु हेल्पलाईन नं0-1950 जिला निर्वाचन शाखा में कार्यरत है। साथ हीं जिला कंट्रोल रूम में हेल्पलाईन नं- 06434-295042 जारी किया गया है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र पर की जा रही सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से उपलब्ध करायी।

मंत्री के ओएसडी संजीव और जहांगीर की 6 दिन की रिमांड मंजूर, ईडी करेगी पूछताछ

प्रतिनिधि,रांची। ईडी की कार्रवाई में 35 करोड़ रुपए कैश मिलने के मामले में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव और सहायक जहांगीर को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कैश बरामदगी मामले में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम को ईडी ने देर रात गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने कोर्ट से दस दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने 6 दिन की रिमांड मंजूर कर दी है। ईडी की टीम दूसरे दिन मंगलवार को भी रांची में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है।

मॉर्निंग वॉकर्स से आज मिलेंगी कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय

प्रतिनिधि,रांची। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स से मिलेंगे। इस अवसर पर सुबह-सुबह टहलने वाले स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन देने की अपील की जाएगी। इसके बाद प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रांची नगर निगम वार्ड संख्या 28 अंतर्गत किशोरगंज में जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा में शामिल होंगे। यह जानकारी रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा ने दी।

एफजेसीसीआई की डायरेक्ट टैक्स उप समिति की बैठक आयोजित

वरीय संवाददाता

रांची। एफजेसीसीआई की डायरेक्ट टैक्स उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन दीपक गरोडिया एवं जेपी शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को चैम्बर भवन में हुई। ट्रस्ट सोसाइटी के रजिस्ट्रेशन और एक्जेम्पशन और हियरिंग के लिए एवं सर्च एंड सर्वे केस के लिए भी पटना स्थित कार्यालय जाना पड़ता है, जिससे सभी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सुझाया गया कि झारखण्ड में प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ़ इनकम टैक्स का पद होना चाहिए ताकि सभी को सुविधा हो सके और हर काम के लिए पटना का रुख नहीं देखना पड़े। भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के भुगतान में अगर एक दिन भी विलम्ब हो तो उसे आयकर विभाग द्वारा अस्वीकार करार कर दिया जाता है। इस प्रावधान में सुधार की ज़रूरत है 7 आयकर (अपील) विभाग में काफी समय से कई सारी फाइल लंबित चल रही है इसका निपटारा जल्द से जल्द होना चाहिये । बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति चेयरमैन सीए दीपक गरोडिया, सीए जेपी शर्मा, सदस्य सीए अनिश रानासरिया, सीए आदित्य शाह, सीए विनय गोयनका सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बरकट्ठा में भाकपा माले पार्टी का प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

प्रतिनिधि,बरकट्ठा । भाकपा माले पार्टी ने अपने चुनावी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में धनंजय कुमार अध्यक्ष आइसा छात्र संघ एवं त्रिलोकी नाथ सचिव आइसा छात्र संघ में मुख्य रूप से उपस्थित थे। धनंजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने लोगों को नौकरी के नाम पर ठगा है। उसने नौकरी देने की जगह नौकरी छिनने का काम किया है। इसलिए इस देश में अब बदलाव की जरूरत है। मोदी सरकार ने भारत में लोगों के बीच धर्म का जहर घोलने का काम किया है। आज देश में लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाया जा रहा है। भारत में नयी शिक्षा नीति बनाई गई है जिससे यहां पर गरीबों को पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। पहले जेएनयू में गरीबों को कम पैसों पढ़ाई पूरी हो जाती थी अब यहां भी फ़ीस को बढ़ा दिया गया है। इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। मौके पर श्रीराम चौधरी, भूलेश्वर केवट, पच्चु राणा, शेर मोहम्मद, उपेन्द्र प्रसाद, किसुन मोदी, सफीक अंसारी उपस्थित थे।

आईजी एवं डीआईजी ने एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का लिया जायजा

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

गढ़वा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर गढ़वा 80 एवं भवनाथपुर 81 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का आज पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह एवं डीआईजी वाईएस रमेश द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। गढ़वा जिला आगमन पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा उक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में निरीक्षण के दौरान आईजी एवं डीआईजी द्वारा श्वड्डरूकमिशनिंग कार्य/सीलिंग कार्य, डिस्पैच सेंटर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी ब्रीफिंग हेतु मल्टी पर्पस हॉल, पेयजल एवं खाने पीने की व्यवस्था, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट एवं पार्किंग मैनेजमेंट, बज्रगृह, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे भी मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहकर सम्पूर्ण जानकारी आईजी एवं डीआईजी संग साझा किया।

एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

▶▶ रिकार्ड मतों से जीत का मिला भरोसा ▶▶ विभिन्न संस्था के सदस्यों से मिलकर वोट देने की अपील की

प्रतिनिधि,रामगढ़। एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल शहर में दो दिनों से जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इस दौरान विभिन्न जाति समुदाय से मिले। समाज के लोगो से मिलकर चुनावी चर्चा की। चुनावी हाल जाना। लोगों से कमल छाप पर वोट देकर देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने की अपील किए। मतदाताओं एनडीए प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से विजयी होने का भरोसा दिये है।सोमवार व मंगलवार को शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया जो देर रात तक चला।इस दौरान जितेंद्र प्रसाद उर्फ डब्लू पूर्व चैंबर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष अपने समाज मद्धेशिया समाजके साथ प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्वागतकिए। इस क्रममें प्रत्यासी भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ,ब्रह्मऋषि समाज अध्यक्ष, गुरुद्वारा महाप्रबंधक समिति अध्यक्ष एवं सिख संगत के साथ, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष क्षत्रिय समाज के साथ क्षत्रिय धर्मशाला नईसराय, वार्ड न 1 शास्त्री नगर, वार्ड नं 7 छोटकाकाना , वार्ड नंबर 6 में जारा टोला विकास नगर , ब्राह्मण समाज दिनेश पाठक, हरिजन बाल्मिकी समाज के प्रेम राम, कुशवाहा धर्मशाल कुशवाहा समाज, पतरातु बस्ती बंगाली समाज, रोटरी क्लब में बंगाली ,चेंबर भवन में व्यवसायियों सहित कई समाज के परिवार से मुलाकात किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हाल-चाल जाना एवं सभी को कमल फूल छाप पर वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किया। हर समाज के लोगों ने आश्वस्त किया हम सब भाजपा के साथ है।हमारा छाप कमल फूल छाप है और हम सदा से कमल फूल छाप पर वोट देते हैं।देश के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी जी जैसे एक उच्च विचार वाले नेता मिला है। पूरे भारत ही नही विश्व में भी मोदी जी का डंका बज रहा है। देशवासी मोदी जी को पूज रहे हैं। सभी लोगों ने एनडीए को वोट देने का मन बना लिया है। पहले मतदान फिर जलपान मतदान को परसेंटेज को बढ़ाना है। ताकि अधिक से अधिक एनडीए को मत प्राप्त हो सके। जनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, महामंत्री ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल, कार्यक्रम प्रभारी रंजीत पांडेय, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,रंजन सिंह फौजी, बसुध तिवारी, विजय जायसवाल, राजीव रंजन प्रसाद, प्रो संजय प्रसाद सिंह, शिवकुमार महतो शीतल सिंह, सुशांत पांडे , अजीत गुप्ता अभिषेक चौधरी, सुरेंद्र कुमार शर्मा, महेंद्र प्रजापति,नमेंदर चंचल, मनोज जायसवाल, सहदेव ठाकुर, अनमोल सिंह, विक्रांत गुप्ता,मणि शंकर ठाकुर, जयप्रकाश सोनकर, जगदीश शर्मा, संतोष शर्मा, दिनेश प्रसाद,बृजेश पाठक आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम को ले शाम 6 से 8 बजे तक चलाया गया सोशल मीडिया कैंपेन

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा ममैंभी इलेक्शन एंबेसडर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा ममैंभी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के सफल संचालन को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार आज जिला प्रशासन, स्वीप कोषांग की टीम, स्कूली बच्चे, रोटरी क्लब, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स, चैंबर ऑफ कॉमर्स, प्रेस के प्रतिनिधि, सभी प्रखंडों की टीम समेत कई समाजसेवी संस्थानों ने भाग लिया और अभियान को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इसके साथ ही ममैंभी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में दिखी सक्रियता, सभी ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान को सफल बनाने में सबका सहयोग मिला। इस अभियान को आज संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर ममैंभी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन संचालित किया गया ताकि युवा मतदाताओं को जागरूक कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता सुनिश्चित हो सकें। ममैंभी इलेक्शन एंबेसडर अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करना तथा मतदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को जागरूक करना है। इसके माध्यम से सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता, बी ए जी का गठन, वी ए फ् बैठक की वीडियो, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को संचालित कर सोशल मीडिया साइट्स पर अपलोड करना है।


Chief Electoral Officer Jharkhand
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
आइये इस सोशल मीडिया महाअभियान
#MainBhiElectionAmbassador
का हिस्सा बने
7 मई, 2024 | संध्या: 6 बजे से 8 बजे तक
#IVoteForSure
#MeraVoteDeshKeLiye
18003311950

लोकसभा चुनाव व 31गांडेय विस उपचुनाव के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

निर्वाचन कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारियों विभिन्न कोषांगो की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, निर्वाची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, वरीय/नोडल पदाधिकारी, डाक मत पत्र कोषांग, वरीय/नोडल कार्मिक कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, अभ्यर्थी कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कोषांग समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा बारी बारी से सभी कोषांगवार समीक्षा की गई तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने आदर्श आचार संहिता कोषांग की समीक्षा करते हुए कहा कि एमसीसी से संबंधित मामले आते है तो उसका उचित रिकॉर्ड रखें और सी-विजिल के माध्यम से उन सभी का समाधान सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही डाक मत कोषांग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने डाक मत पत्र से मतदान होनेवाले प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा अबतक कितने लोगों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया है, उसकी जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने सभी बीडीओ/सीओ को सख्त निर्देश दिया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएं। साथ ही साथ स्वयं भी उपस्थित रहकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। इसके अलावा उन्होंने कहा जिनको जो जो दायित्व सौंपा गया है, उसका उचित अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों में एएमएफ व्यवस्था की जानकारी ली और कई बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष को 24म 7 संचालित करने के निर्देश दिए गए तथा समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ प्रशिक्षण कोषांग और कार्मिक कोषांग को भी निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

चतरा महाविद्यालय चतरा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, कर्मियों समेत छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

चतरा। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र चतरा महाविद्यालय चतरा में विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष,सभी शिक्षक ,विद्यार्थी एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे । महाविद्यालय के कैंपस एम्बेसडर डॉ बिस्मिल्ला ख़ान एवं डॉ एल्विन बखला विशेष रूप से विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने की अपील की। डॉ एल्विन बखला ने मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मज़बूत बनाने एवं लोकतंत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही ।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने राजनीतिक अधिकार का प्रयोग कर अपनी सरकार चुनने के अधिकार का प्रयोग कर चतरा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट डालने का रिकॉर्ड बनाने की बात कही। उन्होंने 20 मई को सबसे पहले अपना कर्तव्य समझ कर बिना किसी प्रलोभन के सकारात्मक तत्वों के प्रेरित होकर एवम् नकारात्मक तत्वों से प्रभावित ना होकर मतदान कर लोकतंत्र को मज़बूत करने हेतु सही प्रतिनिधि चुनने और अच्छा सरकार बनाने की बात कही। इस मौक़े पर मतदान संबंधी स्लोगन - मतदान करेगा चतरा , आगे बढ़ेगा चतरा एवम् मेरा वोट मेरा भविष्य , भी सभी विद्यार्थियों द्वारा दोहराया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली साइकिल यात्रा

साइकिल यात्रा के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालने के लिए किया गया प्रेरित

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

इटखोरी (चतरा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 मैं मतदान के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी सोमनाथ बंकीरा के नेतृत्व में केवी हाई स्कूल और गर्ल स्कूल की छात्र-छात्राओं के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में छात्र-छात्राओं ने आम मतदाताओं से 20 मई को अपने-अपने बूथ पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने का यह कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत इटखोरी गर्ल स्कूल और केबी हाई स्कूल के बच्चों, हाई स्कूल से बच्चों व शिक्षक के साथ निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ सोमनाथ बंकीरा के नेतृत्व में इटखोरी चौक से होते हुए प्रखण्ड कार्यालय परिसर तक साइकिल रैली का आयोजन कर लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में मताधिकार और मतदान के महत्व के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया।

सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी व सीबीआई बना रही सरकार:विनोद

प्रतिनिधि,गिरिडीह। भाकपा माले नेता कोडरमा लोक सभा इंडी गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा है कि देश में अब एक ऐसे आयोग की जरूरत है जो जनप्रतिनिधियों के जीतने से पहले और बाद की सम्पति की जांच करे। दोनों खेमों में भ्रष्टाचार, यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कार्यवाई होती तो सबसे ज़्यादा कार्यवाई की मात्रा भाजपा के नेताओं के यहां ही होती।

उन्होने कहा कि आज़ादी के बाद से खुद को जनता का सेवक कहने वाले प्रतिनिधियों की संपत्ति दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ी है। आज जनता गरीब है और प्रतिनिधि करोड़पति, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की है। कहा कि दोनों खेमों में भ्रष्टाचार व्याप्त है यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कार्यवाई होती तो सबसे ज़्यादा कार्यवाई की मात्रा भाजपा के नेताओं के यहां होती। उन्होंने कहा कि आज देश में एक ऐसे आयोग की जरूरत है जो विधायक और सांसद के जितने से पहले और जितने के बाद की सम्पति की जांच करे। कहा कि सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी और सीबीआई ही सरकार बना रही है। विनोद सिंह मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के लिए गांवा प्रखंड गए थे। वापसी के क्रम में तिसरी चौक पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कहीं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जनता के बीच किए गए सभी दावों पर विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कोडरमा में जनसभा के दौरान कहा था कि क्षेत्र में में माइका की चमक लौटेगी, जमुआ में कहा था कि गिरिडीह को आकांक्षी जिला बनाया जायेगा। नतीजा यह हुआ कि प्रधानमंत्री आवास भी बंद हो गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महंगाई,विकास और रोजगार के नाम पर बनी थी। लेकिन हालात बदलने की जगह केवल नाम बदला गया।कहा कि जो चार सौ सीटों की मांग कर रहें हैं वे मनरेगा की मजदूरी ?400 क्यों नहीं कर रहें हैं? मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, मुन्ना गुप्ता, मुन्ना राणा,राजकुमार शर्मा,मुमताज़ अंसारी, छोटू यादव,मुन्द्रिका यादव आदि मौजूद थे।

OPPO Reno10 Pro 5G

चौपारण थाना में चार पशुधन लदा पिकअप वैन सहित दो धराए, भेजे गए न्यायिक हिरासत में जेल

प्रतिनिधि, चौपारण। चौपारण(हजारीबाग) थाना प्रभारी दीपक सिंह के द्वारा गुप्त सूचना के अधार पर एक पिकअप वाहन में बंगाल से जानवरों को क्ररुता पूर्वक लोडकर बिहार ले जाया जा रहा है। इस सूचना को थाना प्रभारी द्वारा वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए एक छापामारी दल का गठन कर चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों का संघन जांच किया जाने लगा। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह तथा जैप शस्त्र बल के साथ मिलकर बरही की ओर से आने वाले वाहनों का सघन रूप से जांच-पड़ताल किया जा रहा था। जांच के क्रम में समय करीब 04¬45 बजे सूचनानुसार एक पिकअप वाहन पंजियन संख्या-क्क्र 03त्नक्क 7535 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रूकने का ईशारा करने पर वाहन का चालक अपना गाडी को पीछे ही रोक दिया और वाहन से दो व्यक्ति उतरकर भागने लगे, जिन्हें सशस्त्र बल के जवानों के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में पकड़ाये व्यक्तियों के द्वारा अपना-अपना नाम अनिल यादव उम्र करीब 26 वर्ष पिता रामचन्द्र यादव ग्राम-लालुडेरा थाना-शाहपुर जिला-भोजपुर (बिहार) एवं दिनेश यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता-आशाराम यादव सा0-सइयाडेरा थाना-शाहपुर जिला-भोजपुर (बिहार) बताया गया है। वाहन का जांच करने पर उसमें क्ररुता पूर्वक 03 गौवंशीय पशु गाय एवं 01 भैंस कुल 04 जानवर लोड पाया, जिस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-156/24 धारा-414/34 भा0द0वि0, 11(1) (घ) पशु क्ररुता निवारण अधि0-1960 एवं 12(द्ध) (द्धद्धद्ध) गगौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि0 के अंतर्गत दर्ज कर दोनो व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया गया।

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संदर्भ में सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराने के लिए उपायुक्त ने की बैठक

विभिन्न राजनीतिक दलों के और निर्दलीय उम्मीदवारों के चुनाव चिन्ह किए गए आवंटित

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

चतरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संदर्भ में सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराने एवं मतदान केन्द्रों के रिलोकेशन से संबंधित बैठक की गई। बैठक में उन्होने जानकारी दिया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 31 उम्मीदवारों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। दिनांक 04.05.2024 को स्क्रूटनी में कुल 08 उम्मीदवारों का निर्देशन पत्र में त्रृटिपूर्ण रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत किया गया। नाम वापसी की तिथि 06.05.2024 को एक निर्दलीय उम्मीदवार जय प्रकाश सिंह भोगता, पिता-महेन्द्र सिंह भोगता, पता ग्राम-तिलैया, पोस्ट-द्वारी, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा ने अपना नामांकन वापस लिया। साथ ही शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

सभी उम्मीदवारों को निर्वाचन आयोग के नियमों का अक्षरशः पालन करने की बात कही गई। साथ ही कहा सभी प्रत्याशियों को गाईडलाइन से संबंधित पुस्तिका भी उपलब्ध करा दी गई है। इसमें निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का उल्लेख किया गया हैं। किसी भी सुरत में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसका खास ख्याल रखा जाय।

जिला अग्रणी प्रबंधक को सभी प्रत्याशियों नया खाता खोलने में सहयोग करने का निर्देश दिया। आगे बताया गया कि जिले में तीन तिथि 09.05.2024, 14.05.2024 एवं 18.05.2024 को लेखा व्यय पुस्तिका का मिलान व्यय प्रेक्षक के समक्ष किया जाएगा। किसी भी सभा का आयोजन, रैली आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार को लेकर कहा कार्यक्रम के 48 घंटे पूर्व सूविधा ऐप पर ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इस बार वैसे मतदाता जिनका उम्र 85 वर्ष से उपर है वे मतदान केन्द्र पर पहुंचने में असक्षम है और वैसे दिव्यांग मतदाता जो 40 प्रतिशत से उपर दिव्यांग है उनके लिए होम वोटिंग सुविधा की भी व्यवस्था की गई है। इस कार्य हेतु बूथ स्तर के पदाधिकारी के द्वारा डोर टू डोर जाकर फार्म-12 भी भरा लिया गया है। होम वोटिंग दो चरण में होगा प्रथम चरण 09 मई से 14 मई तक एवं दूसरा चरण 16 मई से 17 मई तक होगी। वैसे मतदान पदाधिकारी/कर्मी जो मतदान की तिथि को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त रहेंगे, वैसे पुलिस पदाधिकारी जो मतदान की तिथि को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त रहेंगे, वैसे बीएलओ जिनकी प्रतिनियुक्ति उनके मतदान सूची में वर्णित पोलिंग बूथ के भिन्न दूसरे बूथ परिसर में होगी, आवश्यक सेवाओं में कार्यरत वैसे कर्मी जिनकी प्रतिनियुक्ति चुनाव की तिथि में होगी वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से विभिन्न तिथियों में मतदान करवाया जाएगा। आगे उन्होने बताया कि पोलिंग पार्टी का डिस्पैच एवं प्राप्ति तथा मतगणना का सम्पूर्ण कार्य चतरा कॉलेज चतरा से किया जाएगा। साथ ही बताया कि चतरा के वैसे बूथ जहां के मतदाताओं को 12-13 कि0मी0 की दूरी तय कर मतदान करने जाना पड़ता है वैसे तीन मतदान केन्द्रों के रिलोकेशन के लिए निर्वाचन आयोग रांची को भेजा गया है। इस पर सभी उम्मीदवारों नें अपनी सहमति जताई। बैठक में उपस्थित पांकी विधान सभा से आई अनुमण्डल पदाधिकारी ने भी जानकारी दिया कि 09 बूथ केन्द्रों को भी चिन्हित कर रिलोकेशन के लिए निर्वाचन आयोग रांची को भेजा गया है।

उम्मीदवारों का आवंटित प्रतीक

इस बैठक में चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। काली चरण सिंह भारतीय जनता पार्टी-कमल, कृष्णानन्द त्रिपाठी इंडियन नेशनल कॉंग्रेस-हाथ, नागमणि बहुजन समाज पार्टी-हाथी पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अतिरिक्त) अर्जुन कुमार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-बाल और हँसिया, कर्मलाल उराँव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)-फलों से युक्त टोकरी, कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी-ऑटो-रिक्शा, दर्शन गंझु झारखण्ड पार्टी-बल्लेबाज, दुलेश्वर साव भारतीय जवान किसान पार्टी-उपहार, विमल लकड़ा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया-कोट, महेश बाण्डो बहुजन मुक्ति पार्टी-चारपाई, लव कुमार पंडित भागीदारी पार्टी (पी)-फुटबॉल खिलाड़ी, संजय कुमार स्नेही लोकहित अधिकार पार्टी-सेब, सुमित कुमार यादव समता पार्टी-बैटरी टार्च

अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय

मो0 अबुजर खाँ-बल्ला, डॉ अभिषेक कुमार सिंह-बाल्टी, अमित कुमार सिंह-गैस सिलेण्डर, अर्जुन प्रजापति-एयरकंडीशनर, चंदन कुमार-अलमारी, दीपक कुमार गुप्ता-कैंची, योगेश कुमार सिंह-हीरा, विक्रांत कुमार सिंह-बेबी वॉकर, श्रीराम सिंह-मोतियों का हार

उक्त बैठक में सामान्य प्रेक्षक निखिल निरमल, व्यय प्रेक्षक सैकत बासु, पुलिस प्रेक्षक गोपेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/सिमरिया/पांकी समेत अन्य पदाधिकारी/कर्मी के साथ-साथ उम्मीदवार स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पेंटिंग, रंगोली एवं सिंगिंग के प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मनित

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

गढ़वा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इन प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों एवं कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। इन प्रतियोगिता में बच्चें पेंटिंग, रंगोली, सिंगिंग आदि के माध्यम से एक से बढ़कर एक मतदाता जागरूकता का संदेश मतदातओं को दे रहे है। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने कहा कि सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। पढ़ाई करते हुए आपने मतदातओं को जागरूक करने का जो कार्य किया वह सराहनीय है। हमारे लिए रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के नाम की घोषणा करना काफी कठिन था। हमारे जूरी मेम्बर को काफी मेहनत कर इसका चयन करना पड़ा। हर एक वोट कितना महत्वपूर्ण है इसकी महत्ता की जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आगे भी आप विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। पेंटिंग प्रतियोगिता में सिमरन सोनी ने प्रथम स्थान, कुमार आदर्श द्वितीय स्थान, पुष्पा गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने प्रथम स्थान, सूरत पांडे डिग्री कॉलेज गढ़वा एवं वनांचल कॉलेज आफ नर्सिंग ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, तेतरी चंद्रवंशी कॉलेज आफ एजुकेशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंगिंग प्रतियोगिता में रामानुज शुक्ला, सहायक रमना प्रखंड को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य कॉलेज को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इनमें वनांचल कॉलेज आफ साइंस, एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा, तेतरी चंद्रवंशी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन पिंडरा, गोपीनाथ सिंह क्क्षश्वस्त्र कॉलेज, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपीडी कॉलेज की बीए सेमेस्टर-1 की छात्रा सिमरन सोनी ने स्वयं से बनाए हुए उपायुक्त की पेंटिंग की हुई तस्वीर भेंट की, उनके प्रतिभा की सराहना उपायुक्त द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीसीएलआर रंका-सह-स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-सहायक नोडल स्वीप कोषांग नीलम कुमारी समेत सभी स्वीप कोषांग के सदस्य एवं विभिन्न स्कूल/कॉलेज के प्रतिभागी उपस्थित थे।

108 एम्बुलेंस ने वृद्ध को लिया अपनी चपेट में, हुई मौत

- ▶▶ वृद्ध बालू निवासी एनुअल अंसारी सड़क पार कर रहे थे कि इसी दौरान घटी घटना
- ▶▶ वृद्ध अपने पीछे पत्नी, छः पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ दुनिया से चल बसे

प्रतिनिधि , लातेहार। बालुमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ बालू मुख्य सड़क मार्ग स्थित सतचंडील मोड़ के पास मंगलवार को सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को सरकारी 108 एंबुलेंस ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बालू निवासी मो0 एनुअल अंसारी उम्र 59 वर्ष बालूमाथ से बाजार कर अपने घर टेंम्पू में सवार होकर बालू गांव पहुंच कर पैदल अपने घर जा रहे थे की इसी दौरान लातेहार की ओर से आ रही 108 एम्बुलेंस ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एनुअल अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घायल को 108 एंबुलेंस से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सक प्रकाश बड़ाइक के जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की छानबीन में जुट गई। ज्ञात हो कि वृद्ध अपने पीछे पत्नी सहित छः पुत्री को छोड़ इस दुनिया से चल बसे। उधर घटना पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

35 करोड़ अवैद्य रुपया किसी पावरफुल व्यक्ति का है, सघन जांच का विषय है:आलमगीर आलम

प्रखण्ड - पाकुड़
स्थान :- जानकीनगर, पाकुड़

प्रतिनिधि, पाकुड़। झारखंड राज्य का गठन किस उद्देश्य के लिए हुआ? जंगलों और खनिज संपदाओं से भरा इस सुंदर झारखंड अलग राज्य के लिए कितनी लड़ाइयां लड़ी गई और कितने संघर्ष किए गए यह सर्व विदित है।आजसू पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि इस राज्य का गठन में आजसू की भी अहम भूमिका रही है। जाहिर है कि इस राज्य का गठन बहुमुखी विकास और यहां की लोगों की समृद्धि एवं एवं उनके जीवन स्तर उठाने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि झारखंड में हो क्या रहा है, केवल लूट का खसोट और धन संग्रह। झारखंड वासियों के सपने चकनाचूर हो रहे हैं। इस क्षेत्र के लोग रोजगार के लिए रोजाना यहां से पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस झामुमो गठबंधन की सरकार में इन नेताओं द्वारा मोहरा बना कर धन संग्रह करने का होड़ मचा हुआ है। बीते दिन सोमवार को श्वष्ठ द्वारा झारखंड ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का क्क्र संजीव लाल एवं नौकर जहांगीर आलम के यहां ईडी द्वारा छापा पड़ा और भारी मात्रा में लगभग 35 करोड़ रुपया एवं सोना का जेवरात भी बरामद हुआ। यह मोटी रकम जाहिर है कि मामूली नौकर का नहीं हो सकता है, निश्चय ही गलत तरीके से लूट खसोटकर जमा किया हुआ रुपया किसी पावरफुल व्यक्ति का है। झारखंड में ऐसी घटनाएं इसलिए हो रही है क्योंकि झारखंड राज्य के गठन के संघर्ष में अधिकतर ऐसे नेता लोग शासन में जुड़े हैं जिनका झारखंड आंदोलन के गठन में कोई भूमिका नहीं रही है, इस क्रम में मंत्री आलमगीर आलम राजमहल सांसद विजय हांसदा भी आते हैं, दोनों झामुमो और कांग्रेस से हैं।

आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने बहुत व्यथित होकर कहा कि बेशक पंछी और परिंदे आसमान में उड़ते हैं लेकिन दाना चुगने के लिए, प्यास बुझाने के लिए उन्हें भी रोज जमीन पर आना पड़ता है लेकिन राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा हर 5 साल के चुनाव के समय ही जमीन पर उतर कर वोट के लिए सक्रिय होते है। क्या ऐसे जनता से दूर रहने वाले जेएमएम के उम्मीदवार विजय हांसदा को वोट देना चाहिए या नहीं, आप जनता को ही निर्णय लेना है।

डीएवी स्कूल के बच्चों के आईडी कार्ड और कई महत्वपूर्ण कागजाद को जलाए जाने का मामला आया प्रकाश में

सड़क किनारे लगाए गए नए छोटे छोटे पेड़ आया आग की चपेट में



प्रतिनिधि, पाकुड़। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीडीएच हॉस्पिटल के ठीक सामने और बिजली ऑफिस के समीप बाउंड्री वॉल के अंदर डीएवी स्कूल के कई कागजाद जले हुए मिले, जिसमे अधजले कागजात भी थे जिससे पता चला कि यह कागजात स्थानीय डीएवी विद्यालय के है। स्कूली बच्चों के आईडी जिसमे बच्चे के फोटो तक लगे हुए थे और कई कागजात जो महत्वपूर्ण हो सकते थे। सबसे बड़ी मामला जहां पर आग जलाए गए ठीक समीप स्थानीय लोगों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया था, जहां लोगों के द्वारा हर दिन पानी देने का कार्य किया जाता है, इसी दरमियान मंगलवार को जब सुबह पेड़ों को पानी देने के लिए कुछ युवक पहुंचे तो देखा गया कि किसी ने बहुत सारे कागजात को बाउंड्री वॉल की दीवार के सटे भारी मात्रा में कागजात जला दिया है,जो देखने पर पता चला ये कागजात डीएवी विद्यालय के है। इसी आग की लपटों में ताजा छोटे पेड़ भी झुलस गए। सूचना की जानकारी मिलने पर डीएवी के जन सूचना पदाधिकारी संजय यादव पहुंचे और कुछ कागजात भी अपने साथ लेकर चले गए। वहीं इस संबंध में डीएवी के संजय यादव ने मीडिया को बताया कि जहां की घटना है, ठीक उसके सामने त्रिदेव प्रिंटिंग प्रेस है और डीएवी का सारा छपाई का कार्य त्रिदेव प्रिंटिंग ही करते है, जहां बच्चो का परिचय पत्र से लेकर स्कूल का लगभग छपाई का कार्य होता है। डीएवी स्कूल के तरफ से बच्चों के आईडी को लेकर काम दिया गया था, ये प्रिंटिंग प्रेस की गलती है। उसे डाटा विद्यालय को वापस कर देना चाहिए था, ना की उसे जला देने का। संपूर्ण रूप से दोषी प्रिंटिंग प्रेस वाला ही है। अब मामला जो भी हो लेकिन सवाल यहां ये है कि इतना बड़ा विद्यालय और इस तरह की लापरवाही क्यों? बच्चो के तस्वीर लगा परिचय पत्र को किसी गैर जगह पर जला देना मतलब कही न कही दोषी के दायरे में सभी लोग आते है। दूसरी और स्थानीय युवकों ने आरोप लगाया कि आग की लपेट में आकर कई पेड़ झुलस गए है। इसकी जिम्मेदारी कोन लेगा? जो कानूनन गलत है। दोषी पर कार्यवाही होनी चाहिए।

गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी में विभिन्न प्रजाति के 35 पीस बोटा किया जप्त

एकबार फिर तस्कर फरार

प्रतिनिधि, चौपारण। चौपारण (हजारीबाग) प्रखंड अंतर्गत चौपारण ढोढीया जंगल से वन्य प्राणी आश्रयणी के जंगल से विभिन्न प्रजाति का बोटा जप्त किया। आखिरकार नींद से जाग गया विभाग। बता दें कि कल डीएफओ अवनीश चौधरी चौपारण दौरे पर थे उनके आने की सूचना पहले ही तस्करों को दे दी जाती है यही कारण है कि आरा मशीन पहले ही खुल जाता है और सिर्फ खानपूर्ति के लिए कुछ बोटा को पकड़कर अफसर के नजर में आ जाते हैं कि विभाग द्वारा काम किया जा रहा है और फिर एक-दो दिन बाद आरा मशीन पुणः चालू हो जाएगा कहीं ना कहीं इसमें विभाग की संलिप्तता नजर आती है जबकि प्रत्येक दिन चोरदाहा से रात्रि में लकड़ी तस्करी कर बिहार भेजा जाता है। बताते चले की आश्रयनी जंगल में अफीम तस्करी चरम पर है और अब आरा मशीन का भी धंधा जोरों पर चल रहा है।

भारी मात्रा में पुलिस ने देशी व विदेशी शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

प्रतिनिधि, पाकुड़। अवैध शराब को लेकर पुलिस की छापेमारी निरन्तर जारी है, जिससे काफी सफलता भी मिली है। एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में सोमवार देर शाम हिरणपुर पुलिस ने मोहनपुर स्थित एक घर मे औचक छापेमारी की गई। जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया गया। वही कृष्णा भगत को अवैध शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। जिसमें एसआई अंशु कुमार उपाध्याय , गोपाल कुमार महतो व रिजर्व गार्ड उदय हांसदा शामिल थे। देरशाम करीब नो बजे की गई छापेमारी में 39 बोतल विदेशी शराब (8385 लीटर) व 107 बोतल (19260 लीटर) देशी शराब को जब्त किया गया। वही अवैध शराब कारोबारी कृष्णा भगत को भी रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई थी। जिसमे भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। इसको लेकर मामला दर्ज की गई है। गिरफ्त में आये आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस धंधे में संलिप्त लोगो की पहचान की जा रही है। क्षेत्र में अवैध कारोबार किसी भी हालात में चलने नही दी जाएगी। बताते चले कि बीते सप्ताह थाना प्रभारी नवीन कुमार ने डांगापाड़ा में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया गया था।

चतरा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

चतरा। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के गोईनदी पंचायत के जार्जो, कान्हाचट्टी प्रखण्ड के जमरी बक्सपुरा, तरहसी प्रखण्ड के पंचायत उदयपुरा, लातेहार प्रखण्ड के हेरहंज समेत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के द्वारा लोगों को भारतीय जनता पार्टी को चतरा लोकसभा में रिकॉर्ड वोटों से विजय दिलाने का अपील किया। वहीं चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशि कालीचरन सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की मै इस मिट्टी में जन्म लिया हूं, आपके सुख दुःख में आपके साथ खड़ा हूं, मुझे बड़े भाग्य से चतरा के लोगों का सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है, मै आपसे वादा करता हू की आपके हितों में रक्षा के लिए मै सदैव तत्पर रहूंगा,इस क्षेत्र की समस्या का समाधान करना मेरा नैतिक कर्तव्य भी है। इस दौरान पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना देवी, जिप सदस्य रुपंती देवी, आशीष कुमार, भोला, प्रजापति, संतोष सिंह, आशीष पासवान, मिथलेश भारती, बीरबल सिंह, कुलेश्वर यादव, उपेंद्र भुइया, ललन यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

राजमहल लोकसभा क्षेत्र के एआईएमआईएम पार्टी से पॉल सोरेन होंगे उम्मीदवार

प्रतिनिधि,पाकुड़। एआईएमआईएम पार्टी के पाकुड़ जिलाध्यक्ष सामसाद आलम ने पाकुड़ एआईएमआईएम कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता किया। इस दौरान एआईएमआईएम पार्टी के कई वरीय पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष सामसाद आलम ने मीडिया को बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में एआईएमआईएम पार्टी से पॉल सोरेन राजमहल संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी होंगे?। इस हेतु पार्टी आलाकमान के द्वारा पॉल सोरेन के नाम मनोनयन पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 11 मई 2024 को पॉल सोरेन राजमहल लोकसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने मीडिया के प्रश्न - उत्तर में कहा कि बीते दस सालों में यहां के जनता को बहुत छला है, जिससे जनता का काफी रोष है। कहा कि जनता के बीच लगातार सम्पर्क करते हुए क्षेत्र में विकास की दशा से वाकिफ हैं। जिसका जवाब जनता वोट की चोट से देगी।

जेसीबी मशीन की ठोकर से हुई एक व्यक्ति की मौत

प्रतिनिधि,पाकुड । बीते सोमवार की रात नगर थाना क्षेत्र के बाईपास मौलाना चौक के समीप एक जेसीबी मशीन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेसीबी मशीन रफ्तार से चलाई जा रही थी जिसके कारण जेसीबी मशीन का का पिछला बोकेट वाला बूंब काफी हिल रहा था तभी अचानक पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार कलिकापुर निवासी 28 वर्षीय जाकिर को जेसीबी मशीन का बुंब लग गया जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी नगर थाना प्रभारी को दी एवं घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सोना जोड़ी भेजा। पुलिस के द्वारा जेसीबी मशीन को जप्त कर थाना लाया गया है।मंगलवार सुबह सूचना प्राप्त हुई कि घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। नगर थाना पुलिस ने जेसीबी मशीन के मालिक के ऊपर मामला दर्ज कर आगे की करवाई कर रही है।

फिल्मी स्टाइल में चकमा देकर 53,400 रुपए की हुई चोरी,

सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, जल्द होगी गिरफ्तारी - थाना प्रभारी

प्रतिनिधि,पाकुड़। शहर के हरिणडांगा बाजार स्थित वृंदावन मार्केट में संचालित भारतीय स्टेट बैंक में पैसा निकासी करने रहसपुर के निवासी नूर नबी शेख पहुंचे बैंक परिसर। बैंक पहुंचकर उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के चेक संख्या 006309 से कुल 53400 की निकासी करने हेतु जमा किए। बैंक की प्रक्रिया पूरा हो जाने के बाद काउंटर से उन्हें 53400 रुपए नगद भुगतान बैंक के द्वारा कर दिया गया जिसे उन्होंने अपने साथ लाए झोले में रखकर बैंक परिसर से नीचे उतरे और सड़क किनारे लगे अपने दो पहिए वाहन के डिक्की में रख दिए, उसी दरमियान डिक्की से उनका झोला सहित रकम गायब मिला। मामले की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस को बैंक द्वारा सूचना दी गई जिस पर प्रशिक्षु डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन दलबल के साथ भारतीय स्टेट बैंक पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। शाखा प्रबंधक के केबिन में सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, जिसमे देखा गया कि कुल तीन लोग नूर नबी शेख का रेकी कर रहे थे और निकासी के बाद जब पैसे से भरा झोले को डिक्की में रखा गया, उसी समय पहले से नीचे खड़े एक आदमी ने कुछ दस का नोट नीचे गिरा कर नूर नबी शेख को पैसा उठाने का बात बोला, और पलक झपकते खुले डिक्की से पैसे लेकर उक्त अनजान आदमी चलते बना। सारी घटना सीसीटीवी में कैद है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गए है, वही इस मामले पर डीएसपी शाह नगर थाना प्रभारी ने बताया कि चकमा देकर खुले डिक्की से पैसे चोरी की गई है। इस पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही कर रही है, जल्द मामले का खुलासा की जायेगी।

इस साल पूरा नहीं हो पाएगा परकोटे का काम, सीता रसोई में बनेगा रामलला का भोग

अयोध्या, एजेंसी। राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक सोमवार को समाप्त हुई। बैठक में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राममंदिर सहित परकोटा, सप्त मंडपम के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मंदिर निर्माण की कार्यदायी संस्था ने नृपेंद्र को जो प्रगति रिपोर्ट सौंपी है उसमें परकोटा निर्माण की समय सीमा बढ़ाने को कहा गया है। जिसके चलते इस साल परकोटे का काम पूरा नहीं हो पाएगा। इसके निर्माण की समय सीमा तीन माह बढ़ा दी गई है।

बैठक के बाद राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि पहले राममंदिर सहित परकोटे का काम दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। कार्यदायी संस्था एलएंडटी व टीसी का कहना है कि वे गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं कर सकते। इसलिए अब परकोटे का काम इस साल पूरा नहीं हो पाएगा। इसके लिए तीन माह का समय और बढ़ाया गया है। अब मार्च 2025 तक परकोटे का काम पूरा होगा। बताया कि 800 मीटर लंबे परकोटा

में करीब आठ लाख क्यूबिक फीट पत्थर लगाए जा रहे हैं। नृपेंद्र ने बताया कि परकोटे की डिजाइन इस तरह की गई है कि यह मंदिर की सुरक्षा दीवार के साथ-साथ परिक्रमा पथ का भी काम करेगा। श्रद्धालु परकोटे में बने परिक्रमा पथ से मंदिर की परिक्रमा कर सकेंगे। परकोटे में 112 झरोखे भी बनाए जा रहे हैं। साथ ही 100 स्थानों पर रामकथा आधारित म्यूरल यानी भित्तिचित्र भी उकेरे जाएंगे। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर के मुख्य आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव सहित एलएंडटी व टाटा कंसल्टेंसी के इंजीनियर मौजूद रहे।

112 झरोखे भी बनाए जा रहे

परकोटे की डिजाइन इस तरह की गई है कि यह मंदिर की सुरक्षा दीवार के साथ-साथ परिक्रमा पथ का भी काम करेगा। परकोटे में 112 झरोखे भी बनाए जा रहे हैं। साथ ही 100 स्थानों पर रामकथा आधारित म्यूरल यानी भित्तिचित्र भी उकेरे जाएंगे।

सीता रसोई में बनेगा भोग

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परकोटे में छह मंदिर व सप्त मंडपम में सात मंदिर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भगवान शिव, हनुमान, गणेश, सूर्य व माता पार्वती का मंदिर बनेगा। परिसर में एक स्थान सीता रसोई है, जो काफी जर्जर अवस्था में था, इसका जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसमें माता अन्नपूर्णा का मंदिर बनेगा। यहीं रामलला का भोग प्रसाद भी निर्मित होगा, जो रामलला को अर्पित किया जाएगा।

एम्स थानेदार ने कोर्ट में दिया लिखित माफीनामा, सीजीएम ने नहीं स्वीकारा

गोरखपुर , एजेंसी। गोरखपुर। सीजीएम प्रथम अरुण कुमार यादव के कोर्ट में गलत व्यवहार के आरोपों में घिरे एम्स थानेदार संजय कुमार सिंह ने सोमवार को माफीनामा दे दिया। न्यायालय में उन्होंने माफीनामा देते हुए खुद को स्वयं विधि का पालक बताया और क्षमा मांगा है। हालांकि, सीजीएम प्रथम ने माफीनामा को स्वीकार नहीं किया है और जिला जज तेज प्रताप तिवारी को कार्रवाई से अवगत कराया। जिला जज ने संजय कुमार सिंह के विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही चलाने के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद को संदर्भित किया है। जानकारी के मुताबिक, एक मई को एम्स थानेदार जालसाज कमलेश यादव और उसके साथी दीनानाथ पर दर्ज केस में रिमांड लेने के लिए विवेचक के साथ गए थे। इस दौरान कोर्ट में रिमांड को लेकर बहस हो गई। आरोप है कि न्यायालय में एम्स थानेदार संजय कुमार सिंह द्वारा न्याय कार्यवाही के दौरान अमर्यादित, असंसदीय एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई थी।

30 साल से कम उम्र वालों की भी फूल रहीं सांसें, कमजोर हो रहा फेफड़ा, बरतें सावधानी

वाराणसी, एजेंसी। बढ़ती उम्र में होने वाली सांस की बीमारी अब कम उम्र वालों को भी होने लगी है। फेफड़ा भी कमजोर हो रहा है। अस्थमा इसकी बड़ी वजह है। बीएचयू अस्पताल के साथ ही अन्य अस्पतालों में 30 साल से कम उम्र वाले मरीज भी अस्थमा की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। डॉक्टर बदलती जीवनशैली और खानपान के साथ धूल, धुएं से बढ़ते प्रदूषण को इसकी वजह मान रहे हैं। वैसे डॉक्टरों के अनुसार अस्थमा के अधिकांश मामले अनुवांशिक होते हैं। बीएचयू सहित अन्य अस्पतालों में हर दिन 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं।

भाजपा के बाद अब ताकत दिखाएगा इंडिया गठबंधन, आ सकते हैं अखिलेश-राहुल, प्रियंका-डिंपल के रोड शो की मांग

अयोध्या, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद अब इंडिया गठबंधन भी अपना पासा फेंकने की तैयारी में है। इसके लिए राहुल-अखिलेश की जनसभा व प्रियंका-डिंपल और इकरा हसन के रोड शो की मांग है। वहीं, मित्रसेन के गढ़ में शिवपाल यादव की जनसभा कराकर यादव मतों को सहेजने की कोशिश भी की जाएगी।

पीएम मोदी ने रविवार को सुग्रीव किला से लता चौक तक रोड शो करके बड़ा सियासी संदेश देने की कोशिश की। अन्य चरणों में होने वाले चुनावों की दिशा भी तय करने का प्रयास किया। पीएम की इस सियासी चाल के संभावित नफा-नुकसान का विपक्ष भी आंकलन कर रहा था, जिसकी काट खोजने के लिए इंडिया गठबंधन के दोनों प्रमुख दलों ने भी आपसी सहमति व राय-मशविरे के साथ मजबूत रणनीति तैयार की है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की एक साथ जनसभा कराने की तैयारी है। जिले से सात बार चुनाव जीत चुकी कांग्रेस के बड़े नेता की सभा कराकर सपा भी नया सियासी संदेश देने की कोशिश में है। वहीं, आधी आबादी के मतों को साधने के लिए भी मजबूत प्लान बनाया गया है। इसके लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी व सपा सांसद डिंपल यादव के रोड शो की तैयारी है। उनके साथ कैराना से लोकसभा चुनाव लड़ चुकीं सपा की स्टार प्रचारक इकरा हसन को भी बुलाने की योजना है।

मित्रसेन के गढ़ में शिवपाल से समीकरण साधने की कोशिश

कद्दावर नेता रहे मित्रसेन यादव के गढ़ मिल्कीपुर क्षेत्र में पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने जीत हासिल की थी। उस समय मित्रसेन के छोटे पुत्र आनंदसेन यादव सपा प्रत्याशी थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे, जो इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं। वहीं, इस बार आनंदसेन को टिकट न मिलने से उनके बड़े भाई व पूर्व आईपीएस अरविंद सेन सीपीआई से मैदान में हैं। दो दिन पूर्व आनंदसेन यादव भी अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। ऐसे में यादव मतों के बिखराव को रोकने के लिए सपा मिल्कीपुर क्षेत्र में वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव की सभा कराने की तैयारी में है। इसके लिए भी डिमांड भेजी गई है।

नौ से 18 मई के बीच होंगे कार्यक्रम

सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि जनसभाओं व रोड शो के लिए सूची बनाकर डिमांड भेजी गई है। नौ से 18 मई के बीच ही सभी कार्यक्रम होने की उम्मीद है। तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

आतंक मचाने वाला तेंदुआ पिंजरें में हुआ कैद, आठ साल की बच्ची को बनाया था निवाला

बहराइच, एजेंसी। बहराइच के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर वन रेंज के घर्मापुर गांव में आतंक मचाने वाला तेंदुआ पिंजरें में कैद हो गया जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। कतर्नियाघाट जंगल के किनारे बसे घर्मापुर गांव में एक सप्ताह से तेंदुए के हमले अचानक बढ़ गये थे और तेंदुआ घर में सो रही बालिका शमा (8 वर्ष) को उठा ले गया और खेत में निवाला बना लिया था। इस घटना के बाद तेंदुए की लगातार गांव में आमद हो रही थी और दो दिन बाद गांव की एक बालिका पर हमला कर दिया था। लगातार दो घटनाओं के बाद के बाद से ग्रामीणों मे दहशत का माहौल था जिस पर वन विभाग द्वारा घर्मापुर गांव में पिंजरा लगाया गया था तथा वन विभाग की टीम वन क्षेत्राधिकारी मोबीन आरिफ के नेतृत्व में गस्त तेज कर तेंदुआ के मूवमेंट पर नजर रख रही थी। आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए 15 थर्मो सेंसर कैमरे भी लगाए गए थे। सोमवार रात तेंदुआ शिकार के लिए गांव की ओर आया तो गांव के किनारे पिंजरे में बंधी बकरी के शिकार के लालच में पिंजरे में कैद हो गया। इस दौरान गश्त कर रही वन विभाग की टीम को तेंदुए के गुर्राने की आवाज सुनाई पड़ी तो वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ पिंजरें के पास गये तो देखा तेंदुआ पिंजरें में कैद हो गया था। तेंदुए के पिंजरे मे कैद होने की सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुआ को पिंजरा सहित वन रेंज कार्यालय ले आये। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी की लहर है और सभी ने राहत महसूस की। वन क्षेत्राधिकारी धर्मापुर मोबीन आरिफ ने बताया कि सोमवार की रात घर्मापुर गांव में आतंक मचाने वाली मादा तेंदुआ पिंजरें में कैद हो गई थी। स्वास्थ्य के परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीएम योगी बोले- एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाना चाहता है इंडी गठबंधन, जनता वोट से जवाब दे

लखनऊ , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के दल, एस-एससी व ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण पर सेंध लगाकर उसे मुसलमानों को देना चाहते है। जनता को अपने वोट से इनका जवाब देना चाहिए। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के च्मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिएज वाले बयान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, च्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि इंडी गठबंधन से जुड़े हुए दल ओबीसी, अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण पर सेंध लगाने का काम कर रहे हैं।

इनका घोषणापत्र इस बात का प्रमाण है...कांग्रेस, सपा, राजद को जब भी मौका मिलेगा ये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगाकर इन्हें जबरन अल्पसंख्यकों को देने का प्रयास करेंगे।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार ऐसा दावा किया है कि इंडी गठबंधन के लोग अगर सत्ता में आए तो आरक्षण कें सेंध लगाकर मुसलमानों को दे देंगे।

चौपारण प्रखंड के ताजपुर राजकीय कृत आदर्श मध्य विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का शपथ लिया गया

प्रतिनिधि,चौपारण। चौपारण (हजारीबाग) राजकृत आदर्श मध्य विद्यालय चौपारण में लोकसभा चुनाव पर्व 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बुथ नम्बर 61,62,63,64,65 में जिसमें मतदाता जागरूकता शपथ लिया गया तथा कैंडल मार्च रंगोली इत्यादि कार्यक्रम किया गया। जिसमें इस अभियान को चलाने का उद्देश्य है कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में 80त्र मतदाता को सफल बनाना है जिसमे सामिल हुए एडवोकेट एडवोकेट अख्तार पंचायत सचिव श्री मोहन यादव संतोष कुमार ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि श्री अभिमन्यु प्रसाद और छ्वस्स्क्र से ष्ट्ट राजेश कुमार अनंत कुमार डीकेश कुमार जेंडर सीआरपी रानी कुमारी

61 बुथ नम्बर बीएलओ ममता शर्मा
62 बुथ नम्बर ममता देवी
63 बुथ नम्बर शहजादी खातून
64 बुथ नम्बर खुशबू कुमारी
65 बुथ नम्बर पूनम देवी

और सोनी देवी सोनी देवी उषा देवी नंदा देवी रीता देवी सरिता देवी अनीता देवी सलमान खातून खुशी कुमारी नीलू देवी संगीता देवी बबिता देवी तथा अन्य इस अभियान में महिलाएं शामिल हुए।

चुनाव प्रचार के दौरान विधायक की मौजूदगी में लगा आपत्तिजनक नारा, वीडियो वायरल; जांच के निर्देश

आजमगढ़, एजेंसी। सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक नारा लगाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में क्षेत्रीय सपा विधायक की भी मौजूदगी है। वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया है और एसओ मुबारकपुर को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। वायरल वीडियो को लेकर हड़कंप मच गया है।

यह है मामला: सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ढकवा गांव का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो में क्षेत्रीय सपा विधायक अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के तहत भ्रमण कर रहे हैं। इसी भ्रमण के दौरान कुछ उत्साही लोग नारेबाजी भी कर रहे हैं। इसमें एक व्यक्ति देश विरोधी व आपत्तिजनक नारे लगा रहा है। साथ में चल रहे कुछ बच्चे भी नारे को दोहरा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लिया और जांच कर कार्रवाई का निर्देश मुबारकपुर पुलिस को दिया है।

क्या कहते हैं अधिकारी: वायरल वीडियो संज्ञान में आया है, जिसकी जांच करने और वीडियो में आपत्तिजनक नारा लगाने वाले को थाने पर लाकर पूछताछ करने का निर्देश एसओ मुबारकपुर को दिया गया है।

झारखंड सरकार,
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राँची जिला में कार्यरत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार का उत्पाद विषयक शिकायत वाट्सएप मोबाइल संख्या 9431170128, 9431150389, 9110031469, 7004456968, 6204495410, 9431325577, 6201708918, 9031380385 एवं 9507175433 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा।

सूचना देनेवाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह०/-
उपायुक्त रॉंची।

PR 324522 Ranchi(24-25)D

आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करे राजनीतिक दल

संपादकीय

अब यह उजागर है कि प्रत्याशी के चुनाव में राजनीतिक दलों से साफ-सुथरी छवि का ध्यान रखने की चाहे जितनी अपेक्षा और मांग की जाए, पर उनका मकसद एक ही होता है। वे उसी को उम्मीदवार बनाते हैं, जिसके जीतने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह आपराधिक छवि का ही क्यों न हो। माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी बृजभूषण शरण सिंह को चुनाव मैदान में नहीं उतारेगी। इसे लेकर उसमें ऊहापोह भी देखी जा रही थी। मगर लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार उसने उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दे दिया। बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में अदालत की सुनवाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी वजह से भाजपा को खासी किरकिरी झेलनी पड़ी। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी बृजभूषण शरण सिंह पर अंगुली उठाई थी, जिसके चलते उन्हें कुश्ती महासंघ के चुनाव से अलग रहना पड़ा। मगर उन्होंने कुश्ती महासंघ पर अपना दबदबा कायम रखने की नीयत से अपने एक करीबी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया और उसे ही विजय भी मिली। उस पर भी अंगुलियां उठनी शुरू हुईं, तो खेल मंत्रालय को आखिरकार बृजभूषण शरण सिंह के करीबी को अध्यक्ष पद से हटाना पड़ा। यह समझना मुश्किल है कि भाजपा के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने बृजभूषण शरण सिंह से अपना पल्ला छुड़ाना उचित नहीं समझा। उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दे दिया। इससे बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उठ रहे सवाल शांत नहीं हो जाएंगे। इसके पीछे एक वजह तो यह बताई जाती है कि उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज लगातार भाजपा पर आरोप लगा रहा था कि वह राजपूत समाज के प्रत्याशियों का टिकट काट रही है। दूसरा कारण यह हो सकता है कि बृजभूषण का टिकट कटने से उनके बगावत करने और उस सीट से भाजपा के हारने की आशंका हो सकती थी। मगर इस तरह समझौता करके भाजपा अगर अपनी एक सीट बचा भी ले, तो इससे उसके सिद्धांतों पर सवाल तो उठेंगे ही। लंबे समय से मांग की जा रही है कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों का चयन करते हुए उनकी छवि का ध्यान रखें। निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करें। अगर वे किसी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देती हैं, तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, क्या उसकी जगह कोई और प्रत्याशी नहीं मिला। बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे को टिकट देकर बेशक भाजपा इस जवाबदेही से बच गई है।

आत्मरक्षा - सुरक्षा के लिए शिक्षा

विजय गर्ग

आत्मरक्षा स्वयं को, अपनी संपत्ति को या किसी अन्य को शारीरिक क्षति से बचाने का कार्य है। महिलाओं के जीवन में आत्मरक्षा की अहम भूमिका है। आत्मरक्षा एक ऐसा कौशल है जिसे प्रत्येक महिला को अपने और दूसरों के जीवन को दैनिक आधार पर या जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, सुरक्षित बनाने के लिए हासिल करना चाहिए। महिलाएं अक्सर अपनी शारीरिक क्षमता के कारण इसका शिकार बनती हैं। आत्मरक्षा तकनीकें उन्हें उन स्थितियों पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाती हैं जिनमें वे मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमले आदि का शिकार हो सकती हैं। ऐसी तकनीकें यह महसूस करने में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं कि यदि कोई आपकी सीमाओं का सम्मान नहीं करता है, तो आपको उन्हें रोकना चाहिए। विशेषकर महिलाओं में अपराध बढ़ रहे हैं। और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां रहते हैं या काम करते हैं, आपको किसी हिंसक या घुसपैठिए अपराध का शिकार बनने का खतरा है। इससे निपटने का एक ही सही तरीका है, कुछ मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और आत्मरक्षा उपकरणों के साथ अपनी सुरक्षा करना। सबसे अधिक संभावना है, जब कोई व्यक्तिगत हमला होता है तो इसकी बहुत अधिक संभावना होती है कि पुलिस पास में खड़ी नहीं होगी और यह भी संभावना है कि पुलिस केवल क्षति होने के बाद ही इसमें शामिल हो सकती है। हर कोई सुरक्षित महसूस करने का हकदार है और आत्मरक्षा उपकरण प्रदान करती है। जबकि अकादमिक शिक्षा पर इतना ध्यान दिया जाता है, किसी को आत्मरक्षा को बेकार या अनावश्यक नहीं मानना ??चाहिए क्योंकि जैसे शैक्षणिक हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, वैसे ही आत्मरक्षा हमारी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। आत्मरक्षा शिक्षा अधिकांश लोग आत्मरक्षा को किसी हमलावर की कमर पर लात मारना या मुक्का मारना समझते हैं। लेकिन आत्मरक्षा का वास्तविक अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से लड़ने से बचने के लिए हर संभव प्रयास करना है जो आपको धमकी देता है या हमला करता है। आत्मरक्षा में केवल अपनी मुट्ठियों का नहीं बल्कि अपने सिर का उपयोग करना शामिल है। इस शिक्षा के लिए किसी आवश्यकता की आवश्यकता नहीं है या बहुत ही न्यूनतम आवश्यकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कोई पिछला अनुभव है या नहीं। इसमें कोई वर्दी, विदेशी शब्दावली, पारंपरिक अनुष्ठान या औपचारिकताएं नहीं हैं। यह सिर्फ व्यावहारिक और सरल जीवन रक्षक कौशल तकनीक है जिसके लिए न्यूनतम प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। आत्मरक्षा शिक्षा केवल सशक्त महिलाओं के लिए नहीं है, यह सभी महिलाओं और सभी उम्र की महिलाओं के लिए है। इसे औपचारिक होने की आवश्यकता नहीं है. कोई भी इसे कहीं से भी प्राप्त कर सकता है, चाहे वह दोस्तों, रिश्तेदारों, परिवार, साहित्य आदि से हो। लेकिन केवल मूर्खतापूर्ण युक्तियों पर भरोसा करने के बजाय उचित ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव होना बेहतर है। आत्मरक्षा शिक्षा के साधन कार्यशालाएँ- महिलाओं को सड़कों, ट्रेनों या यहाँ तक कि उनके घरों की सीमा में होने वाले हमलों के खिलाफ तैयार करने के लिए समय-समय पर महिलाओं के लिए आत्मरक्षा पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। ऐसी कार्यशालाएँ आम तौर पर गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित की जाती हैं और वे आपको सिखाती हैं कि किसी उपद्रव से कैसे निपटा जाए, खुद को हमलावर से कैसे बचाया जाए और उससे कैसे निपटा जाए। विशेष कार्यक्रम- हाई स्कूलों, कॉलेजों, सामुदायिक केंद्रों, महिला आश्रयों, व्यवसायों और अन्य संगठनों के लिए विशेष कार्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं। आत्मरक्षा कार्यक्रम विशेष रूप से विभिन्न स्थितियों में महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इनमें से अधिकांश स्कूलों या कॉलेजों में स्कूल के बाद की गतिविधि के रूप में, या कक्षा-समय के दौरान शारीरिक शिक्षा या यौन शिक्षा कक्षाओं के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम घटक के रूप में पेश किए जाते हैं। ये कार्यक्रम अस्पतालों, व्यवसायों, सामुदायिक संगठनों और महिला केंद्रों को भी शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में व्याख्यान और व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीकें शामिल हैं व्यक्तिगत प्रशिक्षक- कुछ प्रशिक्षक आपके पास आकर व्यक्तिगत ध्यान देते हैं और एक कार्यक्रम अपनाते हैंअपनी आवश्यकताओं को पूरा करो। वे आपको बताते हैं और सिखाते हैं कि किसी हमले से कैसे बचना है, या जिस स्थिति में आप पर हमला होता है, उस स्थिति में कैसे मुकाबला करना है आदि। मार्शल आर्ट स्कूल- विभिन्न मार्शल आर्ट कक्षाओं में किकबॉक्सिंग, ताए-क्वोन-डो, कुंग फू, कराटे, क्राव मागा स्ट्रेचिंग, कंडीशनिंग और प्रभावी तकनीकों का संयोजन शामिल है जो आत्मविश्वास बढ़ाएंगे, तनाव कम करेंगे, ऊर्जा, फिटनेस, स्वास्थ्य को बढ़ावा देंगे और आपको सिखाएंगे। आत्म सुरक्षा की एक बहुत ही व्यावहारिक प्रणाली। ऐसी कलाएँ न केवल शरीर और दिमाग दोनों को बेहतर बनाती हैं बल्कि यह आपको जीवन बचाने के कौशल से भी सशक्त बनाती हैं। इंटरनेट- इंटरनेट आत्मरक्षा की जानकारी का खजाना है। विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रम और स्व-सहायता मार्गदर्शिकाएँ आत्मरक्षा के लिए आवश्यक चीज़ें प्रदान करती हैं। कुछ आत्मरक्षा उपकरणों की खरीदारी भी कराते हैं और महिलाओं पर अपराध की रोकथाम और जागरूकता भी बढ़ाते हैं। उनमें से एक है http://www.selfdefence.in/ किताबें, पत्रिकाएँ और अन्य साहित्य- विभिन्न प्रकार के प्रकाशन आत्म सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हैं। मीडिया प्रपत्र- विभिन्न टीवी चैनल और रेडियो कार्यक्रम इस पहलू पर शिक्षा के एजेंट के रूप में कार्य करते हैं। कुछ डीवीडी, सीडी, सीडी-रोम आदि भी इस उद्देश्य में मदद करते हैं। आत्मरक्षा के तरीके आत्मरक्षा उपकरण- विभिन्न प्रकार के उपकरण दुकानों और ऑनलाइन उपलब्ध हैं जो बहुत उपयोगी हैं। महिलाएं तीखे स्प्रे, चाबियां, छाते आदि जैसे रक्षात्मक हथियार ले जा सकती हैं। ऐसे उपकरण मुख्य रूप से बचाव और भागने के लिए होते हैं, न कि लंबी लड़ाई में शामिल होने के लिए। काली मिर्च स्प्रे या स्टन गन जैसे आत्मरक्षा उत्पाद खरीदने का सकारात्मक कदम आपकी जागरूकता में सुधार करता है और आपकी आत्मविश्वास की छवि को बढ़ाता है। हथियार: कुछ देशों में, आत्मरक्षा के उद्देश्यों के लिए हथियार ले जाना कानूनी है। जबकि अन्य देशों में किसी को लाइसेंस की आवश्यकता हो सकती है या कुछ वस्तुओं को बिना लाइसेंस के ले जाना कानूनी हो सकता है।

मुंबई की छह लोकसभा सीटों पर क्या सत्तारुढ़ शिवसेना, भाजपा, एनसीपी के लिए इस बार फँस गया है मामला?

मुंबई में छह संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक लड़ाई का मैदान सज चुका है और दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप के तीर एक दूसरे पर चलाये जा रहे हैं। छह में से तीन सीटों पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना आमने सामने हैं तो बाकी की तीन सीटों में से दो पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से होगा और एक सीट पर भगवा पार्टी शिवसेना (यूबीटी) से भिड़ेगी। हम आपको बता दें कि मुंबई में छह निर्वाचन क्षेत्र हैं- मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व और मुंबई उत्तर-पश्चिम। मुंबई की छह सीटें महाराष्ट्र की उन 13 सीटों में से हैं जिन पर 20 मई को पांचवें और अंतिम चरण में मतदान होगा।

(नीरज कुमार दुबे)

मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में दोनों शिव सेनाओं के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा बनाम शिवसेना (यूबीटी) का आमना-सामना होगा। मुंबई दक्षिण में उद्धव ठाकरे के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से मुकाबला करेंगे।

मुंबई में छह संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक लड़ाई का मैदान सज चुका है और दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप के तीर एक दूसरे पर चलाये जा रहे हैं। छह में से तीन सीटों पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना आमने सामने हैं तो बाकी की तीन सीटों में से दो पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से होगा और एक सीट पर भगवा पार्टी शिवसेना (यूबीटी) से भिड़ेगी। हम आपको बता दें कि मुंबई में छह निर्वाचन क्षेत्र हैं- मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व और मुंबई उत्तर-पश्चिम। मुंबई की छह सीटें महाराष्ट्र की उन 13 सीटों में से हैं जिन पर 20 मई को पांचवें और अंतिम चरण में मतदान होगा।

मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में दोनों शिव सेनाओं के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा बनाम शिवसेना (यूबीटी) का आमना-सामना होगा। मुंबई दक्षिण में उद्धव ठाकरे के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से मुकाबला करेंगे। यामिनी जाधव मुंबई के बायकुला विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल देसाई का मुकाबला मुंबई दक्षिण-मध्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के राहुल शेवाले से है। हम आपको बता दें कि अनिल देसाई हाल तक राज्यसभा सदस्य थे, वहीं राहुल शेवाले मौजूदा लोकसभा सदस्य हैं। इसके अलावा, मुंबई उत्तर-पश्चिम में उद्धव ठाकरे खेमे के अमोल कीर्तिकर का मुकाबला सत्तारुढ़ शिवसेना के रवींद्र वायकर से होगा। रवींद्र वायकर पहले शिवसेना (यूबीटी) में थे, वह हाल ही में शिंदे खेमे में शामिल हुए हैं। वह वर्तमान में मुंबई में जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इसके अलावा, कांग्रेस विधायक वर्षा गायकवाड़, जो पार्टी की मुंबई इकाई की अध्यक्ष भी हैं वह मुंबई उत्तर-मध्य में भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम के खिलाफ लड़ रही हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता पीयूष गोयल मुंबई उत्तर में कांग्रेस के भूषण पाटिल से मुकाबला करेंगे। हम आपको बता दें कि वर्षा गायकवाड़ जहां मुंबई में धारावी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, वहीं पीयूष गोयल राज्यसभा सदस्य हैं। इसके अलावा, मुंबई नॉर्थ-ईस्ट में भाजपा के मिहिर कोटेचा का मुकाबला शिवसेना यूबीटी के संजय दीना पाटिल से होगा। हम आपको बता दें कि मिहिर कोटेचा मुंबई के मुलुंड विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष
शरदचंद्र पवार
BJP
शिवसेना

हम आपको बता दें कि मुंबई उत्तर-मध्य से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद, वर्षा गायकवाड़ ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। इस दौरान उद्धव ने उन्हें अपना समर्थन देने का वादा किया और कहा कि उन्हें एक सांसद के रूप में दिल्ली भेजा जाएगा। यहां एक रोचक बात यह है कि यह पहली बार होगा कि ठाकरे किसी कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देंगे क्योंकि बांद्रा स्थित उनका आवास मुंबई उत्तर-मध्य निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गौरतलब है कि कांग्रेस और शिवसेना 2019 तक मुंबई में पारंपरिक रूप से राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। वैसे प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, दोनों पार्टियां सत्ता में पद पाने के लिए कई मौकों पर रणनीतिक साझेदारी करती रही हैं खासकर मुंबई नगर निकाय में। 2019 में उद्धव ठाकरे के पाला बदलने के बाद से तो दोनों दलों के बीच अच्छी दोस्ती देखने को मिल रही है।

मुंबई में विभिन्न राजनीतिक दलों की जमीनी स्थिति की बात करें तो 2014 के बाद से कांग्रेस मुंबई की सभी लोकसभा सीटें हारी है जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में वह यहां की 36 में से केवल पांच सीटें ही जीत सकी थी। मुंबई दक्षिण के पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा के शिवसेना में चले जाने और मुंबई उत्तर-मध्य की पूर्व सांसद प्रिया दत्त के दोबारा चुनाव लड़ने से इंकार करने के कारण, कांग्रेस के पास मैदान में उतारने के लिए कोई उम्मीदवार नहीं था। पार्टी नेता संजय निरुपम वहां से लड़ना चाहते थे लेकिन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में समान सीट-बंटवारा करा पाने में असमर्थ रहे कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना के लिए उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

भाजपा ने सभी तीन मौजूदा सांसदों को बदल दिया है, जबकि शिंदे की शिवसेना ने केवल राहुल शेवाले (मुंबई दक्षिण-मध्य) को फिर से नामांकित किया है। मुंबई उत्तर-पश्चिम के चुनावों में अजीब स्थिति देखने को मिल रही है क्योंकि शिवसेना ने यहां से गजानन कीर्तिकर की जगह रवींद्र वायकर को उतारा है। खास बात यह है कि गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को इस सीट से शिवसेना यूबीटी ने टिकट दिया है लेकिन गजानन कीर्तिकर का कहना है कि वह राजधर्म का पालन करते हुए अपने बेटे के खिलाफ चुनाव प्रचार करेंगे।

दूसरी ओर, हमने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान महसूस किया कि ज़मीनी स्तर पर जो तस्वीर उभर रही है, उसके अनुसार, शिव सेना (यूबीटी) और कांग्रेस कैडर के बीच ज़मीनी स्तर पर अच्छी पकड़ हो गई है और इनके कार्यकर्ता मिल कर काम करते दिख रहे हैं लेकिन चुनाव प्रबंधन के मामले में यह भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति से पीछे हैं। महायुति में शामिल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी जिस तरह सधे हुए अंदाज में चुनाव प्रचार चला रहे हैं उसका असर हर जगह दिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा भी मुंबई में रखवाई जा रही है जिससे चुनाव प्रचार की दशा और दिशा ही बदल जायेगी। इसके अलावा भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने मुंबई आकर बुद्धिजीवियों, प्रोफेशनल्स और समाज के विभिन्न वर्गों की अलग-अलग बैठकें कर उनको यह समझाना शुरू कर दिया है कि क्यों देश के लिए तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व जरूरी है। हमने सभी संसदीय क्षेत्रों में लोगों से बात की। इस दौरान सभी ने एक बात कही कि आप जहां भी जाएंगे वहां निर्माण कार्य होते हुए पाएंगे। लोगों ने कहा कि मुंबई की जरूरतों को समझ कर जिस तरह यहां विकास की परियोजनाएं लाई गयी हैं उससे आने वाले समय में सबको बड़ा फायदा होगा इसलिए हम समझते हैं कि यह सरकार चलती रहनी चाहिए। महिलाओं से तो हमने जहां भी बात की वहां पर सभी ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये।

देखा जाये तो 2024 के लोकसभा चुनाव महाराष्ट्र के लिए भी बड़े मायने रखते हैं क्योंकि 2019 में हुए राजनीतिक फेरबदल के बाद यह पहली बड़ी चुनावी परीक्षा होगी। लेकिन इस परीक्षा के दौरान जिस तरह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का मुद्दा हावी है वह दर्शा रहा है कि सत्तारुढ़ गठबंधन एक बार फिर सभी सीटों पर विजय हासिल कर सकता है। वैसे तो महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच सीधी टक्कर होनी है लेकिन जिस तरह मुंबई उत्तर मध्य के चुनावी मैदान में एआईएमआईएम तथा यूपी स्थित राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल (आरयूसी) ने मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई उत्तर पूर्व से मोहम्मद सिराज इकबाल शेख को भी मैदान में उतारा है उससे भाजपा विरोधी मतों का बंटवारा होना निश्चित है जिससे भगवा पार्टी की राह आसान हो जायेगी।

हम आपको बता दें कि मुंबई को मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिले में विभाजित किया गया है। मुंबई दक्षिण और मुंबई दक्षिण-मध्य निर्वाचन क्षेत्र मुंबई शहर में हैं, जबकि बाकी निर्वाचन क्षेत्र मुंबई उपनगरीय क्षेत्रों में हैं। मुंबई शहर में 24 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि उपनगरीय क्षेत्रों में 74 लाख मतदाता हैं।

सबके हाथों में तकनीक की ताकत

चार महीने पहले नए साल का स्वागत करते समय जब यह बताया जा रहा था कि इस वर्ष दुनिया में सबसे ज्यादा देशों में चुनाव होने वाले हैं, तब तमाम विश्लेषणों में यह बात भी नत्थी कर दी गई थी कि 2024 वह साल होने वाला है, जब जनता के फैसले को एआई तकनीक से प्रभावित करने की कोशिशें होंगी। ठीक वैसे ही, जैसे इसके पहले तक हर चुनाव को फर्जी खबरों, यानी फेक न्यूज से प्रभावित करने की कोशिशें होती रहीं। यह साफ था कि एआई झूठी चुनाव गाथाओं को उस हद तक ले जा सकती है, जहां फेक न्यूज पुरातन काल की चीज नजर आने लगे। सबको डर था कि चुनाव की गाथा इस बार कहीं एआई कारखानों से ही न लिखी जाए।

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

चीजें उसी तरफ बढ़ती दिख रही हैं, जिधर उनके जाने की आशंका थी। गृह मंत्री अमित शाह के नकली अकल, यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से संपादित वीडियो का जिस तरह से इस्तेमाल हुआ, उससे साफ हो गया है कि तकनीक की खतरनाक क्षमताओं को गंदी राजनीति ने साधना शुरू कर दिया है। इसके पहले भी कुछ ऐसे वीडियो आ चुके हैं।

चार महीने पहले नए साल का स्वागत करते समय जब यह बताया जा रहा था कि इस वर्ष दुनिया में सबसे ज्यादा देशों में चुनाव होने वाले हैं, तब तमाम विश्लेषणों में यह बात भी नत्थी कर दी गई थी कि 2024 वह साल होने वाला है, जब जनता के फैसले को एआई तकनीक से प्रभावित करने की कोशिशें होंगी। ठीक वैसे ही, जैसे इसके पहले तक हर चुनाव को फर्जी खबरों, यानी फेक न्यूज से प्रभावित करने की कोशिशें होती रहीं। यह साफ था कि एआई झूठी चुनाव गाथाओं को उस हद तक ले जा सकती है, जहां फेक न्यूज पुरातन काल की चीज नजर आने लगे। सबको डर था कि चुनाव की गाथा इस बार कहीं एआई कारखानों से ही न लिखी जाए।

अमेरिका जैसे देश में तो इस साल की शुरुआत से ही झूठ के इस संसार ने नया मायावी रूप धारण करना शुरू कर दिया था। पिछले दिनों जब अमेरिका में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने के लिए प्राइमरीज के चुनाव चल रहे थे, तभी से एआई से तैयार किए गए वीडियो आने लग गए। इनमें से एक वीडियो काफी चर्चा में आया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अपने पार्टी प्रतिनिधियों से अपील कर रहे थे कि प्राइमरीज के चुनाव में वे वोट न डालें और अपनी ऊर्जा को बाद में चुनाव के लिए बचाकर रखें। हालांकि, इसका कोई असर पड़ता, इसके पहले ही बात खुल गई, लेकिन तब तक यह भी साफ हो गया कि खतरे कहां तक हैं।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव अभी दूर है और जिस तरह से यह सब हो रहा है, मान लिया गया है कि इस चुनाव में एआई के झूठ बड़ी भूमिका निभाएंगे। अमेरिका में यह सब जब होगा, तब होगा, लेकिन भारत में तो फिलहाल चुनाव चल रहे हैं। एक तिहाई चुनाव तो निपट भी गए हैं। साल के शुरू में लग रहा था कि चुनाव का दौर आते-आते एआई के झूठ की बाढ़ आ सकती है। अमित शाह का यह वीडियो बताता है कि वे आशंकाएं सही थीं। इसके साथ ही कुछ नेताओं और अभिनेताओं के एआई से तैयार फर्जी वीडियो पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहे हैं। मगर एक सच यह भी है कि अभी उतनी नहीं है, जितनी साल की शुरुआत में आशंका थी।

अभी भारत में जो आम चुनाव चल रहे हैं, उसकी तुलना कीजिए पिछले दो आम चुनावों या इस दौरान हुए विधानसभा व अन्य चुनावों से। इस दौरान सोशल मीडिया पर जितने प्रकार के, जितनी मात्रा में झूठ परोसे गए, उतने तो इस देश की राजनीति और समाज ने पहले कभी देखे तक नहीं थे। 2019 के चुनाव को तो सोशल मीडिया और वाट्सएप चुनाव भी कहा गया था। तब तक देश की एक बड़ी आबादी के हाथों में ऐसी तकनीक आ चुकी थी, जिससे पलक झपकते ही किसी बात या बतंगड़ को पूरे देश में फैलाया जा सकता था। उस चुनाव का पूरा फसाना तकनीक ने ही तय किया था या उसके प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई थी। मगर यही बात इस बार एआई के बारे में नहीं कही जा सकती। कुछ खतरनाक किस्म के और चिंता पैदा करने वाले फर्जी वीडियो जरूर सामने आए हैं, लेकिन वे ऐसे नहीं हैं कि उनसे चुनाव का पूरा फसाना तय हो रहा हो या बदल रहा हो।

गौर से देखें, तो इस चुनाव में सिर्फ इतना ही नहीं हुआ। इस बार फर्जी खबरों, यानी फेक न्यूज की संख्या और उनके बोलबाले में भी नाटकीय तौर पर कमी आई है। कम संख्या में ही सही, फर्जी खबरें अब भी आ रही हैं, लेकिन चुनाव के विमर्श में वे कोई बड़ी भूमिका निभाती नहीं दिख रहीं। नेताओं के भाषणों में अब भी झूठ बोले जा रहे हैं, बेमतलब के आरोपों-प्रत्यारोपों से चुनाव जीतने की कोशिशें अभी भी पहले की ही तरह हो रही हैं। मगर स्मार्टफोन के जरिये सीधे हमारे घर में आ धमकने वाली फर्जी खबरों में कमी के संकेत हर तरफ मिल रहे हैं।

देश में जिस तरह की राजनीति है, उसमें यह तो नहीं माना जा सकता कि हमारे राजनीतिज्ञों में कोई सुधार आ गया और उन्होंने सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल से तौबा कर ली है। दरअसल, चुनाव आयोग की सतर्कता और झूठ का तुरंत ही पर्दाफाश करने वाले फैक्ट चैकर्स की फुर्ती इसमें एक भूमिका निभा सकती है और अब ये दोनों तरह की ताकतें ज्यादा सक्रिय हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि ये पहले पूरी तरह से नदारद थीं। ऐसे में, सही कारण समझना थोड़ा मुश्किल जरूर है, पर कुछ अनुमान तो लगाए ही जा सकते हैं।

पिछले कुछ समय में एक चीज जरूर हुई कि अब सोशल मीडिया पर किसी एक दल का बोलबाला नहीं रहा। तकरीबन सभी छोटे-बड़े दलों ने अपने आईटी सेल बना लिए हैं और वे बराबर सक्रिय भी हैं। वे एक्स और इंस्टाग्राम से लेकर यू-ट्यूब तक हर जगह सक्रिय हैं। हर एक के पास अपने समर्थकों के बड़े नेटवर्क हैं। अब सभी ये सीख गए हैं कि कब किसी हैशटैग को किस तरह से ट्रेंड कराना है और किस बहस को कब किधर मोड़ देना है। किसी भी झूठ, फरेब या दावे का वे तुर्की-ब-तुर्की जवाब देने के लिए हरदम सक्रिय रहते हैं। इस सबने सभी को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया है।

पिछले दिनों देश के विपक्षी दल लेवल प्लेइंग फील्ड, यानी बराबरी के मैदान की मांग कर रहे थे। चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट तक यह मुद्दा अलग-अलग तरह से उठाया गया। जब चुनावी बॉन्ड के आंकड़े आए, तब भी यही कहा गया कि लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं है। इन तर्कों में कितना दम है, यहां इस चर्चा की फिलहाल जरूरत नहीं, पर एक सच यह है कि तकनीक ने देश के छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दलों को बराबरी का मैदान उपलब्ध करा दिया है। चुनाव के नतीजे अब चाहे जो भी हों, पर 2024 के आम चुनावों की एक कहानी यह भी है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

गुजरात के कच्छ में है गधों के लिए संरक्षित सेंक्चुरी

तुमने बाघ, शेर, चिड़ियों और गैंडों को बचाने के लिए, उन्हें सुरक्षित रखने के लिए सेंक्चुरी बनाने का बात तो सुनी होगी! पर क्या तुम्हें पता है कि भारत में एक ऐसी सेंक्चुरी है, जो जंगली गधों के लिए संरक्षित है? यह सेंक्चुरी बनाई गई है गुजरात के कच्छ में। यह इंडियन वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी करीब पांच हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है और इसीलिए यह भारत की सबसे बड़ी वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी है। गुजरात में इन जंगली गधों को घुड़खर कहा जाता है। ये कद में आम गधों से ऊंचे होते हैं। ये कच्छ में मिलने वाले घास और पेड़ों के पत्ते आदि खाकर अपना गुजारा करते हैं। यह जानकर तुम्हें हैरानी होगी कि ये जंगली गधे 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकते हैं। पहली बार 1940 में जब इन गधों की गिनती कराई गई, तब ये देश भर में साढ़े तीन हजार से ज्यादा की संख्या में थे। परंतु 20 साल के अंदर ही उनकी संख्या घटकर केवल साढ़े तीन सौ रह गई। इसके बाद इन्हें बचाने के लिए सैंक्चुरी बनाने का फैसला किया गया। फिर 1972 में यह बनकर तैयार हुई। आज इन घुड़खर की संख्या अच्छी-खासी है।

पाजामा पहनते हैं यहां के गधे

फ्रांस के सेंट मार्टिन हार्बर पर गधों को पाजामा पहनाने का अनोखा प्रचलन है। यहां हर साल बहुत से देशी-विदेशी सैलानी आते हैं। सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं गधे, जो रंग-बिरंगे सूती कपड़े के पाजामे पहने होते हैं। बच्चे इन गधों पर ठीक वैसे ही सवारी करते हैं, जैसे घोड़ों पर की जाती है। दरअसल इन गधों को पाजामा पहनाने की प्रथा इसलिए शुरू की गई, क्योंकि यहां की नमकीन दलदली जमीन पर मक्खी और मच्छर ज्यादा हैं। गधों को उनके काटने से बचाने के लिए उन्हें पाजामा पहनाया जाता है।

दुनिया का सबसे बड़ा अंडरवॉटर म्यूजियम

जहां पानी के अंदर हैं 500 से ज्यादा आदमकद मूर्तियां

अगर आप कुछ अलग और एडवेंचरस जगहों को देखने में रुचि रखते हैं तो आपको मैक्सिको के कैनकन शहर में स्थित मूसा म्यूजियम जरूर देखना चाहिए जो दुनिया का सबसे बड़ा अंडरवॉटर म्यूजियम है। जहां पानी के अंदर एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। लगभग 500 आदमकद मूर्तियों वाला ये म्यूजियम कोरल रीफ्स के संरक्षण के मकसद से बनाया गया है।

म्यूजियम ये नाम सुनते ही दिमाग में पुरानी चीज़ों को सहेजकर रखने वाली जगहों का ध्यान आता है। हालांकि बदलते समय के साथ अब म्यूजियम्स में आकर फन और एडवेंचर का एक्सपीरियंस भी लिया जा सकता है। जिसका बेहतरीन उदाहरण है दुबई का म्यूजियम ऑफ फ्यूचर, दिल्ली का टॉयलेट म्यूजियम या फिर थाईलैंड का कंडोम म्यूजियम, तो आज हम आपको ऐसे ही एक और अजीबो-गरीब म्यूज़ियम के बारे में बताने वाले हैं, जिसे देखने के लिए आपको पानी में गोते लगाने पड़ेंगे। इसका नाम म्यूजिओ सबक्यूआटिको डी आर्टे या अंडर वॉटर आर्ट म्यूजियम है। यह म्यूजियम दक्षिण अमेरिका के मैक्सिको के कैनकन शहर में स्थित है। जिसे दुनिया का सबसे बड़ा अंडरवॉटर म्यूजियम माना जाता है।

सतह से 29 फीट नीचे हैं मूर्तियां

इस म्यूजियम की शुरुआत नेशनल मरीन पार्क के डायरेक्टर जेम गोंजालेज केनो ने साल 2009 में की थी। जिसमें पानी की सतह से लगभग 15 से 29 फीट नीचे 500 से भी ज्यादा आदमकद मूर्तियां रखी गई हैं। इस म्यूजियम को बनाने का मकसद कोरल रीफ्स को सुरक्षित रखना है। यहां रखी मूर्तियां कंक्रीट से बनी हुई हैं। जिससे कोरल रीफ्स के साथ ही जलीय जीवों और पानी को भी किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि मूर्तियों को बनाने में जिस तरह की सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है, वो कोरल रीफ की ग्रोथ में मददगार है। इस म्यूजियम में जेसन डीकैरेस, केरेन सेलाइनास, रार्बटो अब्राहम, रोड्रिगो रेयास और सालवाडोर एनिस जैसे कलाकारों की मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। इसे बनाने में पूरे 18 महीने लगे थे और नवंबर 2010 में इसे आम दर्शकों के लिए खोला गया था।

मानव और प्रकृति के बीच का संबंध दर्शाती हैं यहां रखी मूर्तियां

द साइलेंट इवॉल्यूशन

यह इस म्यूजियम का सबसे बड़ा मूर्ति संग्रह है। जहां तकरीबन 200 मूर्तियां हैं। ये मूर्तियां यहां के स्थानीय वस्त्रकला, व्यापार और संस्कृति को दर्शाती हैं। इन मूर्तियों की खासियत है कि बढ़ते वक्त के साथ ये कोरल रीफ्स की तरह बर्ताव करने लग जाती हैं। इन मूर्तियों में हर उम्र और जेंडर को शामिल किया गया है।

फॉक्सवैगन बीटल

इस म्यूजियम में सीमेंट से बनी फुल साइज फॉक्सवैगन बीटल कार की भी प्रतिकृति मौजूद है। कार की ये प्रतिकृति अंदर से बिल्कुल खोखली है जिससे जलीय जीव इसमें आ जा सके। कार के बोनट पर एक इंसान भी बैठा हुआ दिखाया गया है।

सी एस्केप और द अर्बन

सी एस्केप पानी के अंदर बनी हुई कंक्रीट की रिंग्स हैं। म्यूजियम देखते वक्त पर्यटक स्कूबा डाइविंग करते हुए इनके अंदर से भी जा सकते हैं। इसके साथ ही यहां कई छोटे-छोटे घर भी बने हुए हैं। ये घर पानी के अंदर एक शहर जैसे नजर आते हैं। जिसमें चिमनी और खिड़कियां भी देखी जा सकती हैं ।

द बेंकर

इस कैटेगरी में पॉप्रर सूट बूट पहने पुरुषों की मूर्तियां देखने को मिलेंगी और उनके मुंह जमीन में धंसे हुए हैं। इस तरह की मूर्तियों को बनाने का उद्देश्य है कि हैं कि मनुष्य किस तरह अपने छोटे-छोटे फायदों के लिए पर्यावरण को नजरअंदाज करके आगे बढ़ रहा है। इस मूर्तियों को जेसन डीकेरेस टेलर ने बनाया है। कुछ प्रतिकृतियों के पास तो सूटकेस भी रखे गए हैं।

क्या ब्रह्मांड में एलियंस हैं? अगर हैं तो कहां हैं?

अभी तक वैज्ञानिकों को एलियन दुनिया के सबूत नहीं मिले हैं। इन सवालों के बीच वैज्ञानिकों ने कुछ रहस्यमयी आवाजें रिकॉर्ड की हैं। अब वैज्ञानिक यह जांच करने में जुटे हैं कि यह आवाजें गैलेक्सी के किस जगह से आ रही हैं।

वैज्ञानिकों के अभी तक के अनुमान के अनुसार, यह रहस्यमयी आवाजें एलियंस की हो सकती हैं। हो सकता है कि वह धरती से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने अभी तक बाहरी अंतरिक्ष से आने वाली 25 रहस्यमयी आवाजों को रिकॉर्ड किया है, जो रेडियो बर्स्ट की आवाज से अलग हैं। इसकी वजह से दावा किया जा रहा है कि यह आवाजें एलियंस से संबंधित हो सकती हैं। कैनेडियन हाइड्रोजन इंटेंसिटी मैपिंग प्रयोग के रेडियो टेलिस्कोप में यह रहस्यमयी आवाजें रिकॉर्ड हुई हैं। साल 2019 से लेकर साल 2021 के बीच यह आवाजें रिकॉर्ड हुई हैं। आमतौर पर यह मशीनें रेडियो बर्स्ट की आवाज को रिकॉर्ड करती हैं। गैलेक्सी में टूट रहे तारों से आने वाली आवाज को रेडियो बर्स्ट कहा जाता है, लेकिन इस बार रिकॉर्ड हुई आवाजें बिल्कुल अलग हैं। इसकी वजह से विशेषज्ञों को यकीन है कि यह एलियंस की आवाजें हो सकती हैं। गैलेक्सी में टूट रहे तारों की आवाज जब रिकॉर्ड होती है, तो अलग-अलग सिग्नल मिलते हैं। हर बार रेडियो बर्स्ट की आवाज अलग रिकॉर्ड होती है। लेकिन इस बार तीन साल में रिकॉर्ड की गई आवाज पहले अलग है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि एक जैसी 25 रिकॉर्डिंग्स हैं, लेकिन जब तारे टूटते हैं, तो ऐसा नहीं होता है। एक जैसी आवाज की वजह से संभावना जताई जा रही है कि यह किसी तारे के टूटने की आवाज नहीं है। यह आवाजें एलियंस की हैं, जो बार-बार एक ही मैसेज भेज रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो एस्ट्रोनॉमर्स का कहना है कि यह सभी आवाजें एक जगह से आ रही हैं। इससे यह पता लगाया जा सकता है कि आखिर एलियंस कहां रहते हैं? इन आवाजों को लेकर एक्सपर्ट्स बेहद उत्साहित हैं और इसकी जांच कर जानकारी जुटा रहे हैं।

वैज्ञानिकों ने बताया कब जवाब देंगे एलियंस

वैज्ञानिकों के लिए एलियन अभी भी रहस्य बने हुए हैं। धरती पर कई बार लोग एलियंस या यूएफओ देखने का दावा कर चुके हैं। इसकी वजह से वैज्ञानिक एलियंस से संपर्क करने की लगातार कोशिश करते हैं। अब इस बीच वैज्ञानिकों ने एक हैरान करने वाला दावा किया है। शोधकर्ताओं ने बताया कि हो सकता है कि एलियंस को धरती का कोई मैसेज मिला हो, लेकिन उनका जवाब धरती पर आने में 27 साल लग सकते हैं।

वैज्ञानिकों ने बताया कि अंतरिक्ष इतना बड़ा है कि इसकी वजह से यहां पर संचार ट्रांसफर में लाइट ईयर्स लग जाते हैं। यह दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज को भी धीरे करता है। नासा के डीप स्पेस नेटवर्क (डीएसएन) रेडियो डिशेज ने सौर मंडल के दूर-दराज के इलाकों में रेडियो सिग्नल छोड़े हैं। साल 1972 में एक सिग्नल भेजा गया था जो साल 2022 में पहुंचा।

वैज्ञानिकों की गणना के मुताबिक, अंतरिक्ष की जांच के लिए साल 1972 में पॉयनियर 10 (एक सिग्नल) को लॉन्च किया गया था, जो साल 2002 में 12 बिलियन मील दूर स्थित एक ड्वार्फ स्टार (बौना तारा) पर पहुंच पाया। वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि इस स्टार पर किसी एलियन जीवन से जुड़ा हुआ कोई जवाब धरती पर साल 2029 में पहुंच पाएगा। इसी तरह साल 1977 में वायेजर 2 को अंतरिक्ष की जांच के लिए भेजा गया था, जो साल 2007 में दो सितारों तक पहुंच पाया।

प्रकाशित की गई एक स्टडी के मुताबिक, शोधकर्ताओं ने सितारों की एक सूची तैयारी की है। इन सितारों को धरती से भेजे गए मैसेज अगली शताब्दी तक मिल सकते हैं। अंतरिक्ष संचार की धीमी गति की वजह से जवाब के लिए वैज्ञानिकों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

11 हजार से भी अधिक तरह के पौधों का घर है कांगो रेन फॉरेस्ट

अपनी धरती पर बड़े-बड़े जंगल हैं, जहां हजारों तरह के पेड़-पौधे हैं और हजारों तरह के जीव रहते हैं। ऐसा ही एक घना जंगल है अफ्रीका महादेश के मध्य में।

कांगो देश से जुड़ा यह जंगल दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा जंगल है। इस जंगल में हमेशा बारिश होती रहती है, इस कारण इसे कांगो रेन फॉरेस्ट कहा जाता है।

- कांगो रेन फॉरेस्ट मध्य अफ्रीका में स्थित है। यह 23 लाख 45 हजार वर्ग किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्र में फैला है। अपना देश भारत लगभग 32 लाख 87 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला है। यानी अपने देश के लगभग 75 प्रतिशत क्षेत्र के बराबर है यह जंगल।
- यह रेन फॉरेस्ट दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा जंगल है, जहां खूब बारिश होती है। यहां औसतन 58 इंच बारिश हर वर्ष होती है। पहले नम्बर पर अमेजन रेनफॉरेस्ट है, जो 55 लाख वर्ग किलोमीटर में है। यानी अपने देश के क्षेत्रफल से डेढ़ गुना ज्यादा क्षेत्र में है अमेजन का जंगल।
- कांगो रेन फॉरेस्ट का ज्यादा हिस्सा कांगो देश में आता है, जो अफ्रीका महादेश के मध्य में स्थित है। इसे डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो कहा जाता है। संक्षेप में इस देश को डीआरसी भी कहा जाता है और डीआर कांगो भी।
- इस घने जंगल का काफी हिस्सा ऐसा है, जहां अब तक इंसान नहीं पहुंच पाया है। यहां तक कि इस जंगल में रहने वाले लोग भी काफी बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पाए हैं। इन घने हिस्सों में सूर्य की एक प्रतिशत रोशनी ही जमीन तक पहुंच पाती है।
- इस जंगल में रहने वाले लोगों को पिग्मी कहा जाता हैं। यहां के पुरुषों की औसत लंबाई 4 फीट 10 इंच होती है, जबकि महिलाओं की औसत लंबाई 4 फीट 1 इंच होती है।
- इस जंगल में पांच नेशनल पार्क हैं, जिन्हें यूएन विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है। यानी यह जंगल दुनिया भर के लिए बहुत महत्व रखता है।
- इस जंगल के बीच से कांगो नदी निकलती है, जिसकी लंबाई 4700 किलोमीटर है। यह नदी कांगो देश के अलावा कई और देशों से होकर गुजरती है। इसे दुनिया की सबसे गहरी नदी का दर्जा प्राप्त है।
- इस जंगल में 2000 से भी अधिक तरह के जीव रहते हैं। इनमें 450 से अधिक ऐसे जीव रहते हैं, जो अपने बच्चों को दूध पिलाते हैं। 300 से अधिक रेंगने वाले जीव रहते हैं, जैसे कीड़े-मकोड़े, सांप आदि। 200 से अधिक तरह के ऐसे जीव रहते हैं, जो पानी और उसके बाहर दोनों जगह रह सकते हैं। एक हजार से अधिक तरह की चिड़ियां इस जंगल में रहती हैं।
- इस जंगल को दुनिया का अकेला जंगल माना जाता है, जहां तीनों तरह के गुरिल्ला रहते हैं। इस जंगल में बोनोबो भी रहते हैं, जिनके बारे में कहा और माना जाता है कि यह हमसे सबसे अधिक मिलता-जुलता है।
- यह जंगल 11 हजार से भी अधिक तरह के पौधों का घर है। इनमें से एक हजार से भी अधिक प्लांट सिर्फ इसी जंगल में होते हैं।

संक्षिप्त समाचार

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के निरीक्षण में हुई बड़ी लापरवाही

न्यूयॉर्क , एजेंसी। अमेरिकी एयरलाइन बोइंग 787 ड्रीमलाइनर इस समय विवादों में घिरी हुई है। एयरलाइन के कुछ कर्मचारियों ने दावा किया था कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर का परीक्षण पूरा हो गया है। हालांकि, इस दावे की जांच करने के लिए ही संघीय उड्डयन प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। स्न इस बात की जांच करेगा कि क्या बोइंग ने पर्याप्त बॉन्डिंग और ग्राउंडिंग की पुष्टि के लिए निरीक्षण पूरा कर लिया है या नहीं। इसके अलावा इस बात का भी पता लगाएगी की क्या कंपनी के कर्मचारियों ने विमान के रिकॉर्ड में हेराफेरी की होगी दरअसल, एफएए ने यह जांच तब शुरू की जब बोइंग ने सूचित किया कि कंपनी ने आवश्यक निरीक्षण पूरा नहीं किया है। जबकि कंपनी के कर्मचारियों ने दावा किया था कि बोइंग का परीक्षण पूरा हो चुका है। एफएए इस बात की जांच कर रही है कि क्या बोइंग ने निरीक्षण पूरा कर लिया है और क्या कंपनी के कर्मचारियों ने विमान के रिकॉर्ड में हेराफेरी की होगी। बोइंग 787 कार्यक्रम के प्रमुख स्कॉट स्टॉकर ने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा कि, हमने तुरंत मामले की समीक्षा की और पता चला कि कई लोग आवश्यक परीक्षण न करके, बल्कि कार्य को पूरा होने के रूप में दर्ज करके कंपनी की नीतियों का उल्लंघन कर रहे थे। यह जांच जनवरी में अलास्का एयरलाइंस की लगभग विनाशकारी उड़ान के बाद की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की 2 साथी स्टूडेंट्स ने चाकू मारकर की हत्या

मेलबर्न , एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया में कुछ भारतीय छात्रों के बीच झगड़े के दौरान 22 वर्षीय एमटेक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले में भारतीय मूल के दो भाइयों की तलाश कर रही है। मृतक छात्र की पहचान नवजीत संधू के रूप में हुई है। हरियाणा के करनाल में संधू के रिश्तेदार यशवीर ने कहा कि संधू ने कुछ भारतीय छात्रों के बीच किराए के मुद्दे पर हुए विवाद में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, जिसके चलते एक अन्य छात्र ने चाकू से उन पर हमला किया। यशवीर ने कहा, ''नवजीत के दोस्त (एक अन्य भारतीय छात्र) ने उन्हें अपना सामान लेने के लिए अपने घर चलने के लिए कहा था क्योंकि नवजीत के पास कार थी। जब उनका दोस्त अंदर गया तो नवजीत ने चीखने की आवाजें सुनीं और देखा कि वहां हाथापाई हो रही है। जब नवजीत ने झगड़ा न करने को कहते हुए बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके सीने पर चाकू से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि नवजीत की तरह आरोपी भी करनाल का ही रहने वाला है। यशवीर ने बताया कि घटना की जानकारी परिवार को रविवार सुबह मिली। उन्होंने बताया कि नवजीत के साथ मौजूद उनके दोस्त को भी चोटें आईं हैं। यशवीर ने कहा कि परिवार सदमे हैं। उन्होंने कहा, ''नवजीत एक प्रतिभाशाली छात्र थे और वह जुलाई में छुट्टियां बिताने अपने परिवार के पास आने वाले थे। यशवीर के अनुसार, नवजीत डेढ़ साल पहले अध्ययन वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गये थे और उनके किसान पिता ने बेटे की शिक्षा के लिए अपनी डेढ़ एकड़ जमीन बेच दी थी। उन्होंने कहा, ''हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि वह शव को जल्द से जल्द स्वेदश लाने में हमारी मदद करे। इस बीच, विक्टोरिया पुलिस ने कहा कि वह दो लोगों के विवरण और तस्वीरें जारी कर रहे हैं, जिन्हें मेलबर्न के दक्षिण-पूर्व के ऑरमंड में हुई चाकू मारने की घटना के बाद से तलाशा जा रहा है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों - अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

ब्रिटेन के सैन्यकर्मियों का डेटा लीक, नाम और बैंक डीटेल्स के साथ हुई छेड़छाड़

लंदन , एजेंसी। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन के रक्षा विभाग द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली पेरोल प्रणाली में कुछ व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक में देखी गई है। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि प्रणाली का प्रबंधन एक बाहरी ठेकेदार द्वारा किया गया था और रक्षा मंत्रालय का कोई परिचालन डेटा नहीं मिला था। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान कुछ पूर्व रॉयल नेवी, सेना और वायु सेना के सदस्यों के नाम और बैंक विवरण के साथ छेड़छाड़ हुई थी।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टा जरदारी एक बार फिर पाकिस्तान की कैबिनेट में लौटने के लिए बेकरार हैं। खबर है कि बिलावल एक बार फिर विदेश मंत्री बन सकते हैं। पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पीपीपी के बीच सत्ता में साझेदारी को लेकर सहमति बन गई है। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद सरकार गठन के समय बिलावल भुट्टो ने कहा था कि उनकी पार्टी पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देगी लेकिन वो कैबिनेट का हिस्सा नहीं बनेगी। लेकिन दो महीने के भीतर ही बिलावल खुद को पॉवर सेंटर से दूर रख पाना मुश्किल हो गया। उन्होंने अब कैबिनेट में शामिल होने पर सहमति जता दी है।

पाकिस्तानी न्यूज पोर्टल ट्रिब्यून की रिपोर्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि बिलावल भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट में विदेश मंत्री के तौर पर शामिल हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि हाल ही में हुई बातचीत के दौरान पार्टी के दिग्गजों के बीच इस बात पर सहमति बनी है। दोनों पक्ष अब पीपीपी के औपचारिक रूप से कैबिनेट में शामिल होने पर काम कर रहे हैं।

पाकिस्तान में जून के पहले सप्ताह में बजट पेश होना है। सूत्रों ने बताया कि शहबाज शरीफ चाहते हैं कि पीपीपी बजट से पहले कैबिनेट में शामिल हो। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि पीपीपी बजट से पहले शामिल होगी या बाद में, लेकिन एक बात तय है कि पीपीपी जून में कैबिनेट का हिस्सा होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेश मंत्री इशाक डार को पाकिस्तान का उपप्रधानमंत्री नियुक्त किया था। कहा जा रहा है कि इशाक डार को इसीलिए उप प्रधानमंत्री बनाया गया ताकि विदेश मंत्री के पद पर बिलावल के लिए जगह बनाई जा सके। डार का ऑफिस अब प्रधानमंत्री कार्यालय में बनाया जा रहा है और बिलावल के लिए विदेश कार्यालय खाली करने के बाद वहीं से काम करेंगे।

बिलावल भुट्टो जरदारी चुनाव से पहले पाकिस्तान की पीएमएल-एन और पीपीपी सरकार में विदेश मंत्री का पद संभाल चुके हैं। मई 2023 में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए बिलावल गोवा पहुंचे थे, जो किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री का 12 साल बाद भारत दौरा था। हालांकि, इस दौरान बिलावल प्रोपेगैंडा फैलाने की पाकिस्तान की हरकतों से बाज नहीं आए थे। बिलावल के बयानों के चलते दोनों देशों में इस कदर तल्खी रही कि बैठक के दौरान एक मंच पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने एक दूसरे से हाथ भी नहीं मिलाया। बैठक के बाद एक बयान में भारतीय विदेश मंत्री ने बिलावल को आतंकवाद को प्रमोटर बताया था।

बिलावल भुट्टो भारत के खिलाफ लगातार जहरीले बयान देते रहे हैं। उन्होंने एक बार संयुक्त राष्ट्र की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर सभी मर्यादाओं को पार कर दिया था। बिलावल ने पीएम मोदी को गुजरात का कसाई कहा था, जिसे भारत ने निम्न स्तर का बयान कहते हुए कड़ी निंदा की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहते हुए बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत के नेतृत्व में हो रही जी20 की बैठक को लेकर भी जहर उगला था। भुट्टो ने जी20 देशों के प्रतिनिधियों की पर्यटन से जुड़ी बैठक जम्मू कश्मीर में कराए जाने का विरोध किया था। पाकिस्तान में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा था, हम समय पर इसका जवाब देंगे और वे याद रखेंगे।

स्तन कैंसर कार्यकर्ता क्रिस हालेंगा का 38 साल की उम्र में निधन, आखिरी सांस तक लाखों महिलाओं को किया जागरूक

लंदन, एजेंसी। स्तन कैंसर जागरूकता चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के कॉर्नवाल में अपने घर पर आखिरी सांस ली। हालेंगा ने अपने जीवन के आखिरी समय तक लाखों महिलाओं को अपने स्तनों (स्तन कैंसर) की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरअसल, स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाने वाली क्रिस हालेंगा को 15 साल पहले टर्मिनल स्तन कैंसर का पता चला था। एक साल से ज्यादा समय तक अपने गार्जियन से दूर रहने के बाद हालेंगा का 23 साल की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर का इजाल हुआ था। क्रिस हालेंगा के मित्र और लेखक फर्ने कॉटन ने उनके निधन पर कहा, जितना मैंने किसी को जीवित देखा है, वह उससे कहीं अधिक जिंदगी जीती थीं। बता दें कि कोप्पाफील मिशन युवाओं को स्तन कैंसर के बारे में शिक्षित करता है। संस्था की जागरूकता की वजह से कई युवाओं को दोबारा अपनी सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली। चैरिटी कोप्पाफील ने सोमवार को हालेंगा की मौत की पुष्टि करते हुए कहा, क्रिस ने जीवन को बेहद रचनात्मक, मजेदार और निडर तरीके से जिया और हमें दिखाया कि कैंसर के साथ भी जीवन को पूरी तरह से जीना संभव है।

भारत की जांच के नतीजों का हम इंतजार करेंगे..., पन्नू की हत्या की साजिश मामले में बोला अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी।
खालिस्तानी आतंकवादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट का दावा है कि एक भारतीय खुफिया अधिकारी की देखदेख में पन्नू की हत्या की साजिश रची गई थी। हालांकि, भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। वहीं, इस पूरे विवाद में अमेरिका का बयान आया है।

विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका में पन्नुन की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों पर भारतीय जांच के नतीजे देखने का इंतजार कर रहे है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, भारत सरकार ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति बिठाई है और वह काम जारी है। हम परिणाम देखने के लिए प्रतीक्षा करेंगे, लेकिन हम यह स्पष्ट कर रहे है कि इस मामले को हम गंभीरता से ले रहे हैं और हमें लगता है कि उन्हें (भारत) को भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

दरअसल, मिलर उन आरोपों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि भारत सरकार के अधिकारी अमेरिकी नागरिक और अलगाववादी सिख नेता पन्नून की हत्या की साजिश में शामिल थे। मिलर ने कहा कि हम सोचते हैं कि भारत को इस मामले को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए और जांच करनी चाहिए।

क्या है पूरा मामला

वाशिंगटन पोस्ट ने हाल ही में पिछले साल भारत पर पन्नुन को मारने की कथित साजिश के संबंध में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी का नाम सार्वजनिक रूप से लिया था। अमेरिकी दैनिक की रिपोर्ट की आलोचना करते हुए, भारत ने दावों को दृढ़ता से खारिज कर दिया और कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर अनुचित और अप्रमाणित आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच चल रही है।

दावा-पाकिस्तानी फौज के अफसरों ने बच्चों का यौन शोषण किया

100 बच्चों के 600 वीडियो सामने आए; सेना ने आरोप खारिज किए

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का खुलासा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा के कबाइली इलाकों में तैनात कर्नल से मेजर रैंक तक के कुछ अफसरों के बच्चों से यौन शोषण के 600 से ज्यादा वीडियो सामने आए हैं।

बच्चों की उम्र 14 साल से कम बताई गई है। लगभग सौ से ज्यादा बच्चों का पांच साल से यौन शोषण किया जा रहा था। कुछ अफसरों को पाराचिनार कैंट से पेशावर कमांड हेडक्वार्टर बुला लिया गया है। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हसन अजहर हयात ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इनकार किया है।

सेना का दावा है कि तीन साल पहले भी अफसरों पर 13 साल के लड़के के यौन शोषण के आरोप लगे थे जो झूठे पाए गए थे। इस बीच, स्न्ढ्ढक्रके बाद पुलिस ने यौन शोषण केस में एक स्थानीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दैनिक भास्कर को बताया कि इलाके का एक दुकानदार ताहिर कबादी सेना का करीबी था। वही गरीब बच्चों की सप्लाई करता था। बताया जाता है कि वह बच्चों को लालच देकर अफसरों के पास भेजता था।उसने ही बच्चों के यौन शोषण के वीडियो भी बनाए। इससे वह बच्चों के माता-पिता से पैसे भी ऐंठता था। साथ ही वीडियो के जरिए वह बच्चों को ब्लैकमेल करके बार-बार अफसरों के पास भेजता था। पुलिस ने उसके लैपटॉप से ये वीडियो बरामद किए हैं। खुर्रम के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेना के कुछ अफसरों पर पहले भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे, लेकिन पाक सेना के मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों ने पुलिस वालों पर दबाव डालकर आरोपियों को छुड़ा लिया था। पाकिस्तान में 2015 में बच्चों के यौन शोषण के वीडियो वायरल करने का बड़ा रैकेट सामने आया था। इसमें करीब 400 वीडियो थे।

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा वैश्विक मंदी का असर

न्यूयार्क, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी अमरीकी अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मंदी का असर दिखने लगा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि नौकरी बाजार में कदम रखने से पहले अब भारतीयों को इंटर्नशिप करने के प्रस्ताव भी नहीं मिल पा रहे हैं। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि आइवी लीग विश्वविद्यालयों के छात्रों को भी इंटर्नशिप प्रस्ताव पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि आइवी लीग संयुक्त राज्य अमरीका में आठ प्रतिष्ठित निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का एक समूह है, जो अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, समृद्ध इतिहास और चयनात्मक प्रवेश प्रक्रिया के लिए जाना जाता है। इस समूह में ब्राउन यूनिवर्सिटी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, डार्टमाउथ कॉलेज, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और येल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। अनुभव हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अमरीका में कई छात्रों, शिक्षा सलाहकारों और भारतीय-अमरीकी पेशेवरों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक मंदी ने प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसरों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स और रॉयटर्स को गाजा युद्ध कवरेज के लिए मिला पुलित्जर अवार्ड

न्यूयॉर्क, एजेंसी।
पुलित्जर पुरस्कारों में गाजा में युद्ध को प्रमुखता से दिखाया गया, जिसमें इजरायल-हामा के संघर्ष को कवर करने वाले पत्रकारों को विशेष प्रशस्ति मिली।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल में हमास के घातक हमले की व्यापक और रहस्योद्घाटन कवरेज के साथ-साथ इजरायली सेना की व्यापक, घातक प्रतिक्रिया पर रिपोर्टिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग में पुलित्जर जीता। इस बीच रॉयटर्स ने 7 अक्टूबर के हमले और इजरायली प्रतिक्रिया के रॉ एंड अर्जेंट कवरेज के लिए ब्रेकिंग न्यूज फोटोग्राफी के लिए पुरस्कार जीता, जबकि एक विशेष प्रशस्ति पत्र में गाजा में युद्ध को कवर करने वाले पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को मान्यता दी गई। समिति ने कहा, इस युद्ध ने कवियों और लेखकों की भी जान ले ली है। जैसा कि पुलित्ज़र पुरस्कार पत्रकारिता, कला और पत्रों की श्रेणियों का सम्मान करते हैं, हम मानव अनुभव के अमूल्य रिकॉर्ड के नुकसान को चिह्नित करते हैं। कोलंबिया विश्वविद्यालय में दिए गए पुरस्कार ऐसे समय में दिए गए हैं, जब न्यूयॉर्क कॉलेज को फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस बुलाने के बाद प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बड़े पैमाने पर मीडिया को घटनास्थल से रोका और घटनाओं को कवर करने वाले छात्र पत्रकारों को गिरफ्तारी की धमकी दी। कोलंबिया के दो छात्र अखबार संपादकों ने सप्ताहांत में एक लेख में विश्वविद्यालय द्वारा अपनी रिपोर्टिंग को दबाए जाने को रेखांकित किया, जिसमें पुलिस से गिरफ्तारी की धमकियां और विश्वविद्यालय से वीडियो और तस्वीरें सौंपने की मांग शामिल थी। अन्य पुरस्कारों में प्रवासी बाल श्रम, कानूनी प्रणाली में नस्लीय असमानताओं और बंदूक हिंसा पर अमेरिकी पत्रकारों की रिपोर्टिंग को सम्मानित किया गया। लेखिका जेने ऐनी फिलिप्स ने अमेरिकी गृह युद्ध के दौरान और उसके बाद एक मां और बेटी के बारे में अपने उपन्यास नाइट वॉच के लिए फिक्शन पुरस्कार जीता, जबकि नॉनफिक्शन पुरस्कार नाथन थ्रॉल के ए डे इन द लाइफ ऑफ अबेद सलामा¬ एनाटॉमी ऑफ ए यरुशलम ट्रेजडी को दिया गया। समिति ने पश्चिमी तट पर इजरायल के कब्जे के तहत जीवन के सूक्ष्म रूप से प्रस्तुत और अंतरंग विवरण की सराहना की, जो एक फलस्तीनी पिता के चित्र के माध्यम से बताया गया है, जिसका पांच वर्षीय बेटा एक भीषण स्कूल बस दुर्घटना में मर जाता है।

The Pulitzer Prizes
1928

हमास की सीज फायर पर सहमति को इजराइल ने ठुकराया, राफा में सैन्य अभियान किया शुरू

यरूशलम , एजेंसी।
इजराइली नेताओं ने गाजा पट्टी के राफा शहर में एक सैन्य अभियान को मंजूरी दे दी है और इजराइली सेना अब क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह कदम हमास द्वारा यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद आया कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह प्रस्ताव इजराइल की आवश्यक मांगों से बहुत दूर था, लेकिन फिर भी वह संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखने के लिए वार्ताकारों को भेजेगा।

हमास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन इजराइल ने कहा कि वह प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। इस वजह से यह निश्चित नहीं है कि गाजा में सात महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए कोई समझौता हुआ है या नहीं। आगे और भी रक्तपात की आशंका को रोकने के लिए समझौता आशा की पहली किरण था। कुछ घंटे पहले ही इजराइल ने लगभग 1,00,000 फलस्तीनियों को दक्षिणी गाजा शहर रफह को खाली करने का आदेश दिया था। इससे यह संकेत मिले थे कि जल्द ही हमला होगा। अमेरिका और इजराइल के अन्य प्रमुख सहयोगी देश रफह पर हमले का विरोध कर रहे हैं। इस शहर में लगभग 14 लाख फिलीस्तीनी शरण लिए हुए हैं, जो गाजा की आधी से अधिक आबादी के बराबर है।

हमास की घोषणा के बाद राफा में फिलीस्तीनी खुशी से झूम उठे थे। उन्हें इससे हमला टलने की उम्मीद थी। इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने हमास की प्रतिक्रिया पर कहा, हम प्रत्येक उत्तर की जांच कर रहे हैं और बहुत गंभीरता से जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच इजराइल का सैन्य अभियान जारी रहेगा। इजराइल की योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमास का प्रस्तव इजराइल की रूपरेखा के अनुरूप नहीं है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी हमास की प्रतिक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं और क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा कर रहे हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस बात की जांच कर रहा है कि क्या हमास इजराइल और अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों द्वारा किए गए समझौते के किसी संस्करण पर सहमत है या कुछ और है। प्रस्ताव का विवरण जारी नहीं किया गया है। पिछले हफ्ते इस क्षेत्र का दौरा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हमास पर समझौता करने के लिए दबाव डाला था। मिस्र के अधिकारियों के अनुसार हमास इजराइल के सभी बंधकों की रिहाई के बदले में युद्ध खत्म करने और इजराइल की पूर्ण रूप से वापसी की अपनी प्रमुख मांग के लिए स्पष्ट गारंटी चाह रहा था। इजराइल डिफेंस फोर्सेस का दावा है कि गाजा के राफा इलाके में उसकी चार बटालियन मौजूद हैं। इजराइल के इस मिलिट्री ऑपरेशन को जंग के आखिरी पड़ाव के तौर पर देखा जा सकता है। इजराइली सेना ने कहा है कि राफा इलाके को जल्द खाली कराया जाएगा ताकि वहां जो भी सिविलियन्स मौजूद हैं, उन्हें नुकसान न पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राफा में इस वक्त 14 लाख लोग हैं। इनमें ज्यादातर वो लोग हैं तो इजराइली ऑपरेशन शुरू होने के बाद गाजा के अलग-अलग हिस्सों से भागकर यहां पनाह लेने पहुंचे हैं। हाल ही में इजिप्ट और अमेरिका के कुछ डिप्लोमैट्स इजराइल गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक- इन लोगों ने इजराइल को धमकी दी थी कि अगर उसने राफा में मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया तो यूरोप और इजराइल के बीच सिक्योरिटी ट्रीटी रद्द कर दी जाएगी।

राफा क्रॉसिंग के फलस्तीनी हिस्से पर इजरायली बलों का कब्जा, एक दिन पहले लोगों को दी थी चेतावनी

यरूशलम , एजेंसी।
इजरायली बलों ने राफा क्रॉसिंग के फलस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। इजरायल के आर्मी रेडियो ने मंगलवार को इसका दावा किया है। पुष्टि के लिए इजरायली सेना जल्द ही एक बयान भी पब्लिश करेगी। बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है। इससे एक दिन पहले यानी 6 मई को इजरायली सेना ने कहा था कि वह किसी भी वक्त राफा पर हमला बोल सकता है, जिसको देखते हुए सोमवार को इजरायली बलों ने फलिस्तीनियों से पूर्वी राफा को खाली करने का निर्देश दिया था।बता दें कि यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फलिस्तीनियों ने शरण लिया हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

रेखा झुनझुनवाला को शेयर बाजार में हुआ बड़ा नुकसान, शेयर के टूटने से 800 करोड़ डूबे

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक रहे दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला को सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्हें यह नुकसान टाटा समुह के स्वामित्व वाली कंपनी टाइटन के शेयरों के टूटने से हुआ है। टाटा समूह के इस शेयर पर झुनझुनवाला परिवार ने बड़ा निवेश कर रखा है। झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न हिस्सेदारी 31 मार्च 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न की हिस्सेदारी थी। शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के दौरान टाइटन के शेयरों में उनकी होल्डिंग का कुल मूल्य 16,792 करोड़ रुपये था। सोमवार को टाइटन के शेयर 7त्न तक टूट गए। मार्च तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों में टाइटन के शेयरों में खरीदारी के प्रति निराशा दिखी। इस गिरावट से झुनझुनवाला परिवार को खासा नुकसान उठाना पड़ा। उन्हें टाटाइन के शेयर कमजोर होने से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान टाइटन के शेयर 3,352.25 के अपने निचले स्तर पर पहुंचने के बाद 3281.65 रुपये पर बंद हुए। इसके परिणामस्वरूप कंपनी का नेट वैल्यू 3 लाख करोड़ रुपये से कम होकर 2,91,340.35 करोड़ रुपये रह गया। टाइटन के शेयरों में इस गिरावट से शेयरों में झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी का मूल्य 15,986 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह झुनझुनवाला परिवार को करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

50 प्रतिशत विदेशी उड़ानों पर भारतीय एयरलाइन कंपनियों का होगा कब्जा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय एयरलाइन कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 तक देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात की 50 प्रतिशत जरूरत को पूरा करने में सक्षम होंगी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को यह अनुमान लगाया है। एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी (जिसमें देश से होकर गुजरने वाला यातायात भी शामिल है) 2027-28 तक 50 प्रतिशत हो जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 43 प्रतिशत थी। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह सुधार भारतीय एयरलाइन द्वारा अतिरिक्त विमानों की तैनाती और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में नए मार्ग जोड़ने के साथ-साथ विदेशी एयरलाइन की तुलना में बेहतर घरेलू संपर्क के बल पर होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय यातायात में उनकी बढ़ती हिस्सेदारी के चलते भारतीय एयरलाइन कंपनियों की व्यावसायिक स्थिति मजबूत होगी, जो घरेलू क्षेत्र की तुलना में अधिक लाभदायक है। क्रिसिल के अनुसार, भारत का अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में करीब सात करोड़ तक बढ़ गया। यह वैश्विक महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया है। वैश्विक महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में यह एक करोड़ के निचले स्तर पर आ गया था।

विदेशी ऑर्डर से सेवा क्षेत्र में वृद्धि 14 साल के शीर्ष पर, मजबूत मांग से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पर दुनिया का भरोसा बना हुआ है। दुनिया के कई हिस्सों से नए ऑर्डर मिलने के कारण देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नरमी के बावजूद अप्रैल, 2024 में 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर एचएसबीसी इंडिया का सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक पिछले माह 60.8 रहा, जो 2010 मध्य के बाद सर्वाधिक है। मार्च, 2024 में सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 61.2 रहा था।

एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार थोड़ी धीमी रही। इसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ऑर्डर और आर्थिक वृद्धि का समर्थन मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू कंपनियों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से नए ऑर्डर मिले। इससे सितंबर, 2014 में शृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि रही। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है।

कारोबारी भरोसा तीन महीने में सबसे ज्यादा

एक साल आगे के दृष्टिकोण के लिहाज से सेवा क्षेत्र की कंपनियों के बीच कारोबारी भरोसा अप्रैल में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। भंडारी ने कहा, मार्केटिंग संबंधी प्रयासों और दक्षता में वृद्धि के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की योजना एवं मांग की स्थिति अनुकूल रहने से कारोबारी आशावाद को बढ़ावा मिला है।

धीमी रही कर्मचारियों की भर्ती की रफ्तार

नौकरियों के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि नए कारोबारी ऑर्डर में तेजी के बीच कुछ घरेलू सेवा प्रदाताओं ने अप्रैल में नई नियुक्तियां की। हालांकि, कुछ कंपनियों ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। रोजगार सृजन की दर पिछले वित्त वर्ष के अंत की तुलना में धीमी रही।

इनपुट लागत में बढ़ोतरी

वेतन और उच्च खाद्य कीमतों के कारण अप्रैल में कंपनियों को इनपुट लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ा। हालांकि, इसकी रफ्तार मार्च से धीमी रही। इससे कंपनियों का मार्जिन कम हो गया। बढ़ी लागत की भरपाई के लिए कंपनियों ने लागत का आंशिक बोझ ग्राहकों पर डाल दिया।

भारत ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात को मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन कुछ देशों को अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की अनुमति देती है। इससे पहले भारत ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को इस चावल के निर्यात की अनुमति दी है। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई थी। एनसीईएल कई राज्यों में सक्रिय एक सहकारी समिति है।

मेरी निजी जिंदगी... पत्नी-पिता से विवाद के बीच गौतम सिंघानिया ने बताई राज की बात!

नई दिल्ली, एजेंसी। रेमंड के सीएमडी गौतम सिंघानिया ने निजी जिंदगी और कारोबार के अलग-अलग होने की बात कही है। पत्नी और पिता से विवाद के बीच उन्होंने कहा है कि उनका निजी जीवन उनके व्यवसायों से जुड़ा नहीं है। कोरोना महामारी के बाद से उनके कारोबार ने जोरदार बढ़त हासिल की। रेमंड कपड़ा और परिधान बनाने वाली प्रमुख कंपनी है। 58 साल के सिंघानिया अभी उनसे अलग हो चुकीं पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से सेटेलमेंट विवाद में उलझे हुए हैं। दोनों ने पिछले साल नवंबर में अलग होने की घोषणा की थी। गौतम के पिता विजयपत सिंघानिया का झुकाव भी बहू की तरफ है। रेमंड के प्रमुख ने ईटी को दिए इंटरव्यू में बताया कि हाल ही में कुछ समूह कंपनियों के बोर्ड से नवाज मोदी को हटाया जाना उनके प्रति विश्वास की कमी के कारण था।

गौतम सिंघानिया बोले, मैं इस पर बात नहीं करना चाहता हूं कि हमारे बीच क्या हुआ है। सभी कारोबार बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका निजी जीवन निजी है। वह इसे व्यक्तिगत रूप से देखेंगे। उन्होंने दो प्यारी बेटियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उनके हित में बयानबाजी करने से इनकार किया है। गौतम सिंघानिया ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि उनका निजी जीवन व्यवसाय क्षेत्र में किसी के लिए भी प्रासंगिक नहीं है।

पिछले साल 22 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) में रेमंड का शेयर 1,666 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया था। ऐसी खबरें आई थीं कि नवाज मोदी सिंघानिया ने संपत्ति का 75त्न हिस्सा मांगा है। उस समय से शेयर में बेहतरी देखी गई है। 3 मई तक शेयर की कीमत 2,227.45 रुपये पर थी।

तीन कंपनियों की रीस्ट्रक्चरिंग पर चर्चा

रेमंड समूह की तीन निजी कंपनियों जेके इन्वेस्टर्स (बॉम्बे), रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने अप्रैल की शुरुआत में नवाज मोदी सिंघानिया को अपने बोर्ड से हटा दिया था। गौतम सिंघानिया को फिर से एमडी नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी है। नवाज मोदी सिंघानिया ने सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पति ने पिछले साल सितंबर में उनके और उनकी एक बेटी के साथ मारपीट की थी। दोनों की शादी 1999 में हुई थी। जहां तक रेमंड में उनके निदेशक पद का सवाल है, तो गौतम सिंघानिया ने कहा कि यह कंपनी के बोर्ड पर निर्भर करता है। इसमें स्वतंत्र निदेशकों का अच्छा खासा समूह है।

बढ़ रहा 10 हजार करोड़ रुपये का ग्रुप

गौतम बोले, 10,000 करोड़ रुपये का रेमंड ग्रुप तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका लाइफस्टाइल डिवीजन ग्रुप में प्रमुख हिस्सेदारी रखता है। इस डिवीजन में परिधान और फैब्रिक शामिल हैं। वहीं, नया रियल एस्टेट व्यवसाय बड़ा होने की संभावना दिखाता है। सिंघानिया ने कहा, हमारे समूह के व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं। अपनी शादी में चुनौतियों का सामना कर रहे सिंघानिया के अपने पिता विजयपत के साथ भी अच्छे रिश्ते नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने मार्च में उनके साथ एक फोटो शेयर की थी। गौतम सिंघानिया ने बताया कि वह अपने निजी जीवन को अपने काम में बाधा नहीं बनने देते। उन्होंने कहा, मैं हर दिन को वैसे ही लेता हूं जैसे वह आता है। मुझे लगता है कि अगर आप सही काम करते हैं, तो आपको अच्छी नींद आती है।

एनर्जी मिशन मशीनरीज की पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ जुटाने की योजना; आईपीओ 9 मई को खुलेगा

कंपनी रू. 131 से रु. 138 प्रति शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयर जारी करेगी; शेयर एनएसई के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे

अहमदाबाद , एजेंसी। शीट मेटल मशीनरी की विविध रेंज के डिजाइन और निर्माण में अहमदाबाद स्थित अग्रणी कंपनी एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 9 मई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 13 मई को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा, जिसमें गुजरात के साणंद में मौजूदा मेन्युफेक्चरिंग यूनिट में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क, नए प्लान्ट और मशीनरी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करना शामिल है। हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

आईपीओ में पब्लिक इश्यू के लिए रु. 131 से रु. 138 प्रति इक्विटी शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है। रु. 41.15 करोड़ की इश्यू आय में से कंपनी की योजना रु. 6.86 करोड़ का उपयोग गुजरात के अहमदाबाद जिले के साणंद में स्थित मौजूदा विनिर्माण इकाई में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क के लिए, रु. 7.43 करोड़ नए प्लान्ट और मशीनरी की स्थापना के लिए, रु. 15 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरते के लिए करने की है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1000 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.38 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक कोटा नेट ऑफर के 35 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, एचएनआई क्वोटा ऑफर के 15 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है और क्यूआईबी हिस्सा नेट ऑफर के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा गया है। मार्केट मेकर का हिस्सा 1.50 लाख इक्विटी शेयर रखा गया है। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) सीएनसी, एनसी और कन्वेन्शनल मेटल फोर्मिंग मशीनों का डिजाइन और निर्माण करती है जो औद्योगिक क्षेत्र की मेटल फेब्रिकेशन सॉल्युशन्स की आवश्यकता को पूरा करती हैं। कंपनी की मेटल फोर्मिंग मशीनों की श्रृंखला में प्रेस ब्रेक मशीन, शियरिंग मशीन, प्लेट रोलिंग मशीन, आयरनवर्कर मशीन, हाइड्रोलिक प्रेस और बसबार बेंडिंग, कटिंग और पंचिंग मशीनें शामिल हैं। कंपनी की मशीनें विभिन्न उद्योगों में उपयोग की जाती हैं, जिनमें ऑटोमोटिव, स्टील, प्री-इंजीनियर्ड इमारतें, फर्नीचर, एचवीएसी, कृषि उपकरण, सड़क निर्माण उपकरण, लिफ्ट, फूड प्रोसेसिंग मशीनरी, मेटल वर्किंग वर्कशोप्स आदि शामिल हैं। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) ने भारत में 20 से अधिक राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में ग्राहकों को अपनी प्रोडक्ट्स बेची हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अमेरिका, स्विट्जरलैंड, रूस, नेपाल, केन्या, युगांडा, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और मध्य पूर्व के अन्य देशों सहित दुनिया भर के कई देशों में अपनी प्रोडक्ट्स का निर्यात किया है।

सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में फ्री सर्टिफाइड सोना मसूरी पैडी (धान) सीड्स डिस्ट्रिब्यूशन इनिशिएटिव लॉन्च की

जम्मू, एजेंसी। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने एक अग्रणी पहल की घोषणा की है जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में सर्टिफाइड सोना मसूरी धान के बीजों के मुफ्त वितरण के द्वारा किसानों को सपोर्ट करना है, जो क्षेत्र में किसानों के बीच अपनी हाई क्वॉलिटी और उपज क्षमता के लिए जाने जाते हैं। सर्वेश्वर का लक्ष्य एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड चावल की किस्मों के बीज उपलब्ध करवाकर कृषक समुदाय को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत सर्वेश्वर खरीद सुविधा केन्द्र में सोना मसूरी धान के सर्टिफाइड सीड्स का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह इनिशिएटिव स्थानीय कृषक समुदायों को मज़बूत बनाने और क्षेत्र में एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सर्वेश्वर फूड्स के समर्पण को दर्शाती है। जम्मू और कश्मीर में किसानों के सामने आने वाले इकनॉमिक चैलेंजेस के मद्देनजर, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता ने एक कम्पैशनट इनिशिएटिव की घोषणा की है। एग्रीकल्चरल स्पेशलिस्ट टीम की देख-रेख में सर्वेश्वर ने निःशुल्क धान बीज वितरण का संकल्प लिया है। यह वितरण विशेष रूप से जम्मू के गैर-बासमती उत्पादक क्षेत्रों को टार्गेट करेगा। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में किसानों के कल्याण और हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें समर्थन देना है। सोना मसूरी चावल मध्यम अनाज वाले चावल की एक किस्म है जो मुख्य रूप से दक्षिणी भारत में उगाया जाता है।

एक्सालियॉन एक्टिव की शक्ति से लैस एफिकॉन बीएएसएफ भारतीय किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है

सागर । छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40प्रतिशत तक भारी नुकसान पहुँचता है. अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं. एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है। अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाजाइन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है, जिससे यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है। पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था. भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है, जिससे किसानों को मुश्किल चुनौती पेश करने वाले रस चूसने वाले कीटों पर काबू पाने में मदद मिलेगी। एशिया पैसिफिकस्ट्रेटजी के अनुरूप, बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है. बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, एशिया पैसिफिककी सीनियरवाईसप्रेसिडेन्टसिमोन बर्ग ने कहा बीएएसएफ में, हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते हैं. हम किसानों की जरूरतों को समझने के लिए किसानों की आवाज़ सुनकर काम करने के प्रति समर्पित हैं, जिससे कि फसलों को कीटों से बचाने और उत्पादकता बढ़ाने की मुश्किल चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में उनकी मदद करने के लिए हम अपनी विशेषज्ञता का प्रयोग कर धरती पर सबसे बड़े काम में सहायता प्रदान कर सकें।

रैपिडो और मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं

आम चुनाव 2024 के दौरान भोपाल में मतदाताओं के लिए लाए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड्स और रैली का किया आयोजन

भोपाल। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचय कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 7 मई 2024 को भोपाल के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा रैपिडो ने शहर के निवासियों को मतदान के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए शहर प्रशासन के साथ साझेदारी भी की है।

100 बाईक टैक्सी कैप्टन्स के साथ इस रैली को प्लेटिनम प्लाज़ा अटल पथ, भोपाल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री अनुपम राजन, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्य प्रदेश, श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, आईएएस, कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट, भोपाल और श्री रितेश शर्मा, असिस्टेन्ट नोडल ऑफिसर, एसवीईईवी, भोपाल मौजूद रहे, और नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।

अजय की प्रेमिका बन इस अभिनेत्री ने किया था डेब्यू, अब मां का किरदार भी करने को तैयार

मधु और अजय देवगन ने अपना फिल्मी सफर फूल और कांटे से शुरु किया था। कुछ साल पहले मधु ने बयान दिया था कि वह कभी अजय की मां का किरदार नहीं निभाना चाहेंगी। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने इस पर सफाई दी है। मधु नब्बे के दशक की एक जानी-मानी कलाकार हैं। उनकी पहचान एक उतकृष्ट अभिनेता के तौर पर की जाती है। अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता की वजह से उन्होंने लगभग हर जॉनर की फिल्मों में काम किया है। हॉरर, एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, रोमांस हर एक जॉनर में उन्होंने हिट फिल्में दी हैं। उनकी पहली फिल्म फूल और कांटे में एक्शन और रोमांस का भरपूर तड़का था। इस फिल्म से मधु और अजय देवगन ने भी फिल्मी दुनिया में कदम रखा था।

अजय के साथ किया था डेब्यू

फूल और कांटे में अजय और मधु पहली बार पर्दे पर नजर आए थे। दोनों की यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में अजय, मधु से इश्क लड़ाते देखे गए थे। फिल्म की रिलीज के बाद से दोनें ने खुद को एक सफल कलाकार के तौर पर स्थापित कर लिया है। मधु ने अपने करियर में कई फिल्में कीं। वह इसके बाद पहचान, एलान, प्रेम योग, हथकड़ी, दिलजले जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। हाल में ही उन्होंने अपने एक पुराने बयान पर बात की है। अभिनेत्री ने एक बार कहा था कि अगर उन्हें कभी अजय की मां का किरदार दिया गया तो वह उसे निभाने से इनकार कर देंगी।

अजय की मां बनना होगी चुनौती

एक इंटरव्यू के दौरान मधु ने अपने इस बयान पर नई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह और परिपक्क हुई हैं। अब वह अजय की मां का किरदार एक चुनौती के रुप में लेंगी। अपने पुराने बयान पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा, उस बयान को संदर्भ से बाहर देखा गया, मैंने तब काल्पनिक रुप से ऐसा कह दिया था। अब मैं खुद को सही कर रही हूं, मैं एक कलाकार के रूप में और विकसित हुई हूं।

नम्रता सेठ ने किया खुलासा

गर्मियों में किस तरह रखती हैं अपनी बालों और स्किन का ध्यान

एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने बताया कि वह गर्मियों में कम से कम मेकअप करना पसंद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी स्किन अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहे। वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में अपने काम के लिए मशहूर नम्रता ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर रूटीन के साथ-साथ फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की। नम्रता सेठ ने बात करते हुए कहा, गर्मियों के लिए मेरा स्किन केयर रूटीन यह है कि जितना संभव हो उतना कम मेकअप करती हूं, अपनी स्किन को लाइटवेट सीरम और सनस्क्रीन के साथ सुपर हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं चिलचिलाती धूप से बच सकूं। मैं बस इतना ही करती हूं, अपने चेहरा को हर समय साफ और हाइड्रेटेड रखती हूं, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स या हैवी मेकअप लगाने से बचती हूं, क्योंकि गर्मियों में पसीना बहुत आता है। अपनी डू इट योरसेल्फ रूटीन के बारे में, नम्रता ने कहा, मैं घर पर खीरे को पीसकर और फिर उसे दही के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाती हूं। हमारे पास बहुत सारी नेचुरल रेमेडी हैं, जो हमारी माएं और दादी-नानी सालों से करती आ रही हैं, जैसे उबटन। मैं जितना हो सके, पानी पीती हूं। नम्रता ने आगे बताया कि कैसे शूटिंग के चलते गर्मी से उनके बालों को नुकसान पहुंचता है, जो दुर्भाग्य से उनके प्रोफेशन के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा, मैं हर महीने हेयर स्पा लेने की कोशिश करती हूं। यह एक तरह का इन्वेस्टमेंट है, जिसे मुझे आजमाना होगा। यह मेरे बालों के नुकसान को कम करता है।

अंबानी परिवार ने राखी को गिफ्ट किया करोड़ों की हीरे की अंगूठी !



बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत खबरों में छाई रहती हैं। उस पर भी वह अधिकांश मामलों में विवादों और अपने बयानों को लेकर खबरों में रहती हैं। एक बार फिर राखी को लेकर खबरें आ रही हैं, जिसमें अभिनेत्री ने दावा किया है कि अंबानी परिवार ने उन्हें तोहफे में 50 करोड़ की हीरे की अंगूठी दी है। राखी के इस बयान से सोशल मीडिया पर हलचल पैदा हो गई है। अभिनेत्री और पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी राखी सावंत को सोमवार को अपने पूर्व पति रितेश सिंह के साथ मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया।

झ सोशल मीडिया पर राखी के कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें वह मीडिया के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। उन्होंने अपनी बड़ी हीरे की अंगूठी भी दिखाई और दावा किया कि यह उन्हें अंबानी परिवार ने उपहार में दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में राखी ने अपनी अंगूठी दिखाते हुए कहा कि इसमें पूर्व मिस यूनिवर्स और अभिनेत्री सुष्मिता सेन की अंगूठी से भी बड़ा हीरा है। राखी के इस वीडियो पर यूजर्स के ढेरों कमेंट्स भी देखने को मिल रहे हैं। वीडियो में राखी कहती हैं, अंबानी जी ने दी है ये मुझे उनके बेटे अनंत अंबानी की शादी के लिए। यह तो बस मुंह दिखाई है। सुष्मिता सेन से भी बड़ी रिंग है मेरे पास। उनको किसने दी थी?

अनिल अंबानी जी ने दी थी... पता नहीं, लेकिन मुझे ये अंगूठी अनंत अंबानी और राधिका के लिए मिली है। मुझे दोनों की शादी में केवल परफॉर्मेंस देना है। राखी की इस वीडियो पर यूजर्स ने कमेंट की बाढ़ ला दी है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए कहा, राखी मनोरंजन का अच्छा साधन हैं। दूसरे यूजर ने लिखा, राखी की वीडियो देख मन काफी अच्छा हो जाता है। एक और यूजर ने लिखा, राखी की कॉमेडी से सभी को सीख लेनी चाहिए।

निया शर्मा की अजीबो-गरीब परेशानी से परेशान

15 घंटे की नींद लेने के बावजूद एक्ट्रेस निया शर्मा को बिस्तर से उठने में आलस आ रहा है। निया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह बिस्तर पर लेटी नजर आ रही हैं। उनका केवल आधा चेहरा ही दिखाई दे रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 15 घंटे की नींद के बाद जाग रही हूं और अभी भी तय नहीं कर पा रही हूं कि बिस्तर छोड़ना है या नहीं। निया ने काली- एक अग्निपरीक्षा से छोटे पर्दे पर अपनी शुरुआत की थीं। अब वह सुहागन चुड़ैल के साथ अपनी वापसी की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले उन्हें शो नागिन में देखा गया था। एक्ट्रेस ने रियलिटी टीवी पर खतरों के खिलाड़ी- मेड इन इंडिया और झलक दिखला जा सीजन 10 जैसे शो में भी काम किया।

हीरामंडी के कायल हुए अक्षय कुमार

नेटफ्लिक्स का शो हीरामंडी इन दिनों हर तरफ से तारीफें बटोर रहा है। लोगों के साथ फिल्मी हस्तियों को भी यह वेब सीरीज खूब पसंद आ रही है। कई सितारों के प्रशंसा करने के बाद अब इस लिस्ट में अक्षय कुमार और फिल्मकार शेखर कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में दोनों ने संजय लीला भंसाली के इस शो की सोशल मीडिया पर जमकर सराहना की। मासूम, मिस्टर इंडिया और बैंडिट क्वीन जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक शेखर कपूर ने हीरामंडी को लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। उन्होंने लिखा, संजय लीला भंसाली की सिनेमाई कला बहुत मोहक है। वे आपको अपनी दुनिया में खींच कर मंत्रमुग्ध कर देते हैं। मैंने एक बार में ही इसे पूरा देखा। शो लंबे समय तक मेरे दिमाग में चलता रहा। मनीषा कोइराला ने कितना प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। आखिरकार, नेटफ्लिक्स भारतीय फिल्म निर्माताओं को वह बजट दे रहा है जिसके वे हकदार हैं।

कॉमेडी शो में मजाक उड़ाए जाने पर भड़के करण जौहर

कॉमेडियन केतन सिंह ने फिल्ममेकर करण जौहर से माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि उनका इरादा करण की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। दरअसल, केतन ने एक नए कॉमेडी शो मेडनेस मचाएंगे के प्रोमो में करण का मजाक उड़ाया था जिसके बाद करण भड़क गए थे और उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना गुस्सा जाहिर किया था। करण ने केतन के एक मिमिक्री एक्ट को देखने के बाद सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन देते हुए एक लंबा चौड़ा नोट शेयर किया था। उन्होंने लिखा था, मैं मां के साथ टीवी देख रहा था। उसी दौरान मैंने एक बड़े टीवी चैनल के रियलिटी कॉमेडी शो का प्रोमो देखा। एक कॉमेडियन खराब तरीके से मुझे मिमिक कर रहा था। मैं ये ट्रोल्स से एक्स्पेक्ट करता था जो कि ऐसे लोग होते हैं जिनका न कोई नाम होता है और न ही चेहरा लेकिन जब 25 साल तक टिके रहने के बावजूद आपकी इंडस्ट्री के लोग ही आपका अपमान करें तो ये बहुत बुरी बात है। इस बात से मुझे गुस्सा नहीं आ रहा बल्कि बेहद दुख हो रहा है।

कंगना बॉलीवुड को कहेंगी टाटा-बाय बाय!

कंगना रनौत राजनीति में आने के बाद कई सारी रैलियां कर रही हैं। कंगना बयानों को लेकर हमेशा ही चर्चे में रहती हैं। इस बार भी उन्होंने कुछ ऐसा कहा है जो बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। कंगना ने इशारा किया है कि वो राजनीति में आने के बाद बॉलीवुड छोड़ सकती हैं। कंगना रनौत ने हाल ही में दावा किया कि उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन के बराबर प्यार और सम्मान मिला है। राजनीति में कदम रख चुकीं एक्ट्रेस हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। अपनी हालिया चुनावी रैलियों में से एक वायरल वीडियो में, कंगना को भाषण देते हुए देखा गया जब उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने प्रभाव और स्थिति की तुलना मेगास्टार अमिताभ बच्चन से की। साथ ही, कंगना ने इशारा किया कि पॉलिटिक्स में सफलता मिलने पर वो बॉलीवुड छोड़ सकती हैं।

मैं डेली लाइफ में मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हूं: प्रियंका चाहर

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने बताया कि वह केवल काम के वक्त ही मेकअप लगाती हैं, वरना वह अपने डेली लाइफ में पूरी तरह नेचुरल रहना पसंद करती हैं। प्रियंका ने बात करते हुए बताया, मैं हमेशा मेकअप में नहीं रहती। मैं मेकअप केवल तभी लगाती हूं जब मैं काम कर रही होती हूं।

एक्ट्रेस, जिन्होंने शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के रूप में सुर्खियां बटोरीं, ने खुलासा किया कि चाहे वह एयरपोर्ट हो या मॉल या मार्केट में, वह मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हैं। उनके पास एक ब्यूटी हैक है। उन्होंने आगे कहा, मैं बस एक काम करती हूं, मैं थोड़ी सी लिपस्टिक लगाती हूं। उस लिपस्टिक को मैं अपने गाल, माथे और पलकों पर भी लगा लेती हूं, यह ब्लश जैसा दिखता है। पूरा मेकअप ऐसे ही किया जाता है। अपनी ड्रेस चॉइस के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, आम तौर पर, मैं वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, जो मेरे लिए बहुत आरामदायक होते हैं। मुझे कुर्तियां भी बेहद पसंद हैं, वह भी बहुत आरामदायक हैं। आरामदायक कपड़े मेरा फैशन स्टेटमेंट हैं।

मन्नारा चोपड़ा का समर कलेक्शन बेहद सिंपल, कहा- भारतीय ड्रेस ज्यादा चुनती हूं

एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा अपने फैशन कलेक्शन को सिंपल रखना पसंद करती हैं। वह वेस्टर्न आउटफिट के बजाय भारतीय ड्रेस को ज्यादा चुनती हैं, क्योंकि यह उन्हें आरामदायक लगता है। इस बारे में मन्नारा ने बात करते हुए कहा, मैं भारतीय आउटफिट्स ज्यादा पसंद करती हूं, क्योंकि यह गर्मियों के लिए बहुत आरामदायक है। बस जींस और जूती के साथ एक सुंदर लखनवी कुर्ती पहनें। मुझे अपने इस लुक से प्यार है। मन्नारा को अपना फैशन स्टेटमेंट सिंपल और आरामदायक पसंद है। अपने फैशन को आसान, सिंपल और कूल रखें। इससे ज्यादा कुछ मत करो। बस इसे मिनिमल रखो। बिग बॉस के 17वें सीजन से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस ब्यूटी के लिए ज्यादा कुछ नहीं करती। ब्यूटी के लिए मैं सादा-सा रूटीन फॉलो करती हूं। बस एक बेसिक गुलाब फेस वॉश लगाती हूं और ऑथेंटिक क्रीम का इस्तेमाल करती हूं, जिसे मेरी मां और मेरी दादी भी इस्तेमाल करती हैं। बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में डिजाइनर संध्या शाह के लिए रनवे पर वॉक करने वाली एक्ट्रेस ने कहा, यह ऑयली क्रीम है, बस इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं, एसी चालू करें और सो जाएं, और फिर अगले दिन आप बिल्कुल तरोताजा हो जाएंगे। एक्ट्रेस ने बताया कि अगर वह बाहर जाती हैं, तो बालों का जूड़ा बना लेती हैं और ट्रैक पैंट और शर्ट पहनती हैं।

ईशा गुप्ता ने फिल्म जन्नत 2 के 12 साल पूरे होने का मनाया जश्न

निर्देशक कुणाल देशमुख की क्राइम थ्रिलर जन्नत 2 ने रविवार को हिंदी सिनेमा में अपने 12 साल पूरे कर लिए हैं। इसका जश्न मनाते हुए एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने एक वीडियो शेयर किया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के गाने तेरा दीदार हुआ का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके साथ एक्टर इमरान हाशमी नजर आ रहे हैं। ईशा ने इसे कैप्शन दिया-, जन्नत 2 को 12 साल पूरे हुए। 2012 में रिलीज हुई जन्नत 2 की कहानी सोनू नाम के एक शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अवैध हथियारों का कारोबार करता है, लेकिन, बाद में एसीपी प्रताप रघुवंशी के साथ जुड़ जाता है, जो इस आपराधिक गतिविधि को खत्म करने का इच्छुक है। इसमें रणदीप हुड्डा भी हैं। यह 2008 की फिल्म जन्नत की अगली कड़ी के रूप में काम करती है, जिसमें इमरान और सोनल चौहान ने अभिनय किया था। इसमें एक जुआरी की यात्रा को दर्शाया गया है, जो एक क्रिकेट सट्टेबाज में बदल जाता है।

- साभार एजेंसी

सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद

मुंबई, एजेंसी। आईपीएल 2024 का 55वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में मुंबई की टीम प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेगी जबकि हैदराबाद अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी।

मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्या और तिलक की 100+ रनों की साझेदारी की बदौलत मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

मुंबई की सात विकेट से जीत

मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की। आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है। मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरुआत हुई।

सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

Saudi Smash 2024

मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया। मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गई, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रविवार को रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह मंगलवार को अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।

यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि

भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की।

मैं अपने कोच अमन बाल्गु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने अगले मैच में इस जज्बे को बरकरार रखूंगी।

हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने अल्वारो रोबल्स और मारिया जिओ की स्पेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-2 (11-5, 5-11, 3-11, 11-7,11-7) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले चिली के निकोलस बर्गोस और पॉलिना वेगा की जोड़ी को 3-2 (11-7, 9-11, 11-4, 4-11, 11-5) से हराया था। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी ने मरियम और मारवा अल्होदाबी को 3-0 (11-7, 1-3, 11-4) से हराकर प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

बुमराह को आराम देने पर बोले कोच पोलार्ड

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है।

मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी। टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है।

मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटन चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है।

चैंपियंस ट्रॉफी :

टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा भारत?

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है और भारतीय टीम के इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर संशय है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस बारे में बयान दिया है। शुक्ला के अनुसार, अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने पर फैसला केंद्र सरकार की इजाजत पर निर्भर करेगा।

दोनों देशों के बीच नहीं खेली जाती है द्विपक्षीय सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। भारत और पाकिस्तान की टीमें आखिरी बार पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान भिड़ी थी जिसमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अगले महीने न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप के दौरान ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जाएगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से पहले कई कारकों पर चर्चा की जाती है जिसमें राजनयिक और सुरक्षा पहलू भी शामिल है। सुरक्षा मुद्दे और इतिहास को देखते हुए भारत का टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर कोई भी फैसला सावधानी से तथा अधिकारियों से चर्चा के बाद ही लिया जाएगा।

महिला टी-20 में भारत का बांग्लादेश पर जीत का चौका

- भारत ने मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता
- सीरीज में 4-0 की बढ़त

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत का चौका लगाया। चौथा टी-20 बारिश से बाधित रहा, जिस वजह से मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया। भारत ने यह मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में भारतीय महिला टीम ने 4-0 की बढ़त बना ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 6 विकेट पर 122 रन बनाए। उसकी ओर से प्लेयर ऑफ द मैच हरमनप्रीत ने 26 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 68/7 का स्कोर ही बना सकी।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर शेफाली वर्मा 4 स्कोर पर आउट हो गई। उन्होंने 4 गेंदों में केवल 2 रन ही बनाए। वहीं स्मृति मंधाना भी 18 गेंदों पर 22 रन बना कर लौट गई। वहीं हेमलता भी 14 गेंदों पर 22 रन बनाईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। हरमनप्रीत कौर ने 39 और ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई।

YASTIKA
11
INDIA

लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी बांग्लादेश की टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत काफी धीमी रही और टीम पावरप्ले के चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन ही बना सकी। टीम ने इस दौरान मुर्शीदा खातून (01) का विकेट गंवाया जिन्हें दीप्ति ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच कराया। दिलारा 25 गेंद में दो चौकों से 21 रन की धीमी पारी खेलने के बाद दीप्ति की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हो गईं। एक गेंद बाद रूबिया भी रन आउट हो गईं। शोभना ने कप्तान निगारा सुल्ताना (01) को एल्बीडब्ल्यू आउट किया जिससे चार गेंद के भीतर बांग्लादेश का स्कोर एक विकेट पर 38 रन से चार विकेट पर 39 रन हो गया।

बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 68 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने 2-2 विकेट लिए। वहीं पूजा और राधा यादव को 1-1 विकेट मिले।

टी-20 वर्ल्डकप

युगांडा ने अनोखे तरीके से टीम का किया एलान, 43 वर्षीय नसुबुगा को भी मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी। युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कई टीमों ने खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।

इस वैश्विक टूर्नामेंट में पहली बार 20 टीमें हिस्सा ले रही है और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी जिसमें से चार टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। हाल ही में भारत ने भी रोहित शर्मा की अगुआई में टीम घोषित की थी। हालांकि, पहली बार टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही युगांडा की टीम ने अनोखे अंदाज में टीम घोषित की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

न्यूजीलैंड ने भी टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित करते समय अनोखा प्रयोग किया था जिसमें उन्होंने दो बच्चों के द्वारा खिलाड़ियों की घोषणा की थी। अब युगांडा की टीम ने भी नया तरीका अपनाया जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। युगांडा ने एक वीडियो जारी कर टीम की घोषणा की जिसमें एक व्यक्ति बाजार, नाइट क्लब, जिम जा रहा है और हर जगह उसे एक खिलाड़ी के नाम का कार्ड दिया जा रहा है। वह व्यक्ति युगांडा क्रिकेट टीम की जर्सी पहना हुआ है। मालूम हो कि युगांडा ने पिछले साल नवंबर में रवांडा पर नौ विकेट से जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।

युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। ब्रायन मसाबा टीम के कप्तान होंगे, जबकि रियाजत अली शाह उपकप्तान होंगे।

युगांडा की टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ तीन जून को गुयाना में होने वाले मैच से करेगी। युगांडा की टीम ग्रुप-सी में शामिल है जिसमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज भी मौजूद हैं।

युगांडा की टीम इस प्रकार है...

ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उपकप्तान), केनेथ वायसवा, दिनेश नकरानी, फ्रैंक नसुबुगा, रौनक पटेल, रोजर मुकासा, कोसमस किवुता, बिलाल हासुन, फ्रेड एचेलम, रॉबिंसन ओबुया, सिमॉन सेसाजी, हेनरी सेंयोंडो, अल्पेश रामजानी, जुमा मियाजी।

रिजर्व: रोनाल्ड लुताया, इनोसेंट मवेबजे

अगर डेवोन कॉनवे उपलब्ध होते तो...

मजबूरी में आईपीएल 2024 खेल रहे हैं एमएस धोनी

नईदिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 के अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला के मैदान पर 16वें ओवर के आखिर में 122 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी तो हर किसी को उम्मीद थी कि आज एमएस धोनी को जल्दी बल्लेबाजी के लिए आना पड़ेगा और एक बड़ी और तेजतर्रार पारी उनके बल्ले से देखने को मिलेगी। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। उनसे पहले शार्दुल ठाकुर बल्लेबाजी के लिए आए और ऐसे में धोनी की आलोचना हुई कि अगर वे ऊपर बल्लेबाजी नहीं कर सकते तो उनको क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। हालांकि, सच्चाई कुछ और है। एमएस धोनी चोटिल हैं।

दरअसल, रिपोर्ट की मानें तो एमएस धोनी के पैर में चोट है। इस वजह से वे ज्यादा भाग-दौड़ नहीं कर सकते। यही वजह है कि एमएस धोनी आखिरी के एक या दो ओवर में बल्लेबाजी के लिए आते हैं। सीएसके के सूत्रों ने बताया है कि एमएस धोनी के पैर की एक मसल फटी हुई है, जिसके कारण वे तेज नहीं दौड़ सकते। सूत्र ने बताया है कि वे पूरा आईपीएल इस समस्या के साथ खेल रहे हैं। इसके पीछे की वजह एक और है कि टीम में कोई अन्य विकेटकीपर नहीं है।

डेवोन कॉनवे टीम का हिस्सा थे, लेकिन वे भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

संक्षिप्त समाचार

डीयू के मास्टर्स कोर्सों में दाखिले के लिए 25 तक आवेदन करें

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) इस साल 80 से अधिक मास्टर्स विषयों में दाखिला देने जा रहा है। दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई है। डीयू की ओर से सोमवार को आयोजित वेबिनार में डीयू की डीन एडमिशन प्रो.हनीत गांधी ने छात्रों से जानकारी साझा की। डीयू के यूट्यूब चैनल पर इस बारे में छात्रों ने सवाल भी किए। प्रो.हनीत गांधी ने बताया कि मास्टर्स के लिए छात्र अधिक से अधिक कोर्स और कॉलेज को प्राथमिकता दें। ज्ञात हो कि डीयू नॉर्थ और साउथ कैंपस के अलावा कुछ कॉलेजों में और ग्वायर हॉल में पीजी की डिग्री की पढ़ाई होती है। वेबिनार में बताया गया कि सीयूईटी देने के दौरान जिन अभ्यर्थियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय का विकल्प नहीं भरा है, वह भी डीयू की ओर से पीजी दाखिला प्रक्रिया के दूसरे चरण सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, लेकिन बिना सीयूईटी के पीजी में दाखिला नहीं हो सकता है। प्रो. गांधी ने स्पष्ट किया है कि छात्र सीयूईटी फार्म में जो जानकारियां भरी थी उसे ही वह सीएसएएस फार्म में भरें। गलत फार्म भरने पर वह मान्य नहीं होगा। नियमित कॉलेजों के साथ एनसीवेब की छात्राओं को दिल्ली का निवास प्रमाणपत्र देना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को जामिया मिलिया इस्लामिया से कहा कि वह अपनी आवासीय कोचिंग में ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को प्रवेश देने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर प्रतिनिधित्व के रूप में निर्णय लें। याचिकाकर्ता ने कहा कि आरसीए, जो कि सिविल सेवा के उम्मीदवारों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है, केवल महिलाओं और अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों को इसका लाभ दे रहे हैं। वहीं, मनमाने ढंग से अन्य वंचित श्रेणियों को इससे बाहर कर दिया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता कानून के छात्र सत्यम सिंह ने बिना किसी पूर्व प्रतिनिधित्व के सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाया। इस पर पीठ ने विश्वविद्यालय से जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दे को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानते हुए निर्णय लेने के लिए कहा। बेंच ने कहा कि जेएमआई को इसे एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने और कानून के अनुसार चार सप्ताह में निर्णय लेने के निर्देश के साथ वर्तमान रिट याचिका का निपटारा किया जा रहा है।

बैड कैरेक्टर घोषित किए जाने वाले मामले में अमानतुल्लाह खान को राहत

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस द्वारा बैड कैरेक्टर घोषित किए गए आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। दरअसल दिल्ली पुलिस ने अमानतुल्लाह खान की हिस्ट्री शीट को देखते हुए उन्हें बैड कैरेक्टर घोषित किया था। जिसके खिलाफ अमानतुल्लाह खान ने शीर्ष अदालत का रूख किया था। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिस्ट्री शीट सिर्फ पुलिस के अंदरुनी डॉक्यूमेंट हैं और इसे पब्लिक डोमेन में नहीं लाया जाना चाहिए। अमानतुल्लाह खान ने अपनी याचिका में कहा था कि उनके खिलाफ बनाई गई हिस्ट्री शीट में उनके नाबालिग बेटों क पहचान उजागर की गई है। अदालत में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जेव विश्वनाथन की खंडपीठ ने कहा, हिस्ट्री शीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज है और उसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। हम अथॉरिटी को यह सलाह देते हैं कि वो अपनी नीति में बदलाव लाएं और यह इस केस में भी लागू होगा। हम पुलिस कमिश्नर को भी सलाह देते हैं कि वो एक संयुक्त आयुक्त रैंक के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नियुक्त करें जो इस विषय पर देखेंगे। वो हिस्ट्री शीट, उसकी सामग्री को देखेंगे ताकि इसकी गोपनीयता बनाई रखी जा सके। इसके अलावा ऐसे व्यक्ति/नाबालिग जो जांच के बाद निर्दोष पाए जाते हैं उनके नाम इस शीट से हटाए जाएं।

1500 खरीदारों को नहीं दिया घर, बहन की आलीशान शादी में उड़ा दिए करोड़ों

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माहिरा होम्स समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर सिंह छोकर की पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभास मेहला की अदालत में पेश किया। अदालत ने उनकी रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। ईडी ने छोकर की नौ दिन की और रिमांड मांगी। ईडी ने कोर्ट को अवगत करवाया कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के करीब 1500 खरीदारों से वसूली गई करोड़ों की राशि का दुरुपयोग हुआ है। राशि से दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड में बेनामी संपत्ति, लग्जरी कार, गहने अर्जित किए गए हैं। करोड़ों रुपये खातों से नकद निकाले गए हैं। कोर्ट को यह भी बताया कि बहन की आलीशान शादी भी इस राशि से की। ईडी अब तक छोकर, सिकंदर सिंह और विकास के नाम पर 36.5 करोड़ की संपत्ति को इस मुकदमे के साथ जोड़ चुकी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पांच दिन के रिमांड के दौरान चार लोगों को सामने बैठाकर पूछताछ की गई थी। अब रिमांड के दौरान सात और लोगों से भी पूछताछ करनी है। जबकि प्रबंध निदेशक के वकील ने ईडी के रिमांड मांगने का विरोध किया और उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप गलत है। कोर्ट ने तमाम साक्ष्यों को देखते हुए ईडी को तीन दिन रिमांड की अवधि और बढ़ा दी। रिमांड के दौरान कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिए कि आरोपी को मेडिकल करवाना होगा। इसके अलावा रोजाना दोपहर को दो से तीन बजे के बीच उनके वकील उनसे मिल सकते हैं।

दिल्ली की कोर्ट से सिसोदिया को फिर लगा झटका, नहीं मिली राहत; 15 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई केस में आप नेता की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने मामले में आरोप तय करने पर आगे की बहस के लिए 15 मई की तारीख भी तय की है। इससे पहले कोर्ट ने 30 अप्रैल को सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तब उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। सिसोदिया एक साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। 28 अप्रैल को ट्रायल कोर्ट ने ईडी केस में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

ट्रायल कोर्ट ने आप नेता की याचिका ऐसे समय पर खारिज की है जब हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका के संबंध में जवाब देने के लिए हाल ही में सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस स्वर्णा कांति शर्मा की पीठ ने सीबीआई के साथ ही ईडी से भी जवाब मांगा है और मामले की सुनवाई 8 मई के लिए निर्धारित की है। कोर्ट ने हफ्ते में एक बार सिसोदिया को अपनी पत्नी से मिलने की भी अनुमति दी। हालांकि, यह निर्देश भी दिया कि हिरासत पैरोल की अनुमति वाला ट्रायल कोर्ट का आदेश जारी रहेगा। सिसोदिया ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 30 अप्रैल, 2024 के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जिसने दो मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह उन्हें जमानत देने का सही चरण (स्टेज) नहीं है। कोर्ट ने सिसोदिया की उस दलील को भी खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि मामले की कार्यवाही काफी धीमी गति से आगे बढ़ रही है। अदालत ने कहा कि वह इस स्टेज पर उन्हें नियमित या अंतरिम जमानत नहीं दे सकती।

कथित शराब घोटाले की वजह से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने एक और मुसीबत खड़ी हो गई है। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) जांच की सिफारिश कर दी है। यह केंद्रीय एजेंसी आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच करती है। एलजी को शिकायत मिली थी कि आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से फंडिंग ली। एक अप्रैल को आशू मोंगिया नाम के एक शख्स ने एलजी वीके सक्सेना को लेटर लिखकर जांच की मांग की थी। मोंगिया खुद को वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का महासचिव बताते हैं। कभी आम आदमी पार्टी के सदस्य रहे मुनीष रायजादा ने भी एलजी से जांच की मांग की थी। अब राजभवन ने गृहमंत्रालय को लेटर लिखकर जांच की सिफारिश कर दी है। मोंगिया का कहना है कि उन्होंने वॉट्सऐप पर एसएफजे के गुरपतवंत सिंह पन्नू का वीडियो देखा था जिसमें उसने दावा किया था कि केजरीवाल ने आतंकी भुल्लर को छोड़ने का वादा करते हुए 16 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। 21 मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पन्नू ने एक वीडियो जारी किया था। खालिस्तानी आतंकी ने इससे पहले भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। मोंगिया का कहना है कि वॉट्सऐप पर वीडियो देखने के बाद उन्होंने शिकायत करने का फैसला लिया। आम आदमी पार्टी का कहना है कि मोंगिया भाजपा नेता हैं। हालांकि, खुद मोंगिया इससे इनकार करते हुए खुद को हिंदू संगठन का नेता बताते हैं।

राजभवन की ओर से गृहमंत्रालय को भेजे गए लेटर में आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता मुनीश रायजादा का भी जिक्र किया गया है। अमेरिका के शिकागो में डॉक्टर रायजादा 2015 तक आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी थे। संगठन की गतिविधियों को लेकर एक वेबसाइट बनाने की वजह से पार्टी से उन्हें निकाल दिया गया था। पन्नू के वीडियो के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करके उन्होंने केजरीवाल पर कई आरोप लगाए थे। एलजी को केजरीवाल के खिलाफ शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव भी सौंपा गया है, जिसे अब जांच के लिए गृहमंत्रालय को भेजा गया है।

दरअसल, पन्नू ने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि आम आदमी पार्टी ने 2014 से 2022 के बीच उससे 16 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 134 करोड़) रुपए हासिल किए थे। पन्नू ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने आतंकी देवेंद्र पाल सिंह भुल्लर को जेल से रिहा करने का भरोसा दिया था, जिसे पूरा नहीं किया गया। वहीं, आम आदमी पार्टी ने एलजी की ओर से की गई जांच की सिफारिश को केजरीवाल के खिलाफ नई साजिश करार दिया है। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा दिल्ली में सभी सात सीटों पर हार रही है।

टिकट कटने का दुख लेकिन....मान गए कांग्रेस के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ? राज बब्बर को क्या दिया भरोसा

नईदिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर सोमवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को मनाने के लिए उनके कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। दावा है कि नाराज कैप्टन अजय यादव को मना लिया गया है और अब वह कांग्रेस के लिए प्रचार करते नजर आएंगे। राज बब्बर ने कैप्टन अजय सिंह यादव के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। हरियाणा की सबसे बड़ी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर तमाम कांग्रेसियों को एक जुट करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कैप्टन अजय यादव के कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में राज बब्बर पहुंचे। उन्होंने नाराज कैप्टन अजय यादव को मना लिया तो वहीं कप्तान अजय यादव को अपना समधी भी बताया। इस दौरान राज बब्बर ने जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो वहीं कैप्टन अजय सिंह यादव की तमाम नाराजगी को दूर किया। राज बब्बर ने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा सीट से राज बब्बर नहीं बल्कि कैप्टन अजय सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं और वह बड़े भाई के साथ-साथ समधि भी हैं। इस दौरान राज बब्बर ने राव इंद्रजीत सिंह पर निशाना साधा। राज बब्बर को भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव ने आश्वासन और भरोसा दिलाया कि वह उनके साथ है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि उन्हें अपने टिकट कटने का उन्हें दुख जरूर है, लेकिन अब आने वाले वक्त में कांग्रेस के लिए प्रचार करते हुए नजर आएंगे। एक बार फिर भाजपा और राव इंद्रजीत सिंह पर जमकर कैप्टन अजय सिंह यादव बरसते हुए नजर आए। एक तरफ बीजेपी और दूसरी तरफ तमाम राजनीतिक पार्टियां लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। कांग्रेसी उम्मीदवार के लिए सबसे बड़ी चुनौती रूठे हुए नेताओं को माननी है।

नोएडा यूनिवर्सिटी की पानी की टंकी में मिली महिला की लाश, पति और सास की तलाश में जुटी पुलिस

नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा के गौतम बुद्ध नगर यूनिवर्सिटी में मौजूद पानी की टंकी में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। यह शव स्टाफ क्वार्टर की बिल्डिंग की पानी की टंकी में मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच के मुताबिक महिला उसी बिल्डिंग में अपने पति और सास के साथ रहची थी। पुलिस को शक है कि इन्हीं दोनों ने महिला की हत्या की है और फिर यहां से फरार हो गए। महिला का पति पास में जिम्स अस्पताल में काम करता था। आसपास रहने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि पति पत्नी के बीच अक्सर किसी बात को लेकर झगड़ा होता था। रविवार रात को भी एक झगड़ा हुआ था। पुलिस को शक है कि इस झगड़े के दौरान पति ने महिला की हत्या की वारदात को अंजाम दिया होगा। पुलिस फिलहाल महिला के पति और सास की तलाश में जुटी हुई है। महिला के रिश्तेदारों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। बता दें, पानी की टंकी में शव मिलने के बाद थाना ईकोटेक 1 की टीम के साथ एसीपी, लॉ एंड ऑर्डर डीसीपी और एडिशनल डीसीपी मौके पर पहुंचे थे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू की थी।

6 दिन भी पुलिस को नहीं मिला सुराग, किडनैपर्स ने दूसरे दिन ही कारोबारी के बेटे को मार डाला था; पीएम रिपोर्ट से खुलासा

नईदिल्ली, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा में शिवा ढाबे के कारोबारी कृष्ण शर्मा के बेटे कुणाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक कुणाल की हत्या अपहरण से दूसरे दिन यानी कि करीब 24 घंटे बाद की गई थी। इससे साफ जाहिर होता है कि अपहरणकर्ताओं ने एक दिन कुणाल को अपने चंगुल में रखा। इस मामले में पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है। यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के म्याना गांव के रहने वाले कृष्ण शर्मा के बेटे कुणाल का एक मई की दोपहर करीब 2.17 बजे शिवा ढाबे से अपहरण किया गया था। इस घटना के करीब दो घंटे बाद कृष्ण शर्मा ने पुलिस को बेटे के अपहरण की सूचना दी, लेकिन पुलिस ने शुरुआत में घटना को हल्के में लिया। पुलिस ने सीसीटीवी में कुणाल को ले जाते हुए भी देखा, लेकिन पुलिस का बयान आया था कि कुणाल अपनी मर्जी से कार में बैठता दिखाई दिया है। पुलिस को नहीं लग रहा था कि उसका अपहरण हुआ है। इसकी वजह से पुलिस मामले में लापरवाही बरतती रही। जब घटना के पांचवें दिन कुणाल का शव बुलंदशहर की नहर में मिला तो पुलिस की नींद खुली। इसके बाद पुलिस ने भाग दौड़ शुरू की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बुलंदशहर में कुणाल के शव का पोस्टमार्टम हुआ। बुलंदशहर पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की वजह सिर और कंधे में चोट लगना आया है। हत्या के बाद शव को नहर में फेंका गया था। रविवार को हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि कुणाल की मौत दो से तीन दिन पहले हुई थी। इसका मतलब अपहरण की घटना के दूसरे दिन हत्या को अंजाम दिया गया। परिवार का कहना है कि पुलिस शुरुआत में तत्परता दिखाती तो आज उनका बेटा उनके पास होता। पुलिस की लापरवाही ने उनके बेटे की जान ली है। एसटीएफ की टीम को हत्याकांड के खुलासे के लिए लगाया है। परिवार के लोगों का पुलिस से भरोसा उठ गया है। परिवार अब एसटीएफ से उम्मीद लगा रहा है कि हत्यारोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा। परिवार, रिश्तेदार और ग्रामीणों में पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी है। सोमवार को सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व्यापारी के घर सांत्वना देने पहुंचे और हत्यारों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्रमुख सचिव गृह दीपक कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। सेक्टर बीटा दो कोतवाली पुलिस कुणाल की हत्या के बाद भी हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है। घटना को पांच दिन से अधिक का समय बीत गया है।

दिल्ली के रण में उतरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं मनोज तिवारी, दूसरे नंबर पर बिधूड़ी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में भोजपुरी गायक से नेता बने 53 साल के मनोज तिवारी सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 28.05 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वह गाने गाकर, अभिनय करके और एक सांसद के तौर पर ये आय अर्जित करते हैं। दूसरे नंबर पर दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 21.08 करोड़ रुपये है। 2022-23 के आयकर रिटर्न के अनुसार, 71 साल के बिधूड़ी की आय 14.93 लाख रुपये थी। तीसरे स्थान पर चुनावी मैदान में पश्चिमी दिल्ली से उतरे आप के उम्मीदवार महाबल मिश्रा (69) हैं। उनकी कुल संपत्ति 19.93 करोड़ रुपये है। चौथे नंबर पर दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज हैं। ऑक्सफोर्ड रिटर्न वकील (40) के पास 19 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है। इसके बाद आप से नाता तोड़कर बसपा का दामन थामने वाले राज कुमार आनंद का नंबर आता है। वे 17.87 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। नई दिल्ली सीट से पहली बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं बांसुरी स्वराज ने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास पास दो वाहन हैं, जिनमें 2023 में खरीदी गई हाई-एंड मर्सिडीज बेंज भी शामिल है। उनके पास हरियाणा के पलवल में संयुक्त संपत्ति का छठा हिस्सा है, जिसकी कीमत 99.34 लाख रुपये है और दिल्ली के पॉश इलाकों में तीन फ्लैट हैं - दो जंतर मंतर पर और एक हेली रोड पर स्थित हैं। अपने चुनावी हलफनामे में, स्वराज ने साल 2022-23 में दाखिल आयकर रिटर्न में अपनी आय 68.28 लाख रुपये बताई। दिल्ली की उत्तर पूर्व सीट से तिवारी के खिलाफ रण में उतरे कांग्रेस के कन्हैया कुमार की कुल संपत्ति 10.65 लाख रुपये है। उन्होंने जेएनयू से पीएचडी की है जो 2019 में पूरी हुई। वहीं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की कमलजीत सहरावत ने अपने चुनावी हलफनामे में 1.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 27.60 लाख रुपये की अचल संपत्ति घोषित की है। उनके पास हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला से कॉमर्स में मास्टर की डिग्री है।

सावधान ! पासपोर्ट की ये फर्जी वेबसाइट्स बढ़ा रहीं आवेदकों की परेशानी, ऐसे रहें सतर्क; विदेश मंत्रालय ने जारी की

नईदिल्ली, एजेंसी। पासपोर्ट जल्द बनवाने के चक्कर में आवेदक फर्जी वेबसाइट्स का शिकार हो रहे हैं। फर्जी बेवसाइट पर जल्द अपॉइंटनमेंट भी मिला रहे हैं और फीस की रसीद भी जारी हो रही है, लेकिन फार्म जमा नहीं हो रहा। हर माह बड़ी संख्या में आवेदक इन फर्जी वेबसाइट्स के शिकार हो रहे हैं। लोगों को इस फर्जीवाड़े से बचाने के लिए विदेश मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक साइट पर सभी फर्जी बेवसाइट की लिस्ट जारी की है।

पासपोर्ट जल्द बनवाने की आड़ में ठगी करने वाले गिरोह भी सक्रिय हैं। उन्होंने पासपोर्ट से मिलती-जुलती कई वेबसाइट्स बना रखी हैं। जागरूकता के अभाव में लोग इनमें से किसी भी एक का चयन कर आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। इस दौरान ठग आवेदकों से उनकी पूरी डिटेल ले लेते हैं। इसके साथ ही फर्जी तरीके से जल्द अपॉइंटमेंट दिखाकर और फीस ले लेते हैं। जब आवदेक इस अपॉइंटमेंट के शेड्यूल से अपना फार्म जमा करने पहुंचते हैं तब उन्हें ठगी का पता चलता है। कई वेबसाइट पर डिटेल लेकर पासपोर्ट की असली वेबसाइट पर जाकर आवेदन तो कर देते हैं, लेकिन पैसे ज्यादा वसूलते हैं।

गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से 13 जिलों के लोगों को पासपोर्ट बनाए जाते हैं। रोजाना दो हजार आवेदकों को फॉर्म जमा करने का मौक दिया जाता है। हर माह सैकड़ों की संख्या में आवेदक इन फर्जी वेबसाइट के झांसे में आ जाते हैं। विभाग की मूल वेबसाइट पर फर्जी वेबसाइट की सूची जारी की गई है। सामान्य श्रेणी में पासपोर्ट आवेदन की फीस 1,500 रुपये है। तत्काल के लिए 3,500 रुपये हैं, लेकिन तत्काल के लिए दो हजार रुपये फॉर्म जमा करते समय ही लिए जाते हैं। फर्जी वेबसाइटों पर तत्काल आवेदन कराकर 3,500 रुपये ले लिए जाते हैं। जब आवेदक फॉर्म जमा करने पहुंचता तो उसे पता चलता है कि जिस वेबसाइट से उसने अपॉइंटमेंट लिया था, उसने केवल 1,500 रुपये ही विभाग की मेन साइट पर जाम किए। दो हजार रुपये अपने खाते में ले लिए। उसके बाद आवेदक को मौके पर फिर से दो हजार रुपये जमा करने पड़ते हैं। एक बार दिए गए अपॉइंटमेंट पर यदि आवेदक नहीं जा पाया तो उसे अपॉइंटमेंट रीशेड्यूल कराने में परेशानी होती है। फर्जी वेबसाइट पर यह सेवा नहीं मिल पाती, क्योंकि आवेदक को पता नहीं चलता और फर्जी वेबसाइट वाले अपनी आईडी के जरिये साथ-साथ आवेदन करते हैं। कई बार रीशेड्यूल के नाम पर रुपये वसूलते हैं।

दिल्ली-एनसीआर में आसमान से बरस रही आग, पारा 40 डिग्री के पार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर के इलाके में तेजी से बढ़ती गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पारा और तेजी से चढ़ेगा। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम पारा 42 डिग्री पार हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, रात में आंधी आने की भी संभावना जताई गई है। बीते 3 दिन से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। दिल्ली में सोमवार को तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। सोमवार को सफदरजंग मौसम केन्द्र में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम पारा 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 59 से 23 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि मंगलवार को तापमान एक बार फिर बढ़ेगा और इसके 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि मंगलवार देर रात धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है और 45 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस सफदरजंग में इस साल का अब तक का सबसे अधिक तापमान था। आईएमडी का कहना है कि सप्ताह के शेष दिनों में अधिकतम तापमान 41 और 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहना चाहिए। आईएमडी के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली में सोमवार को दिन के दौरान तेज सतही हवाएं दर्ज की गईं, जिससे आसमान साफ होने के बावजूद पारा बहुत ऊपर नहीं चढ़ सका। यही कारण है कि हमने रविवार की तुलना में मामूली गिरावट देखी। मंगलवार को आसमान साफ रहेगा और इससे अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। सफदरजंग में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और शहर के अन्य हिस्सों में इससे भी अधिक हो सकता है। श्रीवास्तव ने कहा कि किसी स्टेशन पर मैदानी इलाकों में लू चलने के लिए अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होना चाहिए, साथ ही सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हीटवेव मानदंडों को पूरा करने के लिए एक स्टेशन को 45 डिग्री सेल्सियस को पार करना होगा। देश के अन्य हिस्सों में ऐसी स्थिति होने के बावजूद, दिल्ली में इस साल अब तक गर्मी की लहर दर्ज नहीं की गई है। नोएडा में अधिकतम तापमान 41.3 दर्ज किया गया नोएडा में भी लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से बेहाल दिखे। सोमवार को नोएडा का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले तीन डिग्री ज्यादा है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)